# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


लीपापोती भी, न परीक्षा रद्द की और न ही कापियों को दोबारा जांचा, सिर्फ पुनर्गणना कर जारी कर रहे परिणाम

संस्कृत बोर्ड की दसवीं-बारहवीं की परीक्षा में हुए घोटाले की जांच रिपोर्ट आने के बाद फैसला

### राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग भी पहुंचा मामला

इस मामले की शिकायत राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग में भी की गई है। आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने कहा है कि शिकायत प्राप्त हुई है। उसका अध्ययन किया जा रहा है। प्रार्थी ने मामले की जांच कराने का आग्रह किया है। श्री कानूनगो ने कहा कि वे जल्द इस मामले में निर्णय लेंगे।

हरिभूमि ने किया था घोटाले का खुलासा, परीक्षा रद्द करने के स्थान पर सिर्फ खानापूर्ति

# संस्कृत बोर्ड टॉपर्स कांड : इतिहास में पहली बार दोबारा जारी हो रहे नतीजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संस्कृत बोर्ड के परिणाम एक बार फिर से जारी किए जाएंगे। संस्कृत बोर्ड के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है जब दसवीं और बारहवीं के परिणाम दोबारा जारी किए जा रहे हैं। बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने के बाद भी केवल उत्तरपुस्तिकाओं की पुनर्गणना करके ही नतीजे घोषित किए जा रहे हैं। ना तो कॉपियों का मूल्यांकन दोबारा किया जा रहा है और ना ही परीक्षा प्रणाली की दोबारा जांच ही की जा रही है, जबकि टॉपर्स सहित कई छात्रों की उत्तरपुस्तिका में अलग-अलग तरह की कई लिखावट मिली थी। इस पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा रहस्यमयी चुप्पी साध ली गई है। हरिभूमि के पास टॉपर्स की उत्तरपुस्तिकाओं ▶▶| शेष पेज 4 पर




### केवल अंक बदले जाएंगे

छात्रों को उत्तरपुस्तिकाओं में जो अंक मिले थे और कंप्यूटर तथा नतीजों में जो अंक दर्ज थे, उनमें अंतर था। कई छात्रों की उत्तरपुस्तिका में प्राप्तांक 30-40 नंबर ही थे, जबकि उनकी अंकसूची में 80 से 90 ▶▶| शेष पेज 4 पर

### कड़ाई से पुनर्गणना

*10वीं-12वीं की उत्तरपुस्तिकाओं की कड़ाई से पुनर्गणना की गई है। परिणामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी।*

*-राकेश पांडेय*
*सचिव, संस्कृत बोर्ड, छग*

### मिलीभगत से हुआ है फर्जीवाड़ा

जांच टीम में शामिल एक सदस्य ने नाम उजागर ना करने की शर्त पर बताया कि संस्कृत बोर्ड के ऊपरी स्तर के भी कई व्यक्ति इसमें मिले हुए हैं। उनके संरक्षण में ही प्राचार्यों और अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने यह फर्जीवाड़ा किया है। टीम की ▶▶| शेष पेज 4 पर

हरिभूमि की दो खबरों का असर

हरिभूमि लगातार...

स्त्री रोग, नोडल अफसर नर्सिंग होम सहित पांच सदस्य शामिल

पखवाड़ेभर में देंगे अपनी रिपोर्ट, लापरवाही तो कड़ी कार्रवाई

# बेटे के बदले बेटी...सीएमएचओ ने बनाई जांच कमेटी, छह एक्सपर्ट देंगे 15 दिन में रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पहलाजानी टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर में कथित तौर पर बच्चा बदलने के मामले में हरिभूमि की खबर का बड़ा असर हुआ है। खबर प्रकाशित होने के बाद सीएमएचओ रायपुर ने इस मामले की जांच के लिए छह सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। कमेटी में शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ और नर्सिंग होम एक्ट के नोडल अफसर को शामिल किया गया है। कमेटी पखवाड़ेभर में अपनी जांच कर रिपोर्ट देगी, जिसके आधार पर ▶▶| शेष पेज 4 पर




### अस्पताल प्रबंधन कर रहा है इनकार

वहीं इस मामले में पहलाजानी टेस्ट ट्यूब सेंटर के संचालक बच्चा बदलने के आरोप को गलत बता रहे हैं। उनका कहना है कि ऐसा कुछ नहीं हुआ है।

### स्वास्थ्य मंत्री भी ले चुके संज्ञान

इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल प्रार्थी पक्ष के साथ न्याय करने की बात कह चुके हैं। इस बात की संभावना है कि उनके द्वारा भी मामले की जांच के लिए विभागीय स्तर पर निर्देश दिए जा सकते हैं। प्रकरण में कलेक्टर से भी शिकायत की गई है। इस मामले में बच्चा वापस पाने के लिए प्रार्थी अशोक सिंह द्वारा खम्हारडीह थाने में शिकायत की गई थी, जिस पर अब तक जांच जारी है।









पीएम मोदी ने रखा बिरला के नाम का प्रस्ताव, राजनाथ ने किया अनुमोदन

# बिरला फिर चुने गए स्पीकर, ध्वनिमत से फैसला, आसन तक लेकर गए मोदी-राहुल

लोकसभा अध्यक्ष के पद पर ओम बिरला को फिर से चुन लिया गया। बिरला सदन में अग्रिम पंक्ति में बैठे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिरला के पास जाकर उन्हें बधाई दी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिरला को बधाई दी और प्रधानमंत्री मोदी से भी हाथ मिलाया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू, बिरला को अध्यक्षीय आसन तक लेकर गए। इधर, आपातकाल के खिलाफ भाजपा के सांसदों ने संसद भवन के बाहर प्रदर्शन किया, वहीं सदन में आपातकाल पर प्रस्ताव रखे जाने के विरुद्ध विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा सांसद ओम बिरला बुधवार को 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। बिरला लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बने हैं। वे पिछली 17वीं लोकसभा के अध्यक्ष भी रहे हैं। इस अवसर पर प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने चुनाव प्रक्रिया का संचालन किया। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रस्ताव पेश किया, जिसका रक्षा मंत्री राज नाथ सिंह ने समर्थन किया। कई केंद्रीय मंत्रियों, पार्टियों के नेताओं और अन्य संसद सदस्यों ने भी श्री बिरला के पुनः चुनाव के लिए एक प्रस्ताव ▶▶| शेष पेज 4 पर

- 18वीं लोक सभा रचनात्मक चिंतन एवं नूतन विचारों की सभा हो : लोकसभा अध्यक्ष



### ध्वनिमत से प्रस्ताव पास नहीं हुई वोटिंग की मांग

दोनों प्रस्ताव आने के बाद ध्वनिमत से प्रस्ताव को पास कर दिया गया. पहले माना जा रहा था कि विपक्ष इस पर वोटिंग कराने की मांग करेगा, लेकिन विपक्ष ने ऐसी कोई मांग नहीं की। इसके बाद इस प्रस्ताव को पास मान लिया गया। ओम बिरला को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेता प्रतिपक्ष के साथ ही कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आसन तक लेकर गए।

### बिरला ने की आपातकाल की निंदा, बताया काला अध्याय

26 जून 1975 में लगे आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने सदन की तरफ से आपातकाल लगाने के निर्णय का उल्लेख किया। उन सभी लोगों के संकल्प शक्ति की सराहना की जिन्होंने आपातकाल का पुरजोर विरोध किया, संघर्ष किया और भारत के लोकतंत्र की रक्षा की।

### राहुल बोले- भारत के लोगों की आवाज उठाने का मिलेगा मौका

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिरला को बधाई देते हुए कहा, मैं आपके दूसरी बार अध्यक्ष चुने जाने पर आपको बधाई देना चाहता हूं। कांग्रेस नेता ने कहा, आशा है कि हमें अपनी आवाज उठाने, भारत के लोगों की आवाज उठाने का मौका मिलेगा। मैं पूरे विपक्ष की ओर से, 'इंडिया' गठबंधन की ओर से आपको बधाई देना चाहता हूं। गांधी ने कहा, अध्यक्ष महोदय, यह सदन भारत के लोगों की आवाज का प्रतिनिधित्व करता है और आप उस आवाज के संरक्षक हैं। निस्संदेह, सरकार के पास सत्ता की शक्ति है लेकिन विपक्ष भी भारत के लोगों की आवाज का प्रतिनिधित्व करता है।

युवती की हत्या

# सिरफिरे युवक ने चाकू से किए 11 वार, फिर गला रेता





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गौरेला

ममेरे भाई के साथ स्कूटी से जा रही युवती पर एक सिरफिरे युवक ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसका गला रेत दिया। युवती की मौके पर मौत हो गई। स्टेट बैंक मेन ब्रांच के सामने युवती खुद को बचाने की राहगीरों से गुहार लगाती रही। वारदात के बाद फरार आरोपी को 8 घंटे बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

मामला सुबह 10 बजे का है। झगराखांड अमहापारा वार्ड-2 निवासी युवती रंजना यादव अपने ममेरे भाई के साथ स्कूटी पर जा रही थी। युवती स्टेट बैंक मेन ब्रांच के सामने रूकी थी कि पीछे से युवक दुर्गेश प्रजापति आया। कुछ देर बात करने के बाद पास रखे चाकू से ▶▶| शेष पेज 4 पर

### युवती चिल्लाती रही और मूकदर्शक बने रहे लोग

युवक धारदार हथियार से युवती पर ताबड़तोड़ हमला करता रहा परंतु आसपास के राहगीरों एवं प्रत्यक्षदर्शियों ने किसी तरह का कोई विरोध नहीं किया। युवती बचाओ बचाओ चिल्लाती रही पर कोई भी उसकी मदद को नहीं आया। हत्यारे के फरार होने के बाद लोगों की भीड़ लग गई। मोबाइल से फोटोग्राफी का सिलसिला जारी रहा जब तक पुलिस ने नहीं खदेड़ा।

## खबर संक्षेप

### लालकृष्ण आडवाणी दिल्ली एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को बुधवार देर रात दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया। उनकी हालत स्थिर है और उन्हें निगरानी में रखा गया है। पूर्व उप प्रधानमंत्री को एम्स के पुराने निजी वार्ड में भर्ती कराया गया है और बताया जा रहा है कि यूरोलॉजी विभाग के चिकित्सक उनका उपचार कर रहे हैं।



### पूर्व विदेश सचिव मुचकुंद दुबे का निधन

**नई दिल्ली।** पूर्व विदेश सचिव मुचकुंद दुबे का बुधवार को यहां के एक अस्पताल में स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। उनके एक मित्र ने यह जानकारी दी। वह गत कुछ हफ्तों से बीमार चल रहे थे और इस महीने की शुरुआत में उन्हें दिल्ली के फोर्टिस (एस्कोर्ट) हार्ट अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



### दीवार ढही, परिवार के चार सदस्यों की मौत

**मंगलुरु।** कुट्टारू मदनीनगर गांव में एक घर पर पड़ोस के मकान की दीवार गिरने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। मंगलवार रात हुई भारी बारिश के कारण सुबह करीब साढ़े छह बजे एक मकान की दीवार ढह गई। जिस मकान पर दीवार गिरी वह यासिर का था। दीवार को लेकर यासिर और उसके पड़ोसी के बीच विवाद था। दीवार यासिर के घर के बेहद करीब बनी हुई थी।



### गो सेवकों की गिरफ्तारी का विरोध और तस्करों को दंड दिलाने सड़क पर उतरे हिंदू संगठन

*गिरफ्तारी देने साधु-संतों के साथ सैकड़ों की संख्या में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने थाना घेरा*




**रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र में तीन मवेशी कारोबारियों की मौत के मामले में गिरफ्तार गोसेवकों को निर्दोष बताते हुए बजरंग दल साधु-संतों के साथ बुधवार को सड़कों पर उतरा। लगातार हो रही मवेशी तस्करी और क्रूरता को लेकर उन्होंने बड़ा प्रदर्शन किया और सैकड़ों की संख्या में कोतवाली का घेराव करते हुए गिरफ्तारी देने ▶▶| शेष पेज 4 पर



अब तक 148 की गिरफ्तारी

# भीम आर्मी चीफ राजकुमार समेत तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार

बलौदाबाजार में धरना प्रदर्शन के दौरान 10 जून को आगजनी, पत्थरबाजी, पुलिस के साथ झूमाझटकी और तोड़फोड़ के मामले में शामिल भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष समेत तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रकरण में आज तक की स्थिति में कुल 148 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना में लोगों द्वारा ▶▶| शेष पेज 4 पर



### आरोपियों के नाम


- नरेंद्र डहरिया (35), ग्राम कारी थाना लवन
- राजकुमार जांगड़े (28), ग्राम बरभाठा थाना केडार जिला सारंगढ़
- राजकुमार (27), ग्राम चंदेरी थाना पथरिया जिला मुंगेली

सीनियर ने जूनियर छात्र से करवाई 300 उठक-बैठक

# रैगिंग से एमबीबीएस के छात्र की किडनी डैमेज!

एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान के डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस प्रथम वर्ष के एक छात्र से कथित तौर पर 'रैगिंग' का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार पिछले महीने एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के सात छात्रों द्वारा कथित तौर पर रैगिंग किए जाने के बाद पीड़ित के गुर्दे में संक्रमण हो गया और उसे चार बार 'डायलिसिस' करवाना पड़ा। कथित रैगिंग की यह घटना 15 मई को हुई जब वरिष्ठ छात्रों ने पीड़ित को कॉलेज के पास एक जगह पर 300 से अधिक उठक-बैठक करवाई, इससे ▶▶| शेष पेज 4 पर



### अस्पताल में भर्ती रहा छात्र

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित छात्र को इसके बाद अहमदाबाद में एक सप्ताह के लिए हॉस्पिटलाइज्ड होना पड़ा। इस दौरान चार बार उसे डायलिसिस से गुजरना पड़ा। हालांकि, अब छात्र की हालत स्थिर है और उसने 15 जून को फिर से कॉलेज ज्वाइन कर लिया।

### कॉलेज प्रिंसिपल ने आरोपी छात्रों पर दर्ज कराया मामला

इस मामले में कॉलेज के प्रिंसिपल ने आरोपी छात्रों के खिलाफ मंगलवार को एफआईआर दर्ज कराया। कॉलेज के एंटी रैगिंग कमेटी की जांच दोषी पाए जाने के बाद प्रिंसिपल ने सभी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। बताया जाता है कि पीड़ित ने पिछले साल सितंबर में कॉलेज में दाखिला लिया था।

### 7 छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

पुलिस के अनुसार सात छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, इनकी पहचान देवेंद्र मीणा, अंकित यादव, रवींद्र कुलड़िया, सुरजीत कुमार, विष्णेंद्र धायल, सिद्धार्थ परिहार और अमन रागेरा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इन छात्रों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है।




टाटा ग्रुप की किफायती एयरलाइन एयर इंडिया एक्सप्रेस ने दी गुड न्यूज

# 883 रुपए में हवाई सफर का मौका, टाटा का झमाझम ऑफर

*टाटा की किफायती एयरलाइन एयर इंडिया एक्सप्रेस ने हवाई सफर करने वाले यात्रियों को गुड न्यूज दी है। एयर इंडिया एक्सप्रेस की 'बिगेस्ट एयर स्प्लैश सेल' के तहत ग्राहक सस्ते में हवाई सफर कर सकते हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस की नई सेल के तहत कंपनी की वेबसाइट और एयर इंडिया एक्सप्रेस मोबाइल ऐप से छूट के साथ फ्लाइट बुकिंग की जा सकती है।*

नई सेल के तहत कंपनी की वेबसाइट और मोबाइल ऐप से बुकिंग पर मिलेगी छूट | 28 जून तक बुक होने वाले टिकट पर यात्रियों को 30 सितंबर तक करनी होगी यात्रा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एयर इंडिया द्वारा शेयर की गई जानकारी के मुताबिक, 28 जून तक बुक होने वाले टिकट पर यात्रियों को 30 सितंबर 2024 तक यात्रा करनी होगी। वेबसाइट और ऐप दोनों से बुकिंग करने पर ग्राहक एक्सप्रेस लाइट के तहत 883 रुपए की शुरुआती किराए पर टिकट खरीद सकते हैं। जबकि दूसरे बुकिंग चैनल के जरिए एक्सप्रेस वैल्यू किराया 1,096 रुपए से शुरू होता है।

### ऐसे मिलेगा स्पेशल डिस्काउंट

एयर इंडिया एक्सप्रेस की वेबसाइट के जरिए बुकिंग करने पर ग्राहकों को स्पेशल डिस्काउंट के साथ हाल ही में लॉन्च हुए जीरो चेक-इन बैगेज एक्सप्रेस लाइट किराया का एक्सक्लूसिव एक्सेस मिलेगा। एक्सप्रेस लाइट के साथ ग्राहक बिना किसी फीस के अतिरिक्त 3 किलो केबिन बैगेज का फायदा भी ले सकते हैं। वहीं घरेलू फ्लाइट में 15किलो चेक-इन बैगेज को 1000 रुपए और इंटरनेशनल फ्लाइट में 20किलो बैगेज को 1300 रुपए में ले जा सकते हैं।



### लॉयल्टी मेंबर्स को एक्सक्लूसिव डिस्काउंट

एयर इंडिया एक्सप्रेस लॉयल्टी मेंबर्स को एयरलाइन की वेबसाइट पर 100-400 रुपये का एक्सक्लूसिव डिस्काउंट, 8 प्रतिशत तक न्यूक्वाइंस जैसे बेनिफिट मिलते हैं। इसके अलावा बिजनेस और प्राइम सीट पर 50 प्रतिशत छूट जैसे शानदार ऑफर्स भी मिलते हैं। कंपनी का कहना है कि लॉयल्टी मेंबर्स के अलावा छात्र, सीनियर सिटीजन, एसएमईएस, डॉक्टर और नर्स व सैना के जवान और उनके डिपेंडेंट खंपनी की वेबसाइट और ऐप से स्पेशल डिस्काउंट पर टिकट बुक कर सकते हैं।

### एयर इंडिया की सब्सिडियरी कंपनी

*एयर इंडिया एक्सप्रेस की बात करें तो यह टाटा की एयरलाइन एयर इंडिया की सब्सिडियरी कंपनी है। यह किफायती एयरलाइन दिनभर में 380 फ्लाइट ऑपरेट करती हैं। कंपनी फिलहाल 31 घरेलू और 14 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर अपनी उड़ाने ऑपरेट कर रही है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के बेड़े में फिलहाल 75 एयरक्राफ्ट हैं जिनमें 47 बोइंग 737एस और 28 एयरबस ए320एस हैं।*

## खबर संक्षेप

### डिप्टी स्पीकर पद विपक्ष को दिया जाए : पायलट



**नईदिल्ली।** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने डिप्टी स्पीकर पद विपक्ष को देने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस मामले में सरकार का रवैया ठीक नहीं रहा है और परंपरा के खिलाफ है। पायलट ने कहा, "अगर स्पीकर बिना सहमति से और बिना चुनाव के चुना जाता है तो डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को दिया जाता है। जब यूपीए की सरकार थी तब डिप्टी स्पीकर विपक्ष का था। मुझे पता नहीं है कि इसमें अंतिम निर्णय क्या लिया गया है लेकिन स्वस्थ परंपरा यही रही है।" पायलट ने कहा, "यह (एनडीए सरकार) एक मिली-जुली सरकार है और किसी भी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिला है।

### सबसे ताकतवर सैन्य संगठन नाटो के चीफ बनेंगे मार्क रूट



**लंदन।** नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रूट दुनिया के सबसे बड़े सैन्य संगठन नाटो के सेक्रेटरी जनरल होंगे। सेक्रेटरी जनरल की दौड़ में उनका मुकाबला रोमानिया के पीएम क्लोस लोहनिस से था। हालांकि पिछले ही हफ्ते उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया था। जिसके बाद मार्क रूट के सेक्रेटरी जनरल बनने का रास्ता साफ हो गया। मार्क रूट का प्रधानमंत्री के तौर पर कार्यकाल जल्द ही समाप्त होने वाला है। वे ऐसे समय में नाटो के सेकेट्री जनरल बनने जा रहे हैं, जब इस संगठन के सामने रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी एक बड़ी चुनौती मौजूद है।

### अमेरिका में भारतवंशी कपल को 11 साल जेल

**न्यूयार्क।** अमेरिका में एक भारतवंशी जोड़े ने अपने एक रिश्तेदार को स्कूल में पढ़ाने के बहाने अमेरिका लाकर 3 साल तक उससे जबरदस्ती पेट्रोल पंप और जनरल स्टोर पर काम कराया। अमेरिका की कोर्ट ने इस कपल को 11.25 साल (135 महीने) तक की जेल की सजा सुनाई है। 31 साल के भारतीय अमेरिकी नागरिक हरमनप्रीत सिंह और उनकी 43 साल की पत्नी कुलबीर कौर को पीड़ित व्यक्ति को 1.87 करोड़ रुपए का हर्जाना देने का भी आदेश दिया है। हरमनप्रीत और कुलबीर का अब तलाक हो चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों आरोपी अपने रिश्तेदार को झूठा वादा करके अमेरिका लेकर आए।

स्पीकर चुनाव हारकर भी इंडिया ब्लॉक ने हासिल की कई उपलब्धि

# संविधान बचाने का नैरेटिव, दलित हित का एजेंडा... विपक्ष का मजबूत संदेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

18वीं लोकसभा के लिए ओम बिरला एक बार फिर से स्पीकर चुन लिए गए हैं। ओम बिरला को ध्वनिमत से स्पीकर चुना गया हैं। लोकसभा स्पीकर की इस रेस में विपक्ष की ओर से कांग्रेस सांसद के. सुरेश उम्मीदवार थे। ध्वनिमत के बाद प्रोटेम स्पीकर ने जब स्पीकर पद के लिए ओम बिरला के नाम की घोषणा की तो विपक्ष ने मत विभाजन की मांग नहीं की इस तरह से संख्याबल के अनुरुप ही इंडिया ब्लॉक स्पीकर पद की रेस हार गया। लेकिन इस हार के बावजूद विपक्ष ने ये संदेश दे दिया है कि 2024-29 की पारी 2014-24 जैसी नहीं होने वाली हैं। लोकसभा स्पीकर का चुनाव हारने के बावजूद इंडिया ब्लॉक देश में ये नैरेटिव स्थापित करने में सफल रहा कि आने वाले दिनों में सरकार एकतरफा फैसले नहीं ले सकेगी और उसे कदम-कदम पर विपक्ष की संविधान सम्मत चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आइए समझते हैं कि लोकसभा स्पीकर चुनाव हारकर भी इंडिया ब्लॉक ने क्या क्या हासिल किया।



### फिर से सेट किया दलित हित का एजेंडा

लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने दलितों के हित के मुद्दे को खूब भुनाया था। स्पीकर चुनाव के बहाने कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक ने एक बार फिर से इस नैरेटिव को हवा दी और ये संदेश देने की कोशिश की कि इंडिया ब्लॉक दलितों की हितैषी हैं। बता दें कि इंडिया ब्लॉक ने लोकसभा स्पीकर के पद के लिए कांग्रेस के अनुभवी सांसद कोडिकुन्निल सुरेश को उतारा था। के. सुरेश दलित समुदाय से आते हैं। वे 'चेरामार' समुदाय से हैं, जो अनुसूचित जाति में आती हैं। अपने कैंडिडेट की हार जानने के बावजूद उन्हें स्पीकर पद के लिए उतारकर कांग्रेस ने साफ संदेश दिया कि वो दलित हित की सबसे बड़ी पैरोकार हैं।

### संविधान की रक्षा करने का नैरेटिव

स्पीकर चुनाव के जरिये इंडिया ब्लॉक ने एक और मैसेज देने की कोशिश की हैं। ये मैसेज है संवैधानिक प्रथाओं की रक्षा करने का। जब स्पीकर चुनाव की बात आती है तो प्रथा ये रही है कि स्पीकर सत्ता पक्ष का होगा और डिप्टी स्पीकर विपक्ष की ओर से कोई सांसद बनेगा। इस बार जब सत्ता पक्ष विपक्ष को डिप्टी स्पीकर का पद देने के लिए राजी नहीं हुआ तो इंडिया ब्लॉक ने कहा कि सरकार सालों से चली आ रही थी प्रथा को भी नहीं मानती है इसलिए वे स्पीकर पद के लिए चुनाव लड़ेंगे ताकि संवैधानिक मूल्यों की रक्षा हो सके।

### विपक्ष के तेवर का ट्रेलर

लोकसभा स्पीकर का चुनाव हारकर भी इंडिया ब्लॉक ने स्पष्ट कर दिया है कि इस बार एक ताकतवर विपक्ष के रूप में वो सत्ता पक्ष के साथ मुद्दों पर कोई समझौता नहीं करने वाला हैं। राहुल गांधी और अखिलेश ने स्पीकर ओम बिरला को बधाई देते हुए अपना रुख भी स्पष्ट कर दिया और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि स्पीकर विपक्ष को भी उचित मौका देंगे. राहुल ने कहा कि सरकार के पास पॉलिटिकल पावर ज्यादा है लेकिन विपक्ष भी भारत का प्रतिनिधित्व करता हैं। हमें भरोसा है कि आप हमारी आवाज हमें उठाने देंगे। अखिलेश ने तो यहां तक कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सांसदों का निष्कासन जैसी नौबत नहीं आएगी।

### भाजपा का तेवर, छवि से कोई समझौता नहीं

इंडिया ब्लॉक के बाद अगर एनडीए/भाजपा की चर्चा करें तो स्पीकर पद पर अपने पसंदीदा उम्मीदवार को जीताकर मोदी-शाह और नड्डा की तिकड़ी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सरकार की सीटें भले ही कम हो गई है लेकिन तेवर और छवि के समझौता नहीं किया जाएगा।

राष्ट्रपति मुर्मू को कर दी गई शिकायत

# 'जय फिलिस्तीन' का नारा ओवैसी की जाएगी सदस्यता ?



**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा की शुरुआत हो चुकी है, उम्मीद के मुताबिक थोड़ा बवाल भी देखने को मिला है। एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने जब संसद में शपथ ली, उनकी तरफ से 'जय फिलिस्तीन' का नारा लगा दिया गया। उस नारे की वजह से काफी विवाद बढ़ चुका है, कहा जा रहा है कि उन्होंने देश की संसद में एक विदेशी समस्या के प्रति अपना समर्थन जारी किया है। इसे नियम के विरोध भी बताया गया है।

### शिकायत में क्या कहा गया?

अब इसी कड़ी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास शिकायत पहुंच गई है, यह कंम्पलेन एडवोकेट विष्णु शंकर जैन द्वारा की गई है। एक्स पर लिखी पोस्ट में जैन ने कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 102 और 103 के संदर्भ में ओवैसी के खिलाफ एक शिकायत दर्ज करवाई गई है। मांग की गई है कि उन्हें संसद के सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया जाए। उनका तर्क रहा है कि ओवैसी ने एक विदेशी देश और उनके मुद्दे के प्रति अपनी निष्ठा जाहिर की है, इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

### ओवैसी बयान पर कायम

*वैसे बड़ी बात यह है कि संसद के रिकॉर्ड से भी इस नारे को हटा दिया गया है, बीजेपी ने तो माफी की मांग भी कर दी है। लेकिन ओवैसी अपने बयान पर पूरी मजबूती के साथ कायम हैं। उनकी तरफ से जोर देकर कहा गया है कि जय फिलिस्तीन का नारा लगाना किस तरह से संविधान के खिलाफ हो सकता है, कौन से प्रावधान में इस बात का जिक्र है। वैसे यह कोई पहली बार नहीं है जब ओवैसी अपने बयान की वजह से विवाद में फंसे हों। उनकी तरफ से कई मौकों पर ऐसे बयान दिए जा चुके हैं, उनकी विचारधारा को हर बार बीजेपी ने देश विरोधी करार दिया है।*

अकाली दल का मोदी सरकार पर बड़ा आरोप

# 'बीजेपी ने हमारे पांच लोग तोड़े, महाराष्ट्र जैसा ही रचा षड्यंत्र'




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शिरोमणि अकाली दल ने भाजपा पर अपने लोगों को तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी ने जो महाराष्ट्र में किया, वही वो पंजाब में साजिश रचने की कोशिश कर रही है, लेकिन केंद्र सरकार अपने इस मंसूबे में कामयाब नहीं होगी। कौर ने कहा कि बीजेपी ने 117 में से पांच लोग तोड़े हैं। भाजपा के कुछ पिट्ठु शिरोमणि अकाली दल को तोड़ने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। जो बीजेपी ने जो महाराष्ट्र में किया, वही वो पंजाब में करने जा रही है। लेकिन पूरी पार्टी सुखवीर सिंह बादल के साथ मजबूती से खड़ी है। लेकिन बीजेपी अपनी इस साजिश में पूरी तरह से नाकाम होगी। कौर ने कहा कि 117 नेताओं में से केवल 5 नेता सुखबीर बादल के खिलाफ हैं, जबकि 112 नेता पार्टी और सुखबीर बादल के साथ खड़े हैं।

### भाजपा के पिट्ठू

अकाली दल की सांसद ने उन पांच लोगों के बारे में भी बताया, जो सुखबीर सिंह बादल के खिलाफ है और बीजेपी के साथ हैं या फिर उनके संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि जो पांच लोग हैं, उनमें से एक ने बीजेपी का कैंडिडेट बनकर लोकसभा चुनाव लड़ा। दूसरे को भी बीजेपी ने चुनाव लड़वाया था, जो तीसरे हैं उनके भाई बीजेपी के साथ हैं और जो चौथे हैं वो बीजेपी के साथ ज्वाइन करने के लिए अंदर-बाहर होते रहे। उन्होंने कहा कि यह सभी बीजेपी के पिट्ठू हैं, जो यह कर रहे हैं। जबकि पंजाब इसको भलीभांति जानता है।

### लंदन में 17 घंटे एयरपोर्ट पर फंसी रहीं अदिति राव




**लंदन।** अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने हीथ्रो एयरपोर्ट और ब्रिटिश एयरवेज के खिलाफ एक्स पर अपनी शिकायत लिखी। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि अभिनेत्री को और अन्य यात्रियों को उनके सामान के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। एयरलाइन द्वारा जल्द से जल्द समाधान का वादा करने के बावजूद अभिनेत्री को 17 घंटे बाद भी अपने लगेज के लिए इंतजार करना पड़ा। हीथ्रो एयरपोर्ट और ब्रिटिश एयरवेज को निशाने पर लेते हुए अदिति ने एक्स पर लिखा, "मुंबई से फ्लाइट दोपहर 2:15 बजे लंदन में उतरी। अभी शाम के 6:02 बज रहे हैं।

सना मकबूल ने मेकर्स से कहा- भूखा रहना कॉन्ट्रैक्ट में नहीं था

# 'बिग बॉस' में नहीं मिल रहा खाना! मेंबर ने दी लीगल एक्शन की धमकी

*विवादों में घिरा बिग बॉस ओटीटी 3*

एजेंसी ▶▶| मुंबई




बिग बॉस ओटीटी 3' को शुरू हुए एक हफ्ता भी नहीं हुआ है और ये शो नए-नए कारणों से खबरों में बना हुआ है। अब जो बात सामने आई है वो ये कि कंटेस्टेंट को घर में खाना नहीं मिल रहा है, जिससे वह मेकर्स से काफी नाराज हैं। सना मकबूल ने मेकर्स को लीगल एक्शन लेने की धमकी तक दे डाली है। शो के कंटेस्टेंट्स को 24 घंटे तक बिना कुछ खाए रहना पड़ा है, जिससे वह सब काफी परेशान हो गए। बिग बॉस के मेकर्स ने जो राशन भेजा था वो कंटेस्टेंट ने दो दिन में ही खत्म कर दिया है, जिसके बाद घरवालों के बीच खाने को लेकर बहस भी देखने को मिली। पिछले तीन दिनों में घर में खाने की कमी देखी गई, जिसके बाद घरवालों को 24 घंटों तक केवल फलों और उबले पानी पर रहना पड़ा। इससे न सिर्फ घर के अंदर झगड़े हुए बल्कि बिग बॉस को एक्ट्रेस सना मकबूल ने कानूनी कार्रवाई की धमकी तक दे डाली।

### मंगलवार को हंगामा

मंगलवार की सुबह सारे बिग बॉस से खाने के लिए राशन मांगते दिखे। लिविंग रूम में बैठकर वह लोग दो चम्मच मोरिंगा वॉटर पीते दिखे और फिर सना मकबूल ने अपना आपा खो दिया और निर्माताओं को धमकी दी। सना ने कहा कि भूखे रहना उनके कॉन्ट्रैक्ट में नहीं था और अगर ऐसा होगा तो वह मेकर्स के खिलाफ लीगल एक्शन लेंगे। वड़ा पाव गर्ल चंद्रिका दीक्षित भी सना की बातों से सहमत नजर आईं।

### बिग बॉस ने भी की आलोचना

इधर, बिग बॉस ने भी घरवालों की आलोचना की और बताया कि कैसे उन्होंने खाना बर्बाद किया। इसके लिए उन्होंने रसोई चलाने में पायल, कृतिका और चंद्रिका पर भी सवाल उठाए। बता दें कि इससे पहले नीरज गोयत ने बिग बॉस पर राशन की जगह सिगरेट भेजने का आरोप लगाया था। उनका कहना था कि बिग बॉस राशन नहीं भेज रहे, लेकिन घरवालों को सिगरेट सप्लाई कर रहे हैं। उन्होंने केले, दूध, ब्रेड और पीनट बटर मांगा था।



रायपुर, गुरुवार 27 जून 2024 | आषाढ़ कृष्ण पक्ष षष्ठी | वर्ष : 22, अंक: 339 | पृष्ठ : 12+4+4 =20 , मूल्य: 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | समाचार ही नहीं, विचार भी





## 20 बरस बाद खुले बंद स्कूल के दरवाजे नक्सल खौफ अब नहीं, बजी शिक्षा की घंटी

- सलवा जुड़म के बाद नक्सलियों के भय से बंद थे सभी स्कूल
- कावड़गांव में मृतक स्तंभों में मारे गए नक्सलियों के नाम, उसी के सामने खुली स्कूल

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

*नक्सल प्रभावित मुदवेंडी, हिरोली, कावड़गांव, पुसनार में दो दशक के बाद बजी स्कूल की घंटी*

हरिभूमि खास

बीजापुर के नक्सल प्रभावित मुदवेंडी, हिरोली, कावड़गांव व पुसनार समेत दर्जन भर से अधिक गावों में दो दशक बाद बुधवार को स्कूल की घंटी बजी। इससे पूर्व सलवा जुड़म के समय से स्कूलों में ताला लग गया था, तब बच्चों ने पढ़ाई छोड़ दी थी। इस सत्र में इन चारों स्थानों पर स्कूल के ▶▶|शेष पेज 4 पर



### स्कूल के लिए स्वयं झोपड़ी तैयार कर रहे हैं ग्रामीण

विश्वास बहाली के मुहिम के बीच अब माओवाद प्रभावित इलाकों का माहौल तेजी से बदलता दिख रहा है। ग्रामीण स्कूल के लिए स्वयं झोपड़ी तैयार कर रहे हैं, ताकि शिक्षा के मंदिर में उनके बच्चों का भविष्य संवर सके। यहां जिला प्रशासन आवश्यक बुनियादी जरूरतों के अलावा गांव के ही शिक्षित बेरोजगारों को शिक्षादूत की जिम्मेदारी देकर निश्चित मानदेय मुहैया करा रही है।

### स्कूल वेंडे वर्राट पंडुम अभियान से 23 बंद और 32 नए स्कूल की हुई शुरुआत

*जिला प्रशासन की मुहिम स्कूल वेंडे वर्राट पंडुम का व्यापक प्रभाव माओवाद प्रभावित इलाकों में देखने को मिल रहा है। जिला प्रशासन की पहल पर गांव-गांव में सकारात्मक साबित हो रही है। यही वजह है कि नये शिक्षा सत्र में 23 बंद स्कूल और 32* ▶▶|शेष पेज 4 पर

### कावड़गांव में जहां नक्सलियों का स्तंभ वहीं खुला स्कूल

*बीजापुर के कावड़गांव में जिस जगह दो दशक के बाद स्कूल खोला गया है, इसके ठीक सामने मृतक स्तंभ बना हुआ है। जिसमें नक्सलियों द्वारा मुठभेड़ में मारे गए साथियों के नाम अंकित* ▶▶|शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बारिश से तीन राज्यों में 10 की मौत



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में मंगलवार-बुधवार की रात मानसून की एंट्री हो गई। यूपी के देवरिया और लखीमपुर में बिजली गिरने से 3 बच्चों की मौत हो गई। राजस्थान में 2 और बिहार में 5 लोगों ने जान गंवाईं। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए 21 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

### रेवन्ना को अदालत से मिला एक और झटका



**बेंगलुरु।** कर्नाटक की हासन सीट से पूर्व सांसद रहे प्रज्वल रेवन्ना की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब बंगलूरू की अदालत ने प्रज्वल की जमानत याचिका खारिज कर दी है। प्रज्वल पर कई महिलाओं के यौन शोषण और दुष्कर्म का आरोप है।

### डोडा में अब तक तीन आतंकियों का खात्मा



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा में सुरक्षाबलों और दहशतगर्दों के बीच मुठभेड़ हुई। एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकी मार गिराए। एक और आतंकवादी की तलाश जारी रही। सूत्रों के अनुसार डोडा जिले में पहाड़ी की चोटी पर कुल 4 आतंकवादी छिपे हुए थे।

## ईडी के बाद केजरीवाल पर सीबीआई ने कसा शिकंजा, तीन दिन की रिमांड

*शराब घोटाला मामले में केजरीवाल को तगड़ा झटका*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत ने सीबीआई की अर्जी पर यह आदेश पारित किया। जांच एजेंसी ने अदालत से अनुमति मिलने के बाद बुधवार को केजरीवाल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया। आप के राष्ट्रीय संयोजक आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में जेल में बंद हैं, जिसकी जांच ईडी कर रहा है। न्यायाधीश ने कहा, सीबीआई का अनुरोध तीन दिन के लिए स्वीकार किया जाता है।

केजरीवाल की हिरासत की मांग करते हुए सीबीआई ने अदालत से कहा कि मामले में बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए उनसे पूछताछ की जरूरत है। उसने यह भी कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री का मामले में मौजूद सबूतों और अन्य आरोपियों से आमना-सामना कराया जाना जरूरी है। संघीय एजेंसियों ने पहले दावा किया था कि आबकारी नीति को तैयार करने के संबंध में मुख्यमंत्री शामिल थे।

*दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में केजरीवाल को तगड़ा झटका लगा है। राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत ने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तीन दिन की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया। इधर, सीबीआई ने साजिश का पता लगाने पूछताछ को जरूरी बताया, वहीं केजरीवाल के वकील ने इसे द्वेषपूर्ण कहा।*

**सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका की सुनवाई से पहले ही नया मोड़**

**घर का खाना खा सकेंगे आधे घंटे कर सकेंगे मुलाकात**

**न्यायिक हिरासत में थे केजरीवाल**

दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल पहले से ही न्यायिक हिरासत में थे और वह तिहाड़ जेल में बंद थे। बीते दिन सीबीआई की एक टीम ने जेल में उनसे पूछताछ की थी। इस बीच आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया था कि केंद्र की सरकार केजरीवाल के खिलाफ साजिश रच रही है।



### बेवजह द्वेषपूर्ण आरोप लगाए जा रहे

*केजरीवाल के वकील ने सीबीआई की हिरासत लेने की अर्जी को संदिग्ध करार दिया। उन्होंने कहा कि बेवजह द्वेषपूर्ण आरोप लगाए जा रहे हैं। यह शक्ति के दुरुपयोग है। इससे पहले, केजरीवाल ने विशेष अदालत की ओर से 20 जून को दी गई जमानत के आदेश पर दिल्ली हाईकोर्ट की 21 जून के अंतरिम रोक के आदेश को चुनौती देने वाली अपनी याचिका सुप्रीम कोर्ट में वापस ले ली।*

### सीबीआई ने कहा- पूछताछ जरूरी

सीबीआई ने केजरीवाल की हिरासत मांग वाली अर्जी में कहा कि मामले में साजिश का पता लगाने के लिए अरविंद केजरीवाल से पूछताछ जरूरी है। इस मामले में केजरीवाल का सबूतों और मामले के अन्य आरोपियों से आमना-सामना कराए जाने की जरूरत है। सुनवाई के दौरान अदालत ने सीबीआई से यह भी पूछ लिया कि केजरीवाल को अब गिरफ्तार क्यों किया जा रहा है। इस पर सीबीआई के वकील ने कहा कि एजेंसी ने चुनाव के दौरान ऐसा करने से परहेज किया।

### तानाशाही और आपातकाल के समान

केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने आरोप लगाया कि पूरा तंत्र यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि उनके पति जेल से बाहर न आ सकें। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सब तानाशाही और आपातकाल के समान है। आप ने भाजपा पर केजरीवाल को सीबीआई द्वारा फर्जी मामले में गिरफ्तार कराए जाने का आरोप लगाया। 'एक्स' पर एक पोस्ट में सुनीता ने कहा कि उनके पति को जमानत मिल गई थी, लेकिन ईडी ने तुरंत उस पर स्थगन ले लिया।

**10 हजार लेते पकड़े गए आरोपी**

## थाने से एसीबी ने एएसआई समेत दो को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/महंगई

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रामानुजनगर थाने में कार्रवाई करते हुए एक एएसआई को दस हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। एसीबी की टीम ने एएसआई और उसके सहयोगी को थाने के अंदर से गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिसकर्मी मारपीट के मामले में धारा 307 जोड़ने के एवज में 30 ▶▶|शेष पेज 4 पर

### एसीबी टीम ने 10 हजार लेकर भेजा

एसीबी की टीम ने 10 हजार रुपए लेकर शिवमंगल सिंह को थाने में एएसआई माधव सिंह के पास भेजा। जब शिवमंगल सिंह ने 10 हजार रुपए नकद निकाला तो एएसआई माधव सिंह ने थाने में मौजूद अपने सहयोगी मोहमुद्दीन के माध्यम से दस हजार रुपए की रिश्वत ली। थाने में मौजूद एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते हुए एएसआई माधव सिंह व सहयोगी मोहमुद्दीन को रंगे हाथों पकड़ लिया।

### जांच के बाद की गई कार्रवाई

*शिकायत मिलने के बाद डीएसपी प्रमोद खेस के नेतृत्व में एसीबी की टीम ने शिकायत की जांच कराई। जांच के दौरान एएसआई और ग्रामीण शिवमंगल सिंह के बीच दस हजार रुपए में सौदा तय हुआ।*

## रिम्स के डॉक्टरों की कार भिड़ी, दो की मौत, दो घायल

**घटना मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के जिंदल चौक के पास नया रायपुर जाने वाले मार्ग की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/आरंग

मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के भीषण सड़क हादसे में रिम्स के दो डॉक्टरों की मौके पर ही मौत हो गई और दो डॉक्टर घायल हो गए। हादसा इतना जबरदस्त था कि दोनों कार के परखच्चे उड़ गए। बताया जा रहा है, मृत तथा घायल डॉक्टर सुबह छह बजे ड्यूटी करने जा रहे थे तथा एक अन्य कार में सवार डॉक्टर नागपुर जाने के लिए निकले थे। इस दौरान ड्यूटी करने जा रहे डॉक्टरों की कार डिवाइडर से टकराकर दूसरी ओर पलट गई और सामने से आ रही एक अन्य कार जिसमें रिम्स के ▶▶|शेष पेज 4 पर



### दोनों कार की रफ्तार सौ से ज्यादा थी

पुलिस के अनुसार दोनों कार की रफ्तार सौ से ज्यादा थी। इसी कारण कार डिवाइडर से टकराने के बाद उछलकर सड़क के दूसरी ओर पलट गई। इसी दौरान दूसरी तरफ से आ रही कार डिवाइडर से टकराने के बाद सड़क के दूसरी ओर पलटने वाली कार से टकरा गई। जिन दो डॉक्टरों की मौत हुई है, उनके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। एक मृत डाक्टर की सीट डिवाइडर से टकराकर पलटने के बाद पीछे की तरफ पलट गई थी।

## एक करोड़ के इनामी नक्सली ने इलाज के अभाव में तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पांच दशक से नक्सल संगठन में रहते हुए कई बड़ी वारदातों का मास्टर माइंड एक करोड़ के इनामी सेंट्रल कमेटी मेंबर कामरेड आनंद उर्फ कटकम सुदर्शन की लंबी बीमारी के बाद बस्तर के जंगल में मौत हो गई है। नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी ने जारी पर्चे में बताया कि केंद्रीय कमेटी के पोलित ▶▶|शेष पेज 4 पर



### टॉप कैडर नक्सली था

*बस्तर में हुई कई नक्सल वारदातों का मास्टर माइंड पोलित ब्यूरो मेंबर आनंद उर्फ सुदर्शन टॉप कैडर नक्सली था। बस्तर में अब तक हुई वारदातों की स्ट्रैटजी बनाने का काम उसने किया था।*

**नारायणपुर जिले में बड़ी कार्रवाई**

## भाजपा नेता रतन दुबे हत्याकांड में दर्जनभर स्थानों पर एनआईए के छापे

- मोबाइल, एक टैबलेट और 9.90 लाख रुपए नकद के साथ नक्सली पर्चे और साहित्य बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

हरिभूमि खास

विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव प्रचार कर रहे भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रतन दुबे की हत्या के मामले की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र नारायणपुर जिले में एक दर्जन स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए द्वारा भाकपा (माओवादी) के पूर्वी बस्तर संभाग के बयानार एरिया कमेटी ▶▶|शेष पेज 4 पर

### नकद के साथ सामान बरामद

एनआईए के प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक छापेमारी के दौरान कई मोबाइल फोन, एक टैबलेट और 9.90 लाख रुपए नकद के साथ-साथ नक्सली विचारधारा का प्रचार करने वाले पर्चे और साहित्य भी बरामद किए गए हैं। इस मामले में एक आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है।

## 25 शिक्षकों पर गिरी गाज और पांच बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

खास खबर

जिला शिक्षा अधिकारी ने सालों से नदारद 5 शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया है। इसके साथ ही जिला शिक्षा कार्यालय से अलग नियोक्ता वाले 11 शिक्षकों के विरूद्ध सेवा समाप्ति की अनुशंसा की गई है। 9 शिक्षकों के खिलाफ विभागीय जांच के निर्देश दिए गए हैं। जिला कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू ने बर्खास्तगी के आदेश जारी किए है। वहीं अन्य नियोक्ता वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए अनुशंसा की है। दरसल राज्य शासन ने अपने कर्तव्य से अनुपस्थित सरकारी कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आदेश पर अमल करते हुए शिक्षा विभाग में लंबे समय से ▶▶|शेष पेज 4 पर

### इन शिक्षकों की सेवा समाप्ति की अनुशंसा

डीईओ ने 11 शिक्षकों की सेवा समाप्ति की अनुशंसा की है। इनमें व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल फरहदा अल्का महतो, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भटचौरा हरीराम पटेल, शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटियारी ▶▶|शेष पेज 4 पर

### इनके खिलाफ होगी विभागीय जांच

*9 शिक्षकों के खिलाफ विभागीय जांच जांच होगी जिसमें यशवंत कुमार साहू सहायक शिक्षक एलबी प्राथमिक स्कूल डण्डासागर कोटा, मदनलाल श्यामले सहायक शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला कुआंजति,शशिकांत यादव भृत्य माध्यमिक शाला सीस विकासखण्ड कोटा,राकेश मिश्रा सहायक शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला बेलसरा और अमन गिरी भृत्य पूर्व माध्यमिक* ▶▶|शेष पेज 4 पर

### इन्हें किया गया बर्खास्त

*डीईओ कार्यालय द्वारा बर्खास्त किए गए शिक्षकों और कर्मचारियों में प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला रिसदा मनोरमा तिवारी, सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला सफेद खदान किरण यादव, सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला ओखर बसंत कुमार लकड़ा और सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला परसापानी मेघा यादव इसके अलावा भृत्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला तिफरा स्टेनली मार्क एक्का शामिल हैं।*

एल एन माहेश्वरी परमार्थ न्यास | ALLEN

शिक्षा संबल
सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों हेतु

एलन कोटा में नीट 2025 के लिए
निःशुल्क कोचिंग

निर्धन-प्रतिभावान विद्यार्थी आर्थिक परिस्थितियों की वजह से आगे नही बढ़ पाते हैं। इन प्रतिभाओं के सपनों को संबल मिले इस हेतु एल एन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से "शिक्षा संबल" योजना शुरू की गई है। इस योजना में सरकारी स्कूलों के हिन्दी माध्यम के चयनित विद्यार्थियों को एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से कोटा में नीट-2025 के लिए निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। साथ ही न्यास द्वारा निःशुल्क आवास एवं भोजन की व्यवस्था की जाएगी।



बालिका वधु डॉ. रूपा यादव
8 साल की उम्र में शादी
नीट-2017 में चयनित
राजकीय मेडिकल कॉलेज बीकानेर से एमबीबीएस

आवेदन की अंतिम तिथि - 03 जुलाई 2024

प्रवेश परीक्षा - 07 जुलाई 2024

योग्यताः सरकारी स्कूल (हिन्दी माध्यम) से न्यूनतम 50 प्रतिशत प्राप्तांक के साथ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण (साइंस-बॉयलोजी) तथा PCB में औसत 50 प्रतिशत

ऑफलाइन आवेदनः छत्तीसगढ़ में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के रायपुर (फोनः 0771-6666000) व बिलासपुर (फोनः 8951395460) केन्द्रों पर उपलब्ध।

ऑनलाइन आवेदनः Lnmpnyas.org/register.php

अधिक जानकारी lnmpnyas.org अथवा www.allen.ac.in व 0744-2757575, 3556677 से ली जा सकती है।

योजना पूर्णतयाः निःशुल्क है।

एल एन माहेश्वरी परमार्थ न्यास, ए-666, इन्द्रा विहार-कोटा (राज.) - 324005

## चिंतन

# अबकी बार लोकसभा में बिरला की कठिन परीक्षा

ओम बिरला ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष चुने गए। विपक्ष ने कोडिकुन्नील सुरेश को अपना उम्मीदवार जरूर खड़ा किया था, पर वोटिंग के लिए जोर नहीं दिया। यह विपक्ष का प्रतीकात्मक तरीका रहा। बिरला की यह दूसरी पारी है। मोदी सरकार 2.0 के समय भी वर्ष 2019 से वर्ष 2024 तक ओम बिरला ही लोकसभा अध्यक्ष रहे। वर्ष 2014 में जब केंद्र में पहली बार मोदी की सरकार बनी थी, तो सुमित्रा महाजन लोकसभा अध्यक्ष बनी थीं। पहली बार है जब भाजपा नीत राजग सरकार में कोई नेता लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बना हो। इस बार लोकसभा का नजारा बदला हुआ है। भाजपा अपने दम पर बहुमत में नहीं है, राजग बहुमत में है, विपक्ष के रूप में इंडिया ब्लॉक मजबूत है, इसलिए लोकसभा अध्यक्ष के रूप में निम्न सदन में ओम बिरला की कार्यकुशलता की असली परीक्षा होगी। सत्ता पक्ष पर सदन में विपक्ष की आवाज दबाने के आरोप लगते रहे हैं। ओम बिरला के पहले कार्यकाल में राहुल गांधी समेत करीब 146 विपक्षी सांसदों का निलंबन किया गया था, राहुल गांधी को जल्दबाजी में अयोग्य ठहराया गया था, हालांकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद राहुल की सांसदी फिर बहाल कर दी गई थी। इस पूरी प्रक्रिया में ओम बिरला पर सत्ता पक्ष के प्रतिनिधि के तौर पर काम करने के आरोप कई बार लगे। जबकि लोकसभा अध्यक्ष का पद और कार्यक्षेत्र दलगत राजनीति से ऊपर होता है। 18वीं लोकसभा में 99 सीटों के साथ सबसे बड़ा विपक्षी दल कांग्रेस है, सो कांग्रेस के खाते में सदन में नेता विपक्ष का पद है। कांग्रेस ने राहुल गांधी को नेता विपक्ष बनाया है, राहुल को इंडिया ब्लॉक के सहयोगी दलों का समर्थन भी प्राप्त है, हालांकि ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के सुर तल्ख हैं, पर विरोध में नहीं है। वर्ष 2014 व वर्ष 2019 में कांग्रेस के पास इतनी सीटें नहीं थीं कि वह नेता प्रतिपक्ष पद की पात्रता को पूरा कर पाती, इसलिए दोनों ही कार्यकाल में नेता प्रतिपक्ष का पद खाली ही रहा। भारतीय लोकतंत्र में नेता प्रतिपक्ष को बहुत अधिक संवैधानिक अधिकार प्राप्त है, इसलिए अब राजग के लिए कोई भी फैसला लेना आसान नहीं होगा, ऐसे में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की जिम्मेदारी बढ़ेगी, सदन को चलाने में अधिक सहनशीलता का परिचय देना होगा, विपक्षी सांसदों के प्रति नरम रवैया रखना होगा। लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद उन्हें आसन तक पीएम नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू लेकर गए। बिरला को बधाई देते हुए जहां पीएम ने कहा कि आपका अनुभव सदन का सुचारू चलाने में काम आएगा, वहीं विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उम्मीद है कि विपक्ष की आवाज सुनी जाएगी। अखिलेश यदव समेत विपक्ष के नेताओं ने यह भी उम्मीद जताई कि उन्हें सदन में जनता की आवाज उठाने का पर्याप्त समय मिलेगा, सांसदों के निष्कासन जैसी कार्यवाही नहीं देखने को मिलेगी। हालांकि पहले ही दिन सदन में आपातकाल पर निंदा प्रस्ताव के दौरान विपक्ष का हंगामा देखने को मिला। सदन में कार्य निष्पादन में ओम बिरला को अपने अनुभव के आधार कार्यकुशलता दिखानी होगी, लोकसभा की हांगामा संस्कृति में बदलाव लाना होगा, पद की गरिमा का पालन करना होगा और निष्पक्षता व निरपेक्षता का मानदंड स्थापित करना होगा। अध्यक्ष के रूप में ओम बिरला को दलगत सीमा से ऊपर उठते हुए ऐसी नजीर पेश करनी होगी कि लोकसभा के इतिहास में उनका मुकाम निष्पक्ष व निरपेक्ष अध्यक्ष के रूप में कायम हो।



विश्लेषण
डॉ. रमेश ठाकुर

# नेता विपक्ष राहुल की चुनौतियां

**कांग्रेस बीते 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतना पिछड़ गई थी कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष का पद भी नसीब नहीं हुआ। नेता विपक्ष पद की बात तो दूर, पार्टी का भविष्य और अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया था। कम नंबर संख्या के कारण ही संसद में नेता विपक्ष की सीट भी रिक्त रही 2024 का जो जनादेश मिला है वह सभी दलों के लिए एक सीख जैसा है। कांग्रेस को जनता ने नया जीवनदान दिया है, इसलिए कांग्रेस के सितारे एक बार फिर थोड़े से चमके हैं। पिछली बार मात्र 52 सांसद ही जीतकर संसद पहुंचे थे, पर ये आंकड़ा इस बार 99 तक पहुंच गया है। तभी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के लिए दावेदार हुई और उसे यह पद मिला भी है।**

सोलहवीं और 17वीं लोकसभा में नबंरों के लिहाज से कांग्रेस बीते 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतना पिछड़ गई थी कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष का पद भी नसीब नहीं हुआ। नेता विपक्ष पद की बात तो दूर, पार्टी का भविष्य और अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया था। कम नंबर संख्या के कारण ही संसद में नेता विपक्ष की सीट भी रिक्त रही, परंतु कहते हैं न कि सियासत में चमत्कार की संभावनाएं अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा रहती हैं। किसके सितारे बुलंद हो जाएं और किसके अचानक बुझ जाएं इसका पता नहीं चलता क्योंकि इसका सारा दारोमदार और सब कुछ जनता-जर्नादन के मूड और विचारों पर निर्भर रहता है? बीते 2024 के आम चुनाव में हुआ भी कमोबेश कुछ ऐसा ही हुआ है। भाजपा 400 पार के नारे के साथ फिर से प्रचंड बहुमत में आने का दावा कर रही थी और पूरी तरह आश्वस्त भी थी, लेकिन जनता ने उसके दावे को अस्वीकार कर दिया। भाजपा जैसे गठबंधन की सीटों का 400 का दावा कर रही थी, वैसा हुआ नहीं, जनता ने उसे बहुमत देकर मौका तो अवश्य दिया, लेकिन आधा-अधूरा? हालांकि, यह भी गौरतलब है कि कांग्रेस ने इस बार उम्मीद से कहीं बढ़कर बेहतरीन प्रदर्शन कर खुद को लड़ाई में बरकरार रखा।

कोई भी राजनीतिक दल चाहे वो कांग्रेस हो या भाजपा प्रचंड जीत से बौराने की प्रवृति से सभी को तौबा करना होगा। 2024 का जो जनादेश मिला है वह सभी दलों के लिए एक सीख जैसा है। कांग्रेस को जनता ने नया जीवनदान दिया है, इसलिए कांग्रेस के सितारे एक बार फिर थोड़े से चमके हैं। पिछली बार मात्र 52 सांसद ही जीतकर संसद पहुंचे थे, पर ये आंकड़ा इस बार 99 तक पहुंच गया है। तभी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के लिए दावेदार हुई और उसे यह पद मिला भी है। । अच्छे नंबरों से पास होने का ही नतीजा है कि नेता विपक्ष के लिए राहुल गांधी के नाम पर ताजपोशी होनी विपक्षी धड़े की ओर से मुकर्रर हुई है, लेकिन जनता का संदेश पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए बराबर है? जो जनता के हित में काम करेगा, उसकी जयकार होगी। वरना, घमंड चकनाचूर करने में देश के मतदाता जरा भी नहीं हिचकेंगे? 2024 के जनादेश ने देश की सियासी तस्वीर पूरी तरह से बदल दी है। चाहे प्रधानमंत्री हों या नेता विपक्ष देश की जनता सभी से काम की उम्मीद करने की करती है। नेता भी अब समझ गए हैं कि केवल लच्छेदार भाषणों और हवा-हवाई दावों से अब काम नहीं चलने वाला? बहरहाल, गठबंधन राजनीति में नेता विपक्ष के पद को पूरे पांच वर्ष तक सुचारू रूप से यथावत रखना भी किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा? पद पर आसीन होने वाले ओहदेदार के लिए भी चुनौतियों की भरमार रहेगी। उन्हें हर घड़ी अग्निपरीक्षा से गुजरना होगा। नेता विपक्ष का पद राहुल गांधी की सियासी समझ की भी कठिन परीक्षा लेगा, क्योंकि सत्तापक्ष और देश की एक बड़ी आबादी अभी तक उन्हें सियासत का 10वीं पास छात्र ही समझती रही है। दरअसल समझने के कई ताजा उदाहरण भी सामने मुंह खोले जो खड़े हैं। राहुल गांधी कई



बार अपने सियासी प्रयोगों में विगत वर्षां में असफल हुए हैं, इसलिए भी लोगों को थोड़ा बहुत संदेह अब भी है? अगर उनके सियासी इतिहास के पन्ने खोलें तो सामने एक विफलता भरी तस्वीर उभरकर सामने आती है कि वह कांग्रेस अध्यक्ष का पद भी अच्छे से निर्वाह नहीं कर सके, जिसके चलते उन्हें पद छोड़ना पड़ा था। अमेठी से चुनाव भी हारे और अपनी अगुआई में पार्टी को चुनाव लड़ाकर भी ज्यादा कुछ नहीं कर सके। कुल मिलाकर उनके हिस्से में सियासी असफलता की भरमार है। यहां पर उल्लेखनीय है कि इन गुजरे वर्षों में अच्छी बात ये रही कि वह लगातार हारने के बावजूद भी हिम्मत नहीं हारे, सियासी मैदान में मजबूती के साथ डटे रहे? उन्होंने खुद को साबित करने के मकसद से ही भारत जोड़ो यात्रा निकाली, जिसमें उन्होंने लोगों का समर्थन हासिल किया। यही कारण है, जनता ने उन पर थोड़ा भरोसा जताया है और कांग्रेस के नेताओं को इतनी संख्या में संसद पहुंचाया कि उन्हें नेता विपक्ष का पद हासिल हो पाया है।

खैर, राजनीति में असफलता ज्यादा मायने नहीं रखती, क्योंकि कोई भी हार सकता है, इसलिए ये पुरानी और बेजान बातें ही हैं। सियासत ऐसा अखाड़ा है जहां अच्छे से अच्छा खिलाड़ी चित हुआ है। ताजा उदाहरण मौजूदा लोकसभा चुनाव का परिणाम है जिसमें बड़े से बड़े सूरमा अपने अपने क्षेत्रों में धराशायी हो गए हैं। अपने राजनीतिक करियर में राहुल गांधी पहली मर्तबा कोई संसदीय ओहदा संभाल रहे हैं।

18वीं लोकसभा में वह नेता विपक्ष की भूमिका में होंगे, जिसे इंडिया गठबंधन के तकरीबन सभी प्रमुख नेताओं ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। राहुल की उम्मीदवारी की स्वीकृति के लिए प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब को कांग्रेस की ओर से बीती 25 जून की देर शाम को अर्जी भी भेज दी गई थी। हालांकि उनके इस पद को लेकर कोई अड़चन या अड़गा इसलिए नहीं लगेगा, क्योंकि संसदीय परंपरा और नियमानुसार नेता विपक्ष के लिए किसी भी दल के पास दस फीसदी सांसद होने चाहिए, जिसमें कांग्रेस सफल है। नेता विपक्ष का पद कांग्रेस को दस साल बाद नसीब हुआ।
राहुल नेता विपक्ष बनने वाले गांधी परिवार से तीसरे सदस्य हैं। इससे पहले उनके पिता राजीव गांधी और सांसद माता सोनिया गांधी यह जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। प्रतिपक्ष भारतीय संसद के दोनों सदनों में, प्रत्येक में आधिकारिक विपक्ष का नेतृत्वकर्ता होता है।

नेता विपक्ष का ओहदा अपने आप में बहुत मायने रखता है। प्रधानमंत्री जैसी एक तिहाई शक्तियां उन्हें प्रदान होती हैं। नेता विपक्ष की सुविधाएं केंद्रीय मंत्री से भी कहीं अधिक बढ़ा दी जाती हैं। तनख्वाह भी तीन लाख रुपये से ऊपर होती हैं। इसके अलावा नेता विपक्ष प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक, सीबीआई प्रमुख, सीवीसी जैसे उच्चस्थ पदों की नियुक्ति में सहभागी होता है। प्रधानमंत्री को नियमानुसार नेता विपक्ष की राय लेनी अनिवार्य होती है। इसके अतिरिक्त नेता विपक्ष अभिलेखा समिति का भी प्रमुख रहता है जो सरकार के प्रत्येक निर्णयों और खर्चों पर निगाह रखता है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब अपने तीसरे कार्यकाल में जो भी बड़े निर्णय लेंगे या संवैधानिक नियुक्तियां करेंगे उसमें नेता विपक्ष की भूमिका रहने वाले उस नेता की राय लिया करेंगे, जिन्हें चुनाव में उन्होंने ये भी कह दिया था कि 'कौन राहुल'? इसलिए इस बार की संसदीय प्रक्रिया बहुत दिलचस्प और टकराव भरी होने वाली है। इसमें चुनौती राहुल गांधी के समझ सबसे ज्यादा रहेंगी, क्योंकि जनता उनके दमखम को नेता विपक्ष के तौर पर परखेगी और इतना ही नहीं भविष्य की राजनीति में उनके कद को तय करेगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

ब्रिटेन आम चुनाव
विवेक शुक्ला



# सुनक के भविष्य को लेकर सवाल

क्या ब्रिटेन में आगामी 4 जुलाई को होने वाले आम चुनावों के बाद भी देश के पहले हिन्दू प्रधानमंत्री श्रृषि सुनक अपने पद पर बने रहेंगे? क्या सुनक की कंजरवेटिव पार्टी को ब्रिटेन में बसे हुए भारतवंशी वोट देंगे? क्या भारतवंशियों के वोट लेबर पार्टी को भी मिलेंगे? बेशक, ये सवाल महत्वपूर्ण हैं। ब्रिटेन की 2011 की जनगणना के अनुसार, वहां लगभग 15 लाख भारतीय मूल के लोग हैं, जो देश की कुल जनसंख्या का 2.5 प्रतिशत है। ब्रिटेन में भारतीय सबसे बड़ा प्रवासी समूह है। हिन्दुजा, लक्ष्मी मित्तल, स्वराज पाल जैसे भारतवंशी ब्रिटेन के सबसे धनी लोगों की सूची में जगह पाते हैं। संडे टाइम्स की बीती मई में जारी ब्रिटेन के सबसे बड़े धनकुबेरों की सूची में श्रृषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति का 245वां स्थान है। अक्षता इंफोसिस टेक्नोलॉजीज के फाउंडर चेयरमेन एन.आर. नारायणमूर्ति की पुत्री हैं। दरअसल ब्रिटेन में बसे भारतीयों का लंबे समय तक झुकाव लेबर पार्टी के साथ रहा है। हालिया सर्वेक्षणों से पुख्ता संकेत मिल रहे हैं कि भारतीय दक्षिणपंथी कंजरवेटिव पार्टी की तरफ झुकाव बढ़ा है। लंदन में 1970 के दशक से बसे लेखक विनोद चव्हाण मानते हैं कि आगामी आम



चुनावों में ब्रिटेन में बसे हिन्दू वोटर कंजरवेटिव पार्टी के हक में एकमुश्त वोट दे सकते हैं। ये खबर श्रृषि सुनक और उनकी कंजरवेटिव पार्टी को सुकून दे सकती है। जब हम ब्रिटेन में बसे भारतीयों की बात करते हैं, तब उनमें वे भी शामिल होते हैं जो ब्रिटेन में ईस्ट अफ्रीका, कैरिबियाई टापू देशों और अन्य स्थानों से आकर बसते रहे हैं। सुनक का परिवार 1960 के दशक में केन्या से ब्रिटेन में जाकर बसा था। एक राय यह भी है कि नरेन्द्र मोदी के 2014 में भारत का प्रधानमंत्री बनने के बाद ब्रिटेन में बसे बहुत बड़ी संख्या में भारतीय कंजरवेटिव पार्टी के समर्थक हो गए। इनमें हिंदू सर्वाधिक हैं। मोदी ने 2015 में अपनी ब्रिटेन यात्रा के दौरान लंदन के वेम्बली स्टेडियम में 60,000 भारतीय मूल के लोगों को संबोधित किया था। उस समय ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन थे। वे अपने को भारत का दामाद कहने में फख्र महसूस करते हैं। वे अलग किस्म के दामाद हैं। उनकी (दूसरी तलाकशुदा) पत्नी मारिना ह्वीलर की मां दीप सिंह कौर की पहली शादी दिल्ली के नामवर ठेकेदार सर सोबा सिंह के पुत्र सरदार दलजीत सिंह से हुई थी। सोबा सिंह के चार पुत्र थे। उनमें से एक लेखक खुशवंत सिंह भी थे। अब एक और महीन बात को समझना होगा। ब्रिटिश में भारतीय धर्म के आधार पर भी बंटे हुए हैं। माना जा रहा है कि अधिकांश भारत मूल के मुस्लिम और सिख लेबर पार्टी के साथ जा सकते हैं। ब्रिटेन में 1960 से 1980 के दशकों में भारत के अलावा, युगांडा, केन्या और कैरिबियाई टापू देशों से भी काफी तादाद में भारतीय मूल के बसे थे। ये लेबर पार्टी को प्रवासियों के हमदर्द के रूप में देखते थे। यह वही दौर था जब लेबर पार्टी के प्रधानमंत्री हेरेल्ड विल्सन 1965 में रेस रिलेशंस एक्ट लेकर आए। उसे नस्लीय भेदभाव को रोकने की दिशा में अहम कानून माना गया था। ब्रिटेन के हिन्दुओं का 2010 से रुख कंजरवेटिव पार्टी की तरफ होने लगा था। उन भारतीयों में दूसरी और तीसरी पीढ़ी के धनी और शिक्षित हिन्दू भी थे। पिछले 20-25 वर्षों में भारत से नया प्रवासी समुदाय ब्रिटेन पहुंचा है। ये डॉक्टर, इंजीनियर, आई.टी.पेशेवर वगैरह हैं। ये सब अपने को कंजरवेटिव पार्टी का वोटर बताते हैं। यूं ही भारतवंशियों का लेबर पार्टी से मोहभंग नहीं हुआ। हुआ यह कि लेबर पार्टी ने 2019 में एक प्रस्ताव पारित करके जम्मू- कश्मीर के लोगों को 'आत्मनिर्णय का अधिकार' देने की मांग की। लेबर पार्टी के इस प्रस्ताव के कारण ब्रिटेन में बसा भारतीय प्रवासी समुदाय का एक बड़ा हिस्सा लेबर पार्टी से दूर होने लगा। सुनक 2022 में ब्रिटेन के पहले हिन्दू प्रधानमंत्री बने। इसके चलते वहां के हिन्दू और कंजरवेटिव पार्टी के बीच संबंध और गहरे हो गए। अभी नहीं कहा जा सकता कि हिन्दू पूरी तरह से कंजरवेटिव पार्टी के साथ जाएंगे? हिन्दू ब्रिटेन का तीसरा सबसे बड़ा धर्म है। अब तक 29 हिन्दू संगठनों ने इस घोषणापत्र का समर्थन किया है। घोषणापत्र के अनुसार, 'हिन्दू ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था की जान है। देश की अर्थव्यवस्था में हमारा योगदान असमान रूप से अधिक है। हम कानून का पालन करने वाले समुदायों में से एक हैं। इसके बावजूद देश में हिन्दू विरोधी नफरत बढ़ रही है।' इनकी एक बड़ी मांग तो यह है कि इन्हें सुरक्षा मिले। अब कुछ बातें देखने वाली हैं। क्या हिन्दुओं के वोट बटेंगे या कंजरवेटिव पार्टी की झोली में जाएंगे? क्या हिन्दू संगठनों के मेनिफेस्टो पर लेबर और कंजरवेटिव पार्टी गौर करेंगी? क्या हिन्दुओं से इतर ब्रिटिश भारतीय लेबर पार्टी का साथ देंगे?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिवत्व की साधना



संकलित
दर्शन

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छे या बुरे सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं। इसलिए कहते हैं, परमात्मा शिव अपनी शुद्ध और श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका प्रत्येक संकल्प मानवता का कल्याण व सद्ज्ञान है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, संतुलन, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब परमात्मा शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।

## गुरु की सीख से बड़ी से बड़ी मुश्किलें होती है दूर



संकलित
प्रेरणा

बृहस्पति देवताओं के गुरु हैं। महाभारत के आदि पर्व के मुताबिक, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र हैं और अपने ज्ञान से देवताओं का मार्गदर्शन करते हैं। एक कथा है कि एक बार देवराज इंद्र की जगह राजा नहुष को स्वर्ग का राजा बनाया गया था। स्वर्ग का राजा बनते ही राजा नहुष अहंकारी हो गया। वह देवताओं को तरह-तरह से परेशान करता रहता था। सभी देवगण राजा नहुष से त्रस्त हो गए थे। इसी बीच बलशाही होने के कारण राजा नहुष के मन में इंद्र की पत्नी शची के लिए पाप आ गया। वह उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता था। इससे डरकर शची देवगुरु बृहस्पति के पास पहुंचीं। बृहस्पति ने शची को एक योजना बताई। बृहस्पति ने शची से कहा कि आप नहुष से कहना कि जब वह सप्त ऋषियों द्वारा उठाई गई पालकी में बैठकर आएगा, तब ही वह उसे अपना स्वामी मानेगी। शची ने यही किया। बृहस्पति की योजना के अनुसार शची ने ये बात नहुष से कह दी। नहुष ने ऐसा ही किया। सप्तऋषि जब पालकी उठाकर चल रहे थे, तभी अहंकारी राजा नहुष ने एक ऋषि को लात मार दी। क्रोधित होकर ऋषि ने उसे उसी समय स्वर्ग से गिरने का शाप दे दिया। शाप के बाद राजा नहुष ने स्वर्ग का राजपाठ खो दिया। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति की सलाह से शची की रक्षा हो गई। गुरु की सीख से बड़ी-बड़ी मुश्किलें दूर हो सकती हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**संविधान की चिंता किसे और क्यों?**

इस बार के लोकसभा चुनाव में मोदी विरोधी राजनीतिक दलों ने संविधान को मुद्दा बनाया था, लेकिन अब जबकि चुनाव हो चुका है, इसका परिणाम भी सामने आ चुका है और 18वीं लोकसभा का सत्र भी शुरू हो चुका है, लेकिन विपक्ष अभी भी संविधान को बचाने की बात कर रहा है। सवाल यह है कि संविधान की चिंता किसे और क्यों है? क्या देश में भ्रष्टाचार को पनपने देना, अवसरवाद, पेपर लीक आदि संविधान के लिए उचित हैं? बीते समय में संविधान को बचाने के लिए क्या किया गया या फिर इसके विरुद्ध क्या कुछ हुआ, यह कुछ मायने नहीं रखता, बल्कि देश के हर धर्म-जाति के नागरिक को संविधान के अनुसार अधिकारों का लाभ मिले, यह जरूरी है। अगर समय के साथ-साथ संविधान में कुछ बदलाव भी करना पड़े, तो इसमें शायद कोई हर्ज नहीं है। *- राजेश गुप्ता, धमतरी*

## करंट अफेयर

# सीपैक को नुकसान पहुंचाने की बात टीटीपी ने स्वीकारी



प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के वरिष्ठ कमांडर ने दावा किया है कि वह बलूचिस्तान के प्रतिबंधित अलगाववादी संगठन के साथ मिलकर 60 अरब अमेरिकी डॉलर की चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजना (सीपैक) को नुकसान पहुंचाने के लिए काम कर रहा है। यह दावा अशांत बलूचिस्तान सूबे के गृहमंत्री मीर जिया लन्ग्रोव ने बुधवार को क्वेटा में किया। लन्ग्रोव ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ' तहरीक-ए-तालिबान के रक्षा शूरा (परिषद) प्रमुख नसरुल्लाह उर्फ मौलवी मंसूर को हाल में सुरक्षाबलों ने बलूचिस्तान से तब गिरफ्तार किया जब वह सूबे में आतंकवादी हमले की योजना बना रहा था। मौलवी मंसूर ने बलूचिस्तान में आतंकवादी गतिविधि को लेकर कुछ अहम खुलासे किए हैं।' द न्यूज इंटरनेशनल की खबर के अनुसार ये गिरफ्तारियां केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अज्म-ए-इस्तेहकाम अभियान को मंजूरी दिए जाने के एक दिन बाद हुई। एक वीडियो भी प्रसारित किया गया जिसमें मौलवी स्वीकार करता हुआ दिखाई दे रहा है कि टीटीपी, बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के साथ मिलकर अपहरण की योजना बनाता है और अपहृत लोगों को अफगानिस्तान भेज दिया जाता है जबकि उन्हें लापता के तौर पर पेश किया जाता है।

## ऑफ बीट

# अश्वेत दाताओं की किडनी का होता है कम इस्तेमाल



अमेरिका में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक के रूप में, गुर्दे की बीमारी एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है। यह बीमारी विशेष रूप से अश्वेत अमेरिकियों में गंभीर है, जिनकी किडनी खराब होने की संभावना श्वेत अमेरिकियों की तुलना में तीन गुना अधिक है। जबकि अश्वेत लोग अमेरिका की आबादी का केवल 12% हैं, गुर्दे की विफलता वाले लोगों में उनकी हिस्सेदारी 35% है। इसका कारण आंशिक रूप से अश्वेत समुदाय में मधुमेह और उच्च रक्तचाप - गुर्दे की बीमारी के दो सबसे बड़े योगदानकर्ता - की व्यापकता है। अमेरिका में लगभग 100,000 लोग किडनी प्रत्यारोपण का इंतजार कर रहे हैं। हालाँकि अश्वेत अमेरिकियों को प्रत्यारोपण की आवश्यकता होने की अधिक संभावना है, लेकिन उन्हें यह प्राप्त होने की संभावना भी कम है। इससे भी बुरी बात यह है कि अमेरिका में अश्वेत दाताओं की किडनी को एक त्रुटिपूर्ण प्रणाली के परिणामस्वरूप फेंके जाने की अधिक संभावना है, जिसमें यह माना जाता है कि प्रत्यारोपण के बाद अन्य नस्लों के दाताओं की किडनी की तुलना में अश्वेत दाताओं की किडनी काम करना बंद कर देगी। मेरा मानना है कि यह त्रुटिपूर्ण प्रणाली न्याय, निष्पक्षता और एक दुर्लभ संसाधन - किडनी के अच्छे प्रबंधन के बारे में गंभीर नैतिक चिंताओं को जन्म देती है।

## ट्रेंड

### अद्भुत भाव था



मुझे खुशी है कि माननीय अध्यक्ष ने आपातकाल की कड़ी निंदा की, उस दौरान हुई ज्यादतियों पर प्रकाश डाला और जिस तरह से लोकतंत्र का गला घोंटा गया, उसका भी जिक्र किया। उन दिनों के दौरान पीड़ित सभी लोगों के सम्मान में मौन खड़े रहना भी एक अद्भुत भाव था।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### स्वास्थ्य मानवाधिकार



स्वास्थ्य अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए मौलिक है। हमें स्वास्थ्य को सुरक्षा के मानव अधिकार के रूप में देखना चाहिए। हमें स्वास्थ्य को नियंत्रण की लागत के रूप में नहीं, बल्कि पोषण के लिए निवेश के रूप में देखना चाहिए।
-डॉ. टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### घृणा का जवाब



राहुल गांधी ने नफ़रत और घृणा का जवाब इस देश को मोहब्बत सिखा कर दिया। अन्याय के ख़िलाफ़न्याय की जंग लड़ी। इस देश को अहंकारी तानाशाह के सामने खड़े होने की प्रेरणा दी और अब आपकी ताक़त नेता विपक्ष के तौर पर सदन में दिखाई देगी।
-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### वकील ने भी माना



जज ने कहा कि "मैंने स्टेटमेंट पढ़ लिया है और मैं खुद बोल रहा हूं कि केजरीवाल ने ऐसा नहीं कहा है।" सीबीआई झूठ बोल रही है। सीबीआई के वकील ने भी माना।
-संजय सिंह, आप नेता

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


TRUE VALUE
MARUTI SUZUKI
अपनी कार के लिए सही कीमत चाहते हैं ?
चुनिए 50 लाख ग्राहकों के भरोसे को.
TRUE VALUE
CELEBRATING 50 LAKH HAPPY FAMILIES
*T & C apply.
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें
समय पर पेमेंट
घर-पर इवैल्यूएशन
चिंता-मुक्त डॉक्यूमेंटेशन
Images used for illustration purposes only.
पूछताछ के लिए कॉल करें 1800 102 1800 | या जाएँ यहाँ www.marutisuzukitruevalue.com
TRUE VALUE CERTIFIED
RAIPUR: AVANTI VIHAR: SKY AUTOMOBILES: 9584465304, 9111107029 | MAHOBA BAZAR, G.E. ROAD: SKY AUTOMOBILE: 8889996586, 8889998611, 8889998605 | BHILAI: POWER HOUSE, G.E. ROAD: SPARSH AUTOMOBILES: 9926003332, 9179424485, 7089688410 | DURG BYPASS: CHOUHAN AUTOMOBILES: 7222910050, 7222910005, 7222910057 | DURG: PULGAON CHOWK: SPARSH AUTOMOBILES: 9179424485| JAGDALPUR: SKY AUTOMOBILES: 6260288613, 8889998641 | BHATAGAON: HDN MOTORS: 7909800009. SARONA: VISHWABHARTI AUTOMOBILES: 6262620109, 6262620093 | DUMERTARAI, DHAMTARI ROAD: SPARSH AUTOMOBILES: 8120001958, 9111011381.

## जैकेट के शेष

### संस्कृत बोर्ड टॉपर्स ...

की सॉफ्ट कॉपी है, जिसे प्रथम दृष्टया देखने पर ही यह स्पष्ट है कि एक ही विद्यार्थी की उत्तरपुस्तिका कई व्यक्तियों द्वारा हल की गई है। इसके अलावा टॉपर्स कांड के सामने आने के बाद जो तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई थी, उस कमेटी ने भी अपनी रिपोर्ट में कई उत्तरपुस्तिकाओं में भिन्न-भिन्न हैंडराइटिंग होने की बात स्वीकारी थी। इस कमेटी में माध्यमिक शिक्षा मंडल सचिव पुष्पा साहू, रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी सहित बिलासपुर संभाग के संयुक्त संचालक आरपी आदित्य शामिल थे।

### केवल अंक बदले ....

नंबर तक दर्शाए गए थे। अब इनकी कॉपियों की पुनर्गणना की जा रही है। इसके बाद जो अंक उत्तरपुस्तिकाओं में दर्ज हैं, उसके आधार पर ही नतीजे तैयार होंगे। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, परिणाम मौजूदा सप्ताह में जारी किए जाएंगे। बोर्ड मेरिट लिस्ट पहले ही रद्द कर चुका है, अब परिणाम जारी करने के साथ दोबारा मेरिट लिस्ट भी जारी होगी।

### मिलीभगत से हुआ ....

शुरुआती जांच में ही यह बात सामने आ गई थी। इसके बाद टीम ने सभी उत्तरपुस्तिकाओं की सूक्ष्मता से जांच की थी। शुरुआती वक्त में परीक्षाएं रद्द किए जाने की बात कही जा रही थी, लेकिन केवल उत्तरपुस्तिकाओं की पुनर्गणना करके ही मामले को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। जिन स्कूलों में नकल हुए हैं, वहां के प्राचार्यों और परीक्षा अधिकारियों से पूछताछ भी स्कूल शिक्षा विभाग ने नहीं की है। स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने शुरुआत में इसे लेकर सक्रियता दिखाई थी, लेकिन अब मामले को ठंडे बस्ते में डालने की तैयारी है।

### बेटे के बदले ....

कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि आईवीएफ के माध्यम से बचेली, बस्तर निवासी सिंह दंपति को संतान प्राप्ति हुई थी। अशोक सिंह का आरोप है कि एक बेटा और एक बेटी का जन्म हुआ था। नर्स ने आपरेशन थिएटर से बाहर आकर यही बताया। लेकिन अस्पताल वालों ने बेटे के बदले बेटी दे दी। बच्चा बदलने के इस मामले की खबर हरिभूमि में प्रकाशित होने और आईएनएच चैनल में प्रसारित होने के बाद इस मामले में जांच की मांग की जा रही थी। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने इस मामले को संवेदनशीलता से लिया। उन्होंने एक जांच कमेटी का गठन कर दिया है। कमेटी में जिला अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, नर्सिंग होम एक्ट के नोडल अफसर के साथ जिला कार्यक्रम प्रबंधक और एएसओ को शामिल किया गया है। कमेटी प्रकरण की पूरी छानबीन कर मामले की हकीकत का पता लगाने का प्रयास करेगी। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन और प्रार्थी पक्ष से जानकारी लेने के बाद उपलब्ध कराई गई डीएनए रिपोर्ट संबंधित दस्तावेजों की जांच की जाएगी। प्रकरण की जांच पखवाड़ेभर में करने के बाद रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रकरण में अगर लापरवाही पाई जाती है, तो आवश्यक एक्शन लिया जाएगा।

### बिरला फिर चुने ....

पेश किए। दूसरी तरफ सांसद अरविंद गणपत सावंत ने लोक सभा अध्यक्ष के रूप में सांसद के. सुरेश के चुनाव के लिए प्रस्ताव पेश किया, प्रस्ताव का समर्थन सांसद एन.के. प्रेमचंद्रन ने किया। प्रस्ताव को प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब द्वारा मतदान के लिए रखा गया और इसके उपरांत ओम बिरला को 18 वीं लोक सभा का अध्यक्ष घोषित किया गया।

### सिरफिरे युवक ने ....

रंजना पर ताबड़तोड़ वार करने लगा। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस, स्टेट बैंक मेन ब्रांच के सामने बीच सड़क पर युवती खुद को बचाने चिल्लाती रही लेकिन कोई बचाने नहीं आया। धारदार हथियार के वार से युवती की मौके पर ही मौत हो गई।

### भीम आर्मी चीफ .....

मारपीट करते हुए संयुक्त कार्यालय परिसर एवं वहां खड़े वाहनों में भी तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दिया गया था। धरना प्रदर्शन का आयोजन करने वाले तथा इस दौरान बलवा, तोड़फोड़ एवं आगजनी करने वाले आरोपियों एवं उपद्रवी तत्वों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीम बनाकर लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस ने बुधवार को प्रकरण में शामिल 03 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी में छग में भीम आर्मी का प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार जांगड़े भी शामिल है। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### गो सेवकों की गिरफ्तारी...

पहुंच गए। पुलिस द्वारा समझाइश देने के बाद भी साधु संत के साथ बजरंगदल के कार्यकर्ता घंटों धरने पर बैठे रहे और बीच सड़क पर भजन, कीर्तन करने के साथ मंत्र जाप करते रहे।

### रैगिंग से एमबीबीएस ....

पीड़ित के गुर्दे पर गंभीर असर पड़ा और उसमें संक्रमण हो गया। उन्होंने बताया कि पीड़ित एक सप्ताह तक अहमदाबाद के अस्पताल में भर्ती रहा और इस दौरान चार बार डायलिसिस किया गया, छात्र की हालत अब स्थिर है। थानाधिकारी ने बताया कि कॉलेज की 'एंटी-रैगिंग' कमेटी की जांच में दोषी पाए जाने के बाद कॉलेज प्रिंसिपल ने मंगलवार को सात आरोपी छात्रों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार पीड़ित ने पिछले साल सितंबर में कॉलेज में दाखिला लिया था। उन्होंने कहा, उसने पहले भी वरिष्ठ छात्रों ने उसकी रैगिंग की थी, लेकिन उसने इसकी शिकायत नहीं की थी। हालांकि, ताजा घटना उस समय सामने आई जब 20 जून को कॉलेज प्रशासन को ऑनलाइन पोर्टल के जरिए शिकायत मिली, जिसके बाद जांच की गई। अहमदाबाद के एक अस्पताल में इलाज कराने के बाद छात्र लौटा और जून में फिर से कॉलेज में दाखिल हुआ।

# मत विभाजन नहीं होने पर टीएमसी नाखुश कांग्रेस बोली हमने दबाव नहीं डाला

**प्रोटेम स्पीकर ने लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में मतदान की अनुमति नहीं दीः अभिषेक**

**हम सहमति और सहयोग की भावना के आधार पर मत विभाजन करने के पक्ष में नहीं थेः रमेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि प्रोटेम स्पीकर ने लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में मतदान की अनुमति नहीं दी,जबकि विपक्षी सांसदों ने मत विभाजन की मांग की थी। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि सरकार के पास संख्या नहीं है। टीएमसी सांसद बनर्जी ने कहा, प्रस्ताव को मतदान के लिए रखे बिना स्वीकार कर लिया गया। यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि सत्तारूढ़ दल भाजपा के पास पर्याप्त संख्या नहीं था। यह सरकार बिना संख्या बल के चल रही है। यह अवैध, अनैतिक और असंवैधानिक है। देश के लोगों ने पहले ही उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया है। यह सिर्फ समय की बात है।





मत विभाजन के पक्ष में नहीं थे : कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने आगे कहा विपक्षी गठबंधन के घटक दलों ने कोडिकुन्निल सुरेश को लोकसभा अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया था। इसके बाद ध्वनिमत के आधार पर अध्यक्ष का चुनाव किया गया। इंडिया के घटक दल मत विभाजन पर जोर डाल सकते थे लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया क्योंकि वे सहमति और सहयोग की भावना के आधार पर मत विभाजन करने के पक्ष में नहीं थे।

### प्रतीकात्मक प्रतियोगिता

हालांकि, शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि विपक्षी दलों ने मत विभाजन के दबाव नहीं बनाया और स्पीकर पद के लिए चुनाव न कराने की परंपरा को बनाए रखा। राउत ने कहा, यह एक प्रतीकात्मक प्रतियोगिता थी। हमने परंपरा का पालन किया और चुनाव नहीं होने दिया। लेकिन हमन संदेश दिया कि एक मजबूत विपक्ष और एक मजबू नेता प्रतिपक्ष हैं।

### मत विभाजन की दी जानी चाहिए थी अनुमति

अभिषेक बनर्जी ने संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि नियमों के अनुसार एक सदस्य द्वारा मांग किए जाने पर भी मत विभाजन की अनुमति दी जानी चाहिए। नियम है कि अगर सदन का कोई सदस्य मत विभाजन की मांग करता है तो प्रोटेम स्पीकर को इसकी अनुमति देनी होगी। आप लोकसभा के फुटेज से देख और सुन सकते हैं कि विपक्ष के कई सदस्यों ने मत विभाजन की मांग की। तृणमूल कांग्रेस के एक अन्य सांसद कल्याण बनर्जी ने भी कहा कि लोकसभा स्पीकर का चुनाव कानून के अनुसार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव को ध्वनिमत से पेश किए जाने पर कई सदस्यों ने मत विभाजन की मांग की। लेकिन प्रोटेम स्पीकर ने इसकी अनुमति नहीं दी। मत विभाजन की अनुमति इसलिए नहीं दी गई, क्योंकि राजग के पास पर्याप्त संख्या नहीं थी। तृणमूल सांसद कीर्ति आजाद ने दावा किया कि विपक्ष के कम से कम आठ सदस्यों ने मत विभाजन की मांग की थी।

### विपक्ष के पास संख्याबल की कमी : पासवान

केंद्रीय मंत्री और लोकजनशक्ति पार्टी (राम विलास) के नेता चिराग पासवान ने कहा कि विपक्ष ने मत विभाजन के लिए दबाव नहीं बनाया, क्योंकि उनके पास संख्या बल की कमी है। पासवान ने कहा, राजग मजबूत है। हमारे संपर्क में रहने वाले विपक्ष के सांसद मत विभाजन होने पर ओम बिरला के पक्ष में मतदान कर सकते थे।

## डीआरडीओ ने नौसेना को सौंपा आला तकनीक वाला 'माइक्रोवेव चैफ रॉकेट'

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के जहाजों से लेकर अन्य परिसंपत्ति दुश्मन के रडार की पहुंच बाहर हो जाएगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने बुधवार को बल को मध्यम दूरी का माइक्रोवेव ऑब्सक्यूरेंट चैफ रॉकेट (एमआर-एमओसीआर) सौंपा है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक एमओसी-एमओसीआर एक आला स्वदेशी तकनीक है। जिसकी मदद से नौसैन्य प्लेटफॉर्म के चारों ओर एक माइक्रोवेव ढाल बनती है। जो इसे रडार की पकड़ में आने से बचाने के लिए सुरक्षा कवच प्रदान करती है। इसे डीआरडीओ की जोधपुर स्थित रक्षा प्रयोगशाला ने विकसित किया है।

## कोच्चि में शुरू हुआ सऊदी अरब की नौसेना के 76 प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** सऊदी अरब की नौसेना के 76 प्रशिक्षुओं का कोच्चि स्थित भारतीय नौसेना की दक्षिणी कमांड में प्रशिक्षण शुरू हो चुका है। यह प्रशिक्षुओं का दूसरा बैच है। जो भारत में नौसैन्य गतिविधियों से जुड़ा हुआ प्रशिक्षण ले रहा है। नौसेना ने बुधवार को बताया कि रॉयल सऊदी नेवल फोर्स ने कोच्चि में भारतीय नौसेना के प्रथम प्रशिक्षण स्क्वाड्रन में बीते 24 जून से प्रशिक्षण की शुरुआत की है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कुल चार सप्ताह तक चलेगा।

## पेज एक के शेष

### 20 बरस बाद खुले बंद...

दरवाजे खुले गए। बच्चों का यहां स्वागत हुआ। नियद नेल्लानार के जरिए विकास की पहुंच और स्कूल वेंडे वर्राट पंडूम से शिक्षा की मुख्यधारा में लौटने की अपील का असर अब माओवाद प्रभावित इलाकों में दिखने लगा है। 20 सालों से अशिक्षा का दंश झेल रहे मुदवेंडी, हिरोली, कावड़गांव व पुसनार गांव में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशों से और जिला प्रशासन के प्रयासों से सुनहरे भविष्य की किरणे दिखने लगी है और अब यहां के नौनिहाल क ख ग घ की शिक्षा से वंचित नही रहेंगे। बदलाव की यह शुरूआत स्कूल वेंडे वर्राट पंडूम के घर-घर दस्तक अभियान से संभव हुआ जब जिला प्रशासन की टीम शाला त्यागी और अप्रवेशी बच्चों की शाला में वापसी के लिए ग्रामीणों के बीच पहुंची। शिक्षा के फायदे और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ की जानकारी देकर ग्रामीणों को आश्वास्त किया गया कि भविष्य को संवारने में शिक्षा ही महत्वपूर्ण माध्यम है। सड़क सुरक्षा के विस्तार के बीच ग्रामीण अब आश्वस्त है कि उनके बच्चों का भविष्य विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा।

**शिक्षा के मुख्यधारा से जुड़कर प्रदेश का नाम करें रोशन :** शाला प्रवेत्शोत्सव के दिन जिले के सुदूर क्षेत्र गंगालूर के ग्राम पुसनार, कांवड़गांव व मुतवेंडी में पहुंचकर पुनः संचालित स्कूल के नव प्रवेशी विद्यार्थियों को शिक्षा के मुख्यधारा में जुड़कर मन लगाकर पढ़ाई करने व अच्छी शिक्षा प्राप्त कर घर-परिवार, समाज, प्रदेश व राष्ट्र का नाम रौशन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अज्ञानता के अंधकार को दूर करने शिक्षा के महत्व की जानकारी ग्रामीणों व बच्चों को देते हुए बताया जीवन की बहुत सी समस्याओं का हल शिक्षा से संभव है।

- अनुराग पाण्डेय, कलेक्टर, बीजापुर

### स्कूल वेंडे वर्राट पंडुम ...

नये स्कूल खोले जा रहे हैं। मुदवेंडी, डुमरीपालनार, तोड़का, सावनार, कोरचोली, हिरोली, पुसनार, कावड़गांव जैसे गांव में 20 साल बाद स्कूल खोला गया हैं।

### कावड़गांव में जहां नक्सलियों....

है। यहां सुरक्षा के साए में शिक्षा व विकास की गति देने जिला प्रशासन प्रयासरत है। नक्सल प्रभावित कावड़गांव में सलवा जुड़ूम के समय से ही स्कूल बंद हो चुके थे। यहां नक्सलियों का प्रभाव देखने को मिलता था लेकिन अब यहां के ग्रामीणों को विश्वास में लेकर विकास के साथ बच्चों को भविष्य गढ़ने प्रयास शुरू किया गया है।

### थाने से एसीबी ने एएसआई ...

हजार रुपए मांग रहा था। सूरजपुर जिले के रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम सूरता में लगभग 20 दिन पूर्व दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था।

### रिम्स के डॉक्टरों...

डाक्टर सवार थे, उससे टकरा गई। पुलिस के मुताबिक सड़क दुर्घटना में एमडी की पढ़ाई कर रहे गुजरात निवासी डॉ. स्मित पटेल तथा एमबीबीएस फाइनल इयर के छात्र राजस्थान कोटा निवासी डॉ. ऋषभ प्रसाद की मौत हुई है। कार सवार डॉ. शशांक तथा जियांशु को गंभीर चोटें आई हैं। एक अन्य कार में सवार पल्लव राय तथा पवन कुमार राठी सवार थे, दोनों डॉक्टर नागपुर जाने के लिए दूसरी कार में निकले थे, तभी यह हादसा हुआ। हादसा के बाद मौके पर पहुंची पुलिस तथा स्थानीय लोग राहत तथा बचाव कार्य में जुट गए।

### एक करोड़ के ...

ब्यूरो सदस्य कामरेड आंनद 5 दशक तक बिना थके काम कर रहे थे। लंबी सांस सबंधी बीमारी, शुगर व बीपी की समस्याओं से पिछले कुछ वर्षो से जूझ रहे थे। उन्होंने तेलंगाना-दंडकारण्य की सीमा पर एक गुरिल्ला बेस में अपनी अंतिम सांस ली। मौत के बाद नक्सल संगठन द्वारा अपने ही किसी ठिकाने में अंतिम संस्कार किए जाने की जानकारी है हालांकि नक्सलियों ने मौत की तारीख को काल्पनिक बताया है।

### भाजपा नेता ...

के विभिन्न संदिग्धों और नक्सल समर्थकों से जुड़े परिसरों पर कार्रवाई करते हुए बुधवार को तोयनार, कौशलनार, बडेनहोद, धौड़ाई और कोंगेरा गांवों में 12 स्थानों पर छापेमारी की गई। इसमें यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष लालू कोर्राम के घर कौशलनार के साथ यूथ कांग्रेस जिला महासचिव शिवानंद नाग के घर धौड़ाई में एनआईए ने दी दबिश गई। वहीं छापेमारी के बाद कांग्रेस समर्पित कुछ सरपंचों को कोतवाली थाना में पुलिस अभिरक्षा में रखा गया हैं। भाजपा नेता रतन दुबे की हत्या के मामले में कांग्रेसी नेताओं के घर एनआई की टीम पहुंचने की खबर सुबह से चल रही थी।

### 25 शिक्षकों पर गिरी गाज...

अनुपस्थित 25 शिक्षक और कर्मचारियों की पहचान करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

### इन शिक्षकों की...

रेणुका राय, शिक्षक एलबी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जुनवानी दिव्यनारायण रात्रे, व्याख्याता, शासकीय हाई स्कूल मोढ़े शारदा सिंह, शिक्षक पंचायत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिल्लीबंद बत्तीलाल मीना, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दर्रीघाट नलिनी अग्रवाल, सहायक शिक्षक पंचायत शासकीय प्राथमिक शाला सेंदरी अंकिता सिंह, शासकीय प्राथमिक शाला फोकटपारा बिल्हा रितु लोधी, सहायक शिक्षक पंचायत, शासकीय प्राथमिक शाला गोदईया कृष्ण शरण तिवारी, सहायक शिक्षक पंचायत शासकीय प्राथमिक शाला सोनसाय नवागांव कोटा प्रेमलता पाण्डेय और सहायक शिक्षक पंचायत शासकीय प्राथमिक शाला मनवा राकेश पाण्डेय शामिल हैं।

### इनके खिलाफ होगी...

शाला लावर, शिव कुमार व्याख्याता एलबी हाई स्कूल बछालीखुर्द कोटा, श्याम सुंदर तिवारी शिक्षक एलबी पूर्व माध्यमिक शाला सीपत मस्तुरी, केकती कौशिक शिक्षक एलबी पूर्व माध्यमिक शाला महमंद और जनपद बिल्हा की स्थापना के अंतर्गत अंकिता सिंह सहायक शिक्षक पंचायत प्राथमिक शाला सेंदरी शामिल है।

## इजराइल की नई चेतावनी, जल्द गाजा में हमास शासन का होगा खात्मा

एजेंसी ▶▶| जेरूसलम

हमास और इजराइल खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर दुनिया भर के लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है।



वहीं, इजराइल अपने लक्ष्य पर डटा हुआ है। उसका कहना है कि वह जल्द ही उत्तरी गाजा में हमास शासन को बदलने की योजना लागू करेगा।

**अब यह नई योजना :** हानेग्बी ने कहा, 'हम लंबे समय से इस योजना के बारे में बात कर रहे हैं। मगर तब हमारी कोशिश थी कि हमास को पूरी तरह से खत्म करना। हालांकि अब हमें इसके पूरी तरह से खत्म होने की प्रतीक्षा करने की जरूरत नहीं है। उस प्रक्रिया में लंबा समय लग सकता है।

### इजराइली सेना हमास के सदस्यों को खत्म करेगी

इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तजाची हानेग्बी ने बताया रीचमैन विश्वविद्यालय के वार्षिक हर्जलिया सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमास की शासन करने की क्षमता को खत्म करने से उन देशों के लिए अवसर खुलेंगे, जो गाजा में सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि गाजा में जो नया नेतृत्व होगा, उसमें इजराइल के अब्राहम समझौते के साझेदार, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और संयुक्त राष्ट्र शामिल होंगे। वहीं इजरायली सेना हमास के सदस्यों को ढूंढ-ढूंढ कर खत्म करना जारी रखेगी।


**न्यायालय तहसीलदार भटगाँव जिला सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

356/ 26.06.2024 — रा.प्र.क्र- 202406321030001 1 वर्ष 2023-24

// ईश्तहार // — ग्राम भटगांव, प.ह.नं. 05

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय कलेक्टर सारंगढ़- बिलाईगढ़ के मामला क्रमांक 202406321030001 1 वर्ष 2023-24 में उल्लेखित कार्यालय मुख्यनगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत भटगांव के पत्र क्रमांक/241/ न.पं.भ./ लो.नि.वि. /2024-2025 भटगांव, दिनांक 13/06/2024 बैठक दिनांक 9/01/2023 के प्रस्ताव क्र. 12 के द्वारा निकाय के आय में वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय भूमि खसरा नंबर 2626 रकबा 0.2100 हे. भूमि में दुकान निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया है एवं आबंटन की प्रत्याशा में कार्यालय द्वारा उक्त भूमि में निकाय को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से व्यवसायिक काम्पलेक्स का निर्माण कर लिया गया है। उक्त खसरा नंबर 2626 रकबा 0.2100 शासकीय भूमि में से 62X6= 372 वर्ग मीटर भूमि आबंटन प्रस्ताव किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में आप अपना अभिमत दिनांक 16/07/2024 तक इस न्यायालय में भेजना सुनिश्चित करें । नियत तिथि पर आपके विभाग से अभिमत प्राप्त नहीं होने पर आपके विभाग की मौन स्वीकृति मानते हुये प्रकरण का निराकरण किया जायेगा।
आज दिनांक 26/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की शील मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — तहसीलदार भटगांव

**न्यायालय तहसीलदार भटगाँव जिला सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

359/ 26/06/2024 — रा. प्र. क्र- 202406321300012 वर्ष 2023-24

ईश्तहार — ग्राम भटगांव, प.ह.नं. 05

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय मुख्यनगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत भटगांव का पत्र क्रमांक / 239 / न.पं.भ/ लो.नि.वि./2024-25 भटगांव, दिनांक 13/06/2024 प्राप्त। जिसके द्वारा नगर पंचायत भटगांव के प्रेसीडेन्ट इन काउंसिल के बैठक दिनांक 15/7/2022 के प्रस्ताव क्र. 5 के द्वारा निकाय के आय में वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय भूमि 2052 रकबा 0.8740 में से 250X13.50 वर्ग मीटर भूमि पर वार्ड क्र. 02 अडबंधा तालाब के पास मुख्य मार्ग स्ट्रीट वेंडिग जोन एवं दुकान निर्माण हेतु भूमि आबंटन किये वर्ग मीटर भूमि आबंटन का प्रस्ताव किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है ।
अतः उक्त संबंध में आप अपना अभिमत दिनांक 16/07/2024 तक इस न्यायालय में भेजना सुनिश्चित करें। नियत तिथि पर आपके विभाग से अभिमत प्राप्त नहीं होने पर आपके विभाग की मौन स्वीकृति मानते हुये प्रकरण का निराकरण किया जायेगा।
आज दिनांक 26/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की शील मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार भटगांव

**पूर्व तट रेलवे**

**सार्वजनिक सूचना**

पूर्व तट रेलवे के वाल्टियर मंडल के नीचे उल्लेखित दोहरी लाइन सेक्शन के सम्पूर्ण हो चुके सेक्शन में स्थित रेलवे लाइनों तथा परिसरों में तथा उसके आस-पास के जनसाधारण, सभी प्रयोगकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि माल गाड़ियों तथा सवारी गाड़ियों के संचालन के लिए सेक्शन के तहत निर्दिष्ट तारीख को मौजूदा लाइन के अतिरिक्त नई दोहरी लाइन (DN लाइन) की 25000 वोल्ट, HZ., AC ओवरहेड ट्रैक्शन तारों में विद्युत प्रवाहित की जाएगी। संबंधित तारीख को तथा उस दिन से ओवरहेड ट्रैक्शन लाइन को सब समय के लिए विद्युत प्रवाहित माना जाएगा। जनसाधारण से सतर्क रहने का अनुरोध किया जाता है कि वे रेलवे लाइन पर न तो बैठें और न ही अनधिकृत रूप से प्रवेश करें, क्योंकि ऐसा करना जीवन के लिए खतरा है। रेलवे अधिनियम के तहत रेलवे लाइन पर अनधिकृत प्रवेश एक दंडनीय अपराध है।

| सेक्शन एवं लंबाई | तारीख |
|---|---|
| दंतेवाड़ा-कामलुर (12.353 KM) दोहरी लाइन (KM: 402.128 से KM: 414.481 तक) | दिनांक 28.06.2024 को सुबह 10 बजे (1000 बजे) से |

PR-32/CH/24-25 — मुख्य अभियंता (CON-I), विशाखापट्टणम

**कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर जिला :- बस्तर (छ.ग.)**

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना**

क्र./ 1437/ न.पा.नि./ लो.नि.वि./2024 — जगदलपुर दिनांक 25.06.2024

नगरपालिक निगम जगदलपुर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत "डी" एवं ऊपर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "A" में, दर अनुसूची से कम एवं अधिक प्रतिशत दर दिनांक 23.07.2024 को सांय 05.30 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त समस्त निविदायें दिनांक 24.07.2024 को प्रातः 11.30 बजे खोले जावेगें । इस हेतु कोरे निविदा प्रपत्र दिनांक 15.07.2024 को सांय 05.00 बजे तक आवेदन पत्र के साथ निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क सहित प्रस्तुत करने पर दिनांक 16.07.2024 को कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय या विभागीय वेबसाइट www.nagarnigamjagdalpur.in एवं http://uad.cg.gov.in से एवं लोक निर्माण शाखा में देखी / प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम | नि.रा. (लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | पं. दीनदयाल वार्ड क्र. 19 में आजाद चौक के पास (प्रकाश झा घर के पास) आर.सी.सी. पुलिया निर्माण | 05.60 | 6000.00 |
| 2 | महारानी वार्ड क्र. 14 में बादल दत्ता घर से सुभाष घर तक आर.सी.सी. नाला निर्माण | 19.85 | 15000.00 |
| 3 | महारानी वार्ड क्र. 14 में विकास घर से सुशांत घर तक आर.सी.सी. नाला निर्माण | 48.24 | 37000.00 |

टीपः- उपरोक्त कार्यों निविदा शासन की स्वीकृति के प्रत्याशा में आमंत्रित किया जा रहा है । कार्य की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत अनुबंध सम्पादित कर कार्यादेश जारी किया जावेगा ।

"नगर पालिक निगम के करों का भुगतान कर नगर विकास में सहयोग करें।"

कार्यपालन अभियंता
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्युशन कं. लिमि**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम ) ( छ.रा.वि.मं. की एक उत्तरवर्ती कंपनी)

क्र./48-00/सामा./766 — कसडोल, दिनांक 26/06/2024

**बिजली बंद की सूचना**

समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 33 के.व्ही. पचरी फीडर एवं 33 के.व्ही. बरपाली फीडर में अति आवश्यक मेंटेनेंस कार्य ग्राम खपरीडीह के नर्सरी में बांस छंटाई व अन्य मेंटेनेंस कार्य हेतु दिनांक 29/06/2024, दिन-शनिवार को किया जाना है । जिसके अंतर्गत 33/11 के.व्ही. पुरगॉव, पचरी, धनसीर उपकेन्द्रों के सभी 11 के.व्ही. फीडर एवं 33/11 के.व्ही. भटगॉव उपकेन्द्र के 11 के.व्ही. भटगॉव फीडर व दुमहानी फीडर से संबंधित सभी ग्रामों की विद्युत आपूर्ति प्रातः 10:00 बजे से शाम 03:00 बजे तक बंद रहेगी। मौसम खराब होने या अन्य किसी कारण से दिनांक 29/06/2024 को मेंटेनेंस कार्य करना संभव नहीं हो पाया, तो यह कार्य दिनांक 30/06/2024 दिन रविवार को किया जावेगा। आवश्यकतानुसार समय में परिर्वतन किया जा सकता है।
स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा का संरक्षण करें।

आर. के. साहू 91543882)
कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे. पॉ. डिस्ट्री.कं.लिमि. कसडोल

**कार्यालय नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**

क्रमांक/ / लोक कर्म शाखा/न.पा.प./2024 — डोंगरगढ़, दिनांक 26/06/2024

**// द्वितीय मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //**


एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रुपये लाख में) | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | निकाय के विभिन्न विभागों में सामाग्री क्रय, निर्माण कार्य, मरम्मत संधारण, बोर खनन एवं पाईप विस्तारिकरण इत्यादि कार्य। | 133.10 | 08/07/2024 |

टीपः- उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://cgeprocurement.gov.in पर तथा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in/ से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़


## राशिफल


**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।


**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।


**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।


**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।


**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।


**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।


**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।



**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।


**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।


**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।


**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

## शब्द पहेली - 5554



**बाएँ से दाए-**
1.ईश्वर,करतार-3
3.मुस्कुराहट-3
5.ईख-2
6.रजनीगंधा -2, 1, 2
9.समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11.ताकत,दम-2
12.अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13.वेतन,पगार-3
16.मनोनीत,नामकृत-3
18.बंधक,गिरवी वस्तु-3
20.निशा,रात्री-3
22.वचन,प्रतिज्ञा-3
23.श्रीनगर की झील-2
24.मूल्य,कीमत-2
25.असावधान-3
28.धिक्कार,फटकार-3
30.हवा,पवन-3
31.झाझर,कुंभ-3
33.चिंतन-3
35.संस्कृत में मेरा-2
36.मादा का विलोम-2
38.कुबेर,भूत-2
40.परोपकारी,जितेंद्र की एक फिल्म-5
41.फलों का राजा-2
42.फूल चुननेवाली-3
43.घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1.तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2.बेकार-3
3.दीवान,खजांची-3
4.पैगंबर,रसूल-2
5.झूठ,मिथ्या -3
7.तेल में पकाना-3
8.आराम,मदद-3
10.गुलिस्ता-3
14.नरकभोगी-5
15.खुजली-2
17.सखा,दोस्त-2
18.मजा,आनंद-2
19.स्वदेशवासी-5
21.सुई (अंग्रेजी-3)
22.विष्णुप्रिया-3
26.पुनः,वापस-2
27.मर्करी,पारद-2
29.भीगा हुआ-2
30.वक्त,टाईम-3
31.अच्छी बुद्धि-3
32.निम्नता-3
34.मुलायम-3
35.बड़ा,विशाल-3
37.धनवान-3
39.माफी-2
41.उम्मीद-2

**शब्द पहेली -5553 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5565

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5564 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

डॉक्टर सजेशन

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## एक्सरसाइज करने से मिलेगी सरवाइकल पेन से राहत



**मेरी उम्र 44 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मेरी गर्दन के पिछले हिस्से में दर्द है। कभी-कभी खड़े होने पर आंखों के आगे अंधेरा छा जाता है। यह किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-नीरज, रोहतक**

आपने यह नहीं बताया कि आपका प्रोफेशन क्या है, क्या आप लंबे समय तक कंप्यूटर या लैपटॉप के साथ काम करते हैं। मौजूदा समय में तमाम लोगों को सर्वाइकल की समस्या हो रही है, इसकी मुख्य वजह लंबे समय तक एक ही पोजिशन में बैठना है। अगर ऐसा कुछ है तो आपको सबसे पहले एक्सरसाइज शुरू करनी चाहिए, इसके लिए फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क करें और सर्वाइकल की कुछ एक्सरसाइज सीखकर उसकी प्रैक्टिस शुरू कर दें, जिससे आपको स्थायी रूप इस दर्द से राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 31 वर्ष है। मुझे कुछ खाने का मन नहीं होता है। भूख महसूस नहीं होती है, कई घंटे कुछ ना खाने पर भी पेट भरा भरा-सा लगता है। कृपया इस समस्या का उपचार बताएं।**

**-अनुज, धमतरी**

आप बता रहे हैं कि आपको भूख नहीं लगती, इसका सामान्य कारण पाचन क्रिया प्रभावित होना होता है, जिससे खाया गया खाना डाइजेस्ट नहीं होता है। आप सबसे पहले खान-पान में थोड़ा परिवर्तन करें। तला, भुना खाना बंद कर दें। दोपहर के खाने में सलाद, दही और पपीता खाएं। रात में हल्का खाना खाएं और सोने से तीन घंटे पहले खाना खा लें। इस तरह थोड़ा परिवर्तन करके देखें, अगर आराम मिलता है तो ठीक है, नहीं तो आप एक बार फिजिशियन डॉक्टर से संपर्क करें।

**मेरी उम्र 25 वर्ष है। कभी-कभी मेरे सिर के दाहिनी तरफ तेज दर्द होने लगता है। धूप में निकलने पर या गर्मी में यह प्रॉब्लम अधिक होती है। कृपया इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-राजन, रायपुर**

माइग्रेन में ऐसे ही लक्षण देखे जाते हैं। तेज धूप में निकलने पर सिर दर्द हो जाता है। यह दर्द एक ओर होता है। इससे बचाव का एक ही तरीका है कि आप उन स्थितियों से बचें, जिससे आपका सिर दर्द शुरू होता है। आप डॉक्टर से संपर्क करके कोई मेडिसिन लिखवा लें और तेज दर्द होने पर उसे खा लिया करें।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। अकसर छोटी-छोटी बातों को लेकर मैं चिंतित और तनावग्रस्त हो जाता हूं। टेंशन की वजह से कई बार मेरा ब्लड-प्रेशर भी बढ़ जाता है। कुछ ऐसा उपाय बताएं, जिससे मैं चिंता और तनाव पर नियंत्रण रख सकूं।**

**-सदानंद, भोपाल**

इसका सबसे बेहतर तरीका है कि उन चीजों का समाधान करें, जिससे तनाव होता है। साथ ही आप सुबह-शाम आस-पास के पार्क में सैर और योग करें, इससे तनाव कम करने में मदद मिलेगी। अगर ब्लड प्रेशर ज्यादा बढ़ रहा है तो जरूर आप चिकित्सक से संपर्क कर कोई दवा लिखवा लें और उसे नियमित ले सकते हैं।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरे फेस पर अकसर कील-मुंहासे निकल आते हैं। कई क्रीम यूज कर चुका हूं। लेकिन उनसे कोई खास फायदा नहीं हुआ। इनसे छुटकारा पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-चेतन, डोंगरगढ़**

इस समस्या के लिए बाजार में उपलब्ध तरह-तरह के क्रीम लगाकर आप एक्सपेरिमेंट ना करें। इससे समस्या कम होने के बजाय और बढ़ सकती है। बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। आपको वे कोई मेडिसिनल क्रीम एडवाइस करेंगे, जिनका नियमित रूप में इस्तेमाल करें। इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 36 वर्ष है। मैं फील्ड-जॉब करता हूं। धूप में बाहर रहने से मेरी स्किन टैन हो जाती है। कृपया बताएं कि टैनिंग और सन-बर्न से कैसे बचा जा सकता है?**

**-मंजीत, बिलासपुर**

टैनिंग से बचने के लिए आप कोशिश करें कि कम से कम धूप में निकलें। अगर धूप में निकलना अनिवार्य है तो त्वचा का एक्सपोजर कम से कम हो, इसके लिए हाथ पैर ढंक कर रखें। साथ ही सनस्क्रीन लगा सकते हैं। इसके अलावा आप किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से कंसल्ट कर लें। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

अवेयरनेस

रेखा देशराज

विशेषः विश्व मधुमेह जागृति दिवस

आमतौर पर डायबिटीज होने की मुख्य वजह गलत जीवनशैली और अनहेल्दी खान-पान को फॉलो करना होता है। यही वजह है कि हाल के वर्षों में इसकी गिरफ्त में सबसे ज्यादा यंगस्टर्स ही आ रहे हैं। आज विश्व मधुमेह जागृति दिवस के अवसर पर यंगस्टर्स को डायबिटीज के प्रति अवेयर करने, उसके लक्षणों और बचाव के तरीकों के बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

## यंगस्टर्स में तेजी से बढ़ रही डायबिटीज की प्रॉब्लम





इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 7 करोड़ 50 लाख लोग डायबिटीज या मधुमेह से पीड़ित हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि मधुमेह से पीड़ित इन लोगों में बड़े पैमाने पर (20 से 25 फीसदी तक) युवा हैं, जिन्हें आमतौर पर पहले लाइफस्टाइल बीमारियां कम हुआ करती थीं। लेकिन वर्तमान में डायबिटीज एक ऐसी जानलेवा लाइफस्टाइल बीमारी बन गई है, जिसने पूरी दुनिया पर अपना शिकंजा कसा है। इसके चलते हर साल दुनिया भर से 67 लाख लोग असमय मौत के मुंह में समा जाते हैं। अकेले भारत में ही 6 लाख से ज्यादा लोग हर साल डायबिटीज की वजह से समय पूर्व मर जाते हैं। इसलिए हर साल 27 जून को विश्व मधुमेह जागृति दिवस मनाया जाता है, विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के लिए।

### डिस्टर्ब लाइफस्टाइल का परिणाम

मधुमेह को साइलेंट किलर डिजीज इसलिए कहते हैं, क्योंकि चुपके से होने वाली एक जानलेवा बीमारी है। इसे होने से रोक पाना तो आसान होता है, लेकिन एक बार हो जाए तो फिर उससे छुटकारा पाना बहुत मुश्किल होता है। आमतौर पर मधुमेह बेतरतीब जीवनशैली का दुष्परिणाम होता है। इस दौर में युवाओं को ना सिर्फ सबसे ज्यादा मानसिक श्रम करना पड़ता है बल्कि उससे भी कहीं ज्यादा तनाव में रहना पड़ता है, क्योंकि हर तरफ जिंदगी में भागम-भाग लगी हुई है। अगर अलग-अलग क्षेत्रों के मानदंडों के हिसाब से देखें तो इस समय जहां 20वीं सदी के मध्य के दशकों के मुकाबले काम-काज के घंटे औसतन 2 से 3 बढ़ गए हैं, वहीं देखने वाली एक बात यह भी है कि आज काम-काज का तौर-तरीका बेहद जटिल और तनावपूर्ण हो चुका है। पहले जहां इंसान मैन्युअल तरीके से काम किया करता था, तो उसके काम-काज में गंभीर प्रतिस्पर्धा नहीं होती थी, लेकिन आज इंसान की सामान्य गतिविधियों में भी 50 प्रतिशत तक



तकनीक का हस्तक्षेप हो गया है, इसलिए आज काम-काज का तरीका बहुत तेज रफ्तार हो गया है, जो कि ज्यादा सजगता और लगातार ज्यादा मेहनत की मांग करता है।

### मेंटल प्रेशर भी है वजह

मौजूदा दौर में लोगों के बीच जानलेवा प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है और इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण बेहतर लाइफस्टाइल हासिल करने की होड़ है। क्योंकि इतिहास के किसी भी दौर से ज्यादा आज लोगों में उपभोक्तावादी प्रवृत्ति हावी है, इसलिए लोग ज्यादा से ज्यादा उपभोग करते हैं और ज्यादा से ज्यादा काम के बोझ से भी लदे रहते हैं। इन सब स्थितियों ने हमारी जीवनशैली को अतीत के मुकाबले ज्यादा आसान और सुविधायुक्त तो बनाया है, लेकिन ये सुविधाएं बहुत ज्यादा कीमत वसूल रही हैं। इस वजह से युवाओं में बहुत ज्यादा तनाव है, इस कारण पहले जो युवा मस्त और बेफिक्र हुआ करते थे, आज ऐसे युवा ढूंढ़ने पर भी नहीं मिलते। करियर से लेकर अच्छी नौकरी, आरामतलब लाइफ की चाहत और समय पर ईएमआई चुकाने का युवाओं पर जो भयानक दबाव है, उस दबाव को न झेल पाने के कारण हर साल भारत में हजारों नए युवा डायबिटीज के चक्रव्यूह में फंसने के लिए मजबूर हैं।


### यंगस्टर्स बरतें पूरी सावधानी

जीवनशैली की ऐसी स्थितियों को देखते हुए युवाओं को विशेष रूप से इस जानलेवा बीमारी से बचने की जरूरत है। पूरी दुनिया में जो 53 करोड़ 70 लाख लोग मधुमेह से पीड़ित हैं, उनमें करीब 17 करोड़ युवा हैं। भारत में करीब एक करोड़ से ज्यादा युवा अलग-अलग टाइप की डायबिटीज से पीड़ित हैं। इसलिए उन्हें अपने खान-पान से लेकर दिनचर्या तक में ज्यादा से ज्यादा सजग और अनुशासित रहना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, चाहे युवा हों या अधेड़, डायबिटीज से तभी बच सकते हैं, जब हम इससे अतिरिक्त रूप से सजग रहें और डायबिटीज के शुरुआती लक्षणों के दिखते ही सही ट्रीटमेंट शुरू कर दें।

### इन लक्षणों पर रखें नजर

बहुत सारे युवाओं को यह समझना थोड़ा मुश्किल होता है कि क्या वे डायबिटीज से पीड़ित हैं? यह जानने का सबसे आसान तरीका डायबिटीज के कुछ लक्षण हैं। डायबिटीज का शुरुआती लक्षण ब्लड प्रेशर का बढ़ना है। शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ सकती है। अकसर तनाव में रहने के कारण भूख भी कम लगती है और आंखों के नीचे बहुत कम उम्र में ही काले-काले धब्बे दिखने लगते हैं। कुछ लोगों को जहां डायबिटीज में कम या बिल्कुल भूख नहीं लगती, वहीं कुछ दूसरे लोगों को ज्यादा भूख लगने लगती है। बार-बार थकान लगना, प्यास बहुत लगना, अचानक आंखों के सामने अंधेरा छा जाना और आखों की रोशनी का धीरे-धीरे कम होते जाना। डायबिटीज के ये सब लक्षण हैं और इसके कारण आप तेजी से बूढ़े दिखने लगते हैं। इसके अलावा याद्दाश्त कम होने लगती है और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से अरुचि हो सकती है। *

### बचाव का तरीका



**युवाओं को** डायबिटीज को लेकर विशेष रूप से सजग रहना चाहिए। उन्हें इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए और इसके शुरुआती लक्षणों पर नजर भी रखनी चाहिए। इससे बचाव का सबसे आसान तरीका है कि नियमित रूप से एक्सरसाइज की जाए। फास्ट फूड या जंक फूड्स के सेवन से बचा जाए। हर दिन युवा मोबाइल स्क्रीन पर जो 4 से 5 घंटे का वक्त बिताते हैं, उसे घटाकर एक से सवा घंटे तक लाया जाए और हर दिन भरपूर नींद ली जाए। अगर ये उपाय किए जाएं तो युवाओं का डायबिटीज से आसानी से बचाव हो सकता है। लेकिन अगर आप डायबिटीज से ग्रस्त हो ही जाएं तो ट्रीटमेंट शुरू करने में देर नहीं करनी चाहिए। इससे उसे कंट्रोल किया जा सकता है।

सेल्फ ट्रीटमेंट

डॉ. मोहित गुप्ता
कार्डियोलॉजिस्ट
जीबी पंत हॉस्पिटल, दिल्ली

आमतौर पर कोई सामान्य या गंभीर रोग होने पर मेडिकल ट्रीटमेंट की सलाह दी जाती है। यह तो जरूरी है ही लेकिन इसके साथ ही अगर आप सकारात्मक सोच के साथ निरंतर निरोग होने का संकल्प लेते हुए ध्यान भी करें तो चमत्कारी लाभ होता है।

## गंभीर रोगों में भी कारगर संकल्प-सही सोच-ध्यान




हालांकि आज के दौर में कम ही लोग इस बात को मानते हैं लेकिन इसमें संदेह नहीं कि दृढ़ संकल्प से कोई भी कार्य सिद्ध हो सकता है। हमारा मन ही अपने संकल्पों को दृढ़ या कमजोर करता है। कई बार हमें अपने संकल्पों पर विश्वास ही नहीं होता है कि वह पूरा भी होगा। इससे हमारी संकल्प की शक्ति कमजोर पड़ जाती है। अपने संकल्पों की शक्ति को किसी भी परिस्थिति में कमजोर ना होने दें। यदि हमारे मन की स्थिति सकारात्मक है तो संकल्प जरूर पूरा होता है। बीमारियों के इलाज में भी यह बात लागू होती है।

**ट्रीटमेंट में कारगर है संकल्प शक्तिः** आंतरिक शक्ति यानी संकल्प से किसी भी रोग का इलाज हो सकता है। इस बात को समझना बेहद जरूरी है कि हमारी सोच ही हमें बीमार और अच्छा बनाती है। जब मरीज हमारे पास आते हैं और हम उनके अंदर हिम्मत और उल्लास भरते हैं तो वह हील करने लगता है। आज साइंस भी मान चुका है कि मजबूत मनोबल वाले मरीजों का जब इलाज किया जाता है, तब दूसरे मरीजों की अपेक्षा वे जल्दी स्वस्थ होते हैं।

**ध्यान-योग बढ़ाए सकारात्मकताः** सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने के लिए योग और राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करना बेहद प्रभावी है, क्योंकि यह हमारे संकल्पों को पावरफुल बनाता है। जब हमारा दृष्टिकोण पॉजिटिव और पावरफुल होगा, तब हमारा जीवन भी पॉजिटिव और पावरफुल होगा। लोग नकारात्मक दृष्टिकोण, नकारात्मक भावनाओं और परिस्थितियों को अपने मन में लंबे समय तक बैठा लेते हैं, जो हमें बहुत नुकसान पहुंचाती है। उसी तरह हमारे पुराने या निरर्थक संकल्प, नेगेटिव संकल्प हमारे अंदर सकारात्मक संकल्पों को आने ही नहीं देते हैं। इसके कारण अच्छी चीजों को देखने की हमारी शक्ति क्षीण हो जाती है। मेडिटेशन का अभ्यास हमें यह सिखाता है कि अपने दृष्टिकोण, सोच और व्यवहार को बदलें। जब हम अपने संकल्पों को बदलकर सकारात्मक करते हैं तो उससे हमारी दृष्टि, वृत्ति, कृति, संस्कृति और सृष्टि सब बदल जाती है।

**रोज दोहराएं सकारात्मक संकल्पः** किसी रोग की हीलिंग का काम केवल डॉक्टरों का ही नहीं है, बल्कि हीलिंग के लिए बहुत आवश्यक है कि अपने संकल्पों को बहुत पावरफुल बनाएं और उस पावरफुल संकल्पों को बनाने के लिए अपने मनोबल और सोच को भी पावरफुल बनाना बहुत आवश्यक है। रोग के लिए दवाई तो जरूर लें, लेकिन इसके साथ ही मेडिटेशन यानी ध्यान को भी अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं। इसके अलावा रोज ईश्वर को आभार व्यक्त करने का अभ्यास जरूर करें। रात को सोने से पहले तीन संकल्प अवश्य करें- पहला, मैं अपने आज के कार्य को समाप्त करता हूं। दूसरा, आज का दिन बहुत परफेक्ट और अच्छा रहा। जो कुछ भी मेरे साथ हुआ, उस नेगेटिव और पॉजिटिव भावना को अपने मन में नहीं रखूंगा और हर आत्मा के पति शुक्रिया की भावना रखूंगा। तीसरा, मेरा आने वाला कल सुपर, परफेक्ट और वंडरफुल होगा। उसको मुझे पावरफुल तरीके से क्रिएट करना है।

इन संकल्पों का अभ्यास रोज पूरे दिन में करना है। रोज अपने मन की सफाई करनी है। अपने मन में पॉजिटिव और अच्छे संकल्पों को रखना है। जब भी आप कुछ खाएं तो परमात्मा की याद में खाएं, क्योंकि भोजन भी हमें हील करता है। दवाई भी परमात्मा को याद करके खाना चाहिए। इन सबसे आप शीघ्र स्वस्थ होंगे, निरोग जीवन जिएंगे। *

**प्रस्तुति:संध्या रानी**

हर्बल जोन

## कई रोगों में उपयोगी जल ब्राह्मी



जल ब्राह्मी या गोटू कोला एक बारहमासी पौधा है, जो अजमोद परिवार का सदस्य है। इसमें विटामिन बी, विटामिन सी, प्रोटीन और टैनिन जैसे कई महत्वपूर्ण तत्व पाए जाते हैं। हर्बल एक्सपर्ट्स कहते हैं, अगर आप अपने स्किन का ख्याल प्राकृतिक तरीके से रखना चाहते हैं तो गोटू कोला को अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल कर सकते हैं।

**क्या है जल ब्राह्मी:** इसकी पत्तियां छोटे-मोटे पंख के आकार की होती हैं और इनमें सफेद या हल्के बैंगनी रंग के फूल आते हैं। इसका वैज्ञानिक नाम 'सेंटेला एशियाटिका' है। इसमें बहुत छोटे-छोटे अंडाकार फल निकलते हैं, जिनका कई औषधियों में इस्तेमाल होता है। लेकिन सबसे ज्यादा यह त्वचा को निखारने के लिए जानी जाती है। घावों को ठीक करने, मानसिक मंदता को दूर करने, कुष्ठ रोग और सोरायसिस के इलाज के लिए भी इसे यूज किया जाता है।

**त्वचा का रखवाला:** गोटू कोला नेचुरल एंटी-इंफ्लेमेट्री गुणों से भरपूर होता है। यह त्वचा को प्रदूषकों से होने वाले नुकसान से बचाता है। यह त्वचा की प्राकृतिक नमी को बरकरार रखता है और अत्यधिक गर्मी या सर्दी से त्वचा में आने वाली सूजन, लालिमा, रैशेज आदि को दूर करने में मदद करता है। यह त्वचा में कोलेजन को बरकरार रखता है, जिस कारण त्वचा कसी और चिकनी बनी रहती है। नियमित रूप से गोटू कोला का इस्तेमाल करने से त्वचा में झुर्रियों जैसे लक्षण बहुत कम दिखते हैं। इसके इस्तेमाल से जहां त्वचा साफ होती है, वहीं त्वचा में मौजूद नुकसानदायक टॉक्सिन भी बाहर निकल जाते हैं। गोटू कोला के एस्ट्रेंजमेंट स्वभाव के कारण ये चेहरे की त्वचा में मौजूद गैरजरूरी तेल को बाहर निकाल देता है और पोर्स को अच्छी तरह से साफ कर देता है, जिससे चेहरा बेहद निखरा-निखरा नजर आता है।

**कई रोगों में कारगरः** गोटू कोला में एंटीसेप्टिक गुण भी होते हैं। इसलिए इसके इस्तेमाल से त्वचा विभिन्न तरह के संक्रमणों से बची रहती है। अगर त्वचा में कहीं कोई घाव हो गया है तो गोटू कोला के नियमित इस्तेमाल से घाव बहुत जल्दी भर जाता है। यह तनाव भी कम करता हैं। जो लोग समय से पहले बूढ़े दिखने लगते हैं, उन्हें गोटू कोला का इस्तेमाल किसी हर्बल एक्सपर्ट की देख-रेख में करना चाहिए। यह शरीर में कफ को कम करता है, वात को शांत करता है और पित्त के लिए टॉनिक है। यह आर्थराइटिस में भी कारगर है और एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव के चलते इसका हमारे इम्यून सिस्टम पर भी सकारात्मक असर रहता है।

बहुगुणकारी होने के बावजूद गोटू कोला का इस्तेमाल हमेशा एक्सपर्ट की देख-रेख में ही करना चाहिए। * **-एफएमएन**

डाइट सजेशन

राजकुमार 'दिनकर'

देश-दुनिया के अनेक लोगों में ओवर वेट या ओबेसिटी एक बड़ी समस्या बनकर उभर रहा है। हालांकि इसे कंट्रोल करने में फिजिकल एक्टिविटी सबसे कारगर है लेकिन डाइट में बदलाव करके भी बढ़ते वेट को कंट्रोल कर सकते हैं।

## खान-पान में बदलाव से कर सकते हैं वेट कंट्रोल



कई-कई घंटे सिटिंग वर्क करना, काम की अधिकता और समय की कमी के कारण दिन भर अस्त-व्यस्त रहना, अनियमित दिनचर्या, ये कुछ ऐसी हैबिट्स हैं, जिनके चलते हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। इसका परिणाम सबसे पहले हमारी बढ़ी हुई तोंद यानी बैली फैट के रूप में सामने आता है। यह अकारण नहीं है कि आज देश-दुनिया में हर पांचवां नौजवान औसत से ज्यादा मोटा और हर आठवें नौजवान की तोंद बाहर निकली हुई है। हालांकि मिड और ओल्ड एज में यह समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। ओवर वेटेड या एक्स्ट्रा बैली फैट वाली फिगर हमारी पर्सनालिटी को तो बिगाड़ती ही है, यह हमारे लिए कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को भी जन्म देता है।

**लापरवाही है मुख्य वजहः** बॉडी वेट बढ़ना इस बात का परिचायक है कि आप अपनी हेल्थ और फिटनेस को लेकर लापरवाही बरतते हैं। अपनी लाइफस्टाइल पर ध्यान नहीं देते हैं और जरूरी फिजिकल एक्टिविटी नहीं करते हैं। इसके लिए डॉक्टर की सलाह पर वर्कआउट करने के साथ ही अपनी डाइट में भी कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**पुदीना-सौंफ-मूलीः** अगर आपका बैली फैट बढ़ा हुआ है, तो आपके लिए पुदीना काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। नियमित रूप से इसकी चटनी और पुदीने से बनी चाय पीजिए। जल्द ही एक्स्ट्रा फैट से निजात मिलेगी। आपके लिए सौंफ भी काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। इसके लिए आधा चम्मच सौंफ को एक कप पानी में उबालें और फिर करीब 10 मिनट तक के लिए इसे ढंककर रख दें। इसके बाद इस पानी का सेवन करें। लगातार तीन महीने तक ऐसा करने से आपके बढ़े हुए वजन में कमी दिखने लगेगी। मूली को सलाद के रूप में खाने के अलावा इसके रस का सेवन करना भी वेट लूज करने में हेल्पफुल हो सकता है। दो बड़े चम्मच मूली के रस में शहद की बराबर मात्रा मिलाकर, इसे पानी के साथ पी लें। एक महीना ऐसा करने से आपके वजन में निश्चित रूप से फर्क दिखेगा।



**ये भी हैं फायदेमंदः** टमाटर और प्याज भी फैट कम करने में काफी फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इसके लिए खाने के साथ टमाटर और प्याज के सलाद पर काली मिर्च पावडर और नमक डालकर खाइए। इससे बढ़ता वजन कम होने लगेगा। करेले की सब्जी खाने से भी वजन में फर्क पड़ता है। इसके लिए कम तेल में कटे हुए करेले की सब्जी खाएं लेकिन तले हुए करेले की सब्जी ना खाएं। ग्रीन-टी भी मोटापा कम करने में सहायक है। ग्रीन-टी का सेवन तभी फायदेमंद है जब इसमें चीनी और दूध ना मिलाया जाए। लौकी का जूस वजन घटाने का एक अच्छा माध्यम है। इससे आपका पेट भी भरा रहता है और इसमें मौजूद फाइबर्स शरीर को स्वस्थ रखते हैं। जाहिर है, मोटापा तो कंट्रोल में रहता ही है। अपने वेट को लूज करने में गाजर की भी काफी उपयोगिता है। इसके लिए खाना खाने से कुछ देर पहले गाजर खाएं। गाजर का जूस भी वजन कम करने में सहायक होता है। पपीता भी फायदेमंद है। लंबे समय तक पपीते का सेवन फैट को कम करता है। मोटापा कम करने के लिए छाछ का सेवन भी काफी उपयोगी है। लेकिन लस्सी की तरह इसे ना पीएं। कहने का सार यही है कि शारीरिक मेहनत करने के साथ खान-पान में यहां बताए गए बदलाव के जरिए भी आप अपना बैली फैट कम कर सकते हैं, मोटापे को नियंत्रित कर सकते हैं। लेकिन वेट लूज करने के लिए यहां बताई गई किसी भी डाइट को फॉलो करने से पहले अपने डॉक्टर से कंसल्ट जरूर कर लें। *



# सास शर्मिला टैगोर की बात सुन भन्ना जाएंगी करीना...

**नई दिल्ली।** शर्मिला टैगोर इन दिनों अपने बयानों को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म 'एनिमल' और हिट फिल्म 'क्रू' देखने के बाद अपना रिव्यू दिया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि उन्होंने किरण रॉय की फिल्म 'लापता लेडीज' को भी देखा। अब इन तीनों फिल्मों के बाद उन्होंने अपनी फीलिंग शेयर की और बताया कि उन्हें कौन सी फिल्म सबसे बेस्ट लगी। यूट्यूब चैनल दिल से पर बात करते हुए शर्मिला टैगोर ने हिट फिल्म क्रू पर अपनी राय साझा की। इस फिल्म में करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन लीड रोल में थी। यह फिल्म एविएशन इंडस्ट्री की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें सभी चीजें मजेदार हैं।



हालांकि शर्मिला को यह फिल्म बेहद 'बेतुकी' लगी। शर्मिला ने 'क्रू' का रिव्यू करते हुए कहा- इस फिल्म की एक अच्छी बात थी कि ये उस सोच पर वार करती है कि महिला ही महिला की दुश्मन है, लेकिन बाकी सब पर यकीन करना बेहद मुश्किल है। जैसे फिल्म के एक सीन में प्लेन लैंडिंग का सीन, एक तिजोरी तोड़ रही है और तीनों औरतों अलग -अलग चीजें करती आ रही हैं। ये थोड़ा हकीकत से परे लगता है। बेशक इस फिल्म में तीन लीड एक्ट्रेसेज थीं और बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा बिजनेस रहा है। ऐसे में जाहिर है इस तरह की फिल्मों के लिए दरवाजे खुले हैं।

# श्रीदेवी की सुपरहिट फिल्म के क्लाइमैक्स ने छुड़ा दिए थे अच्छे-अच्छों के पसीने, ओटीटी पर भी कायम रहा जलवा

*नई दिल्ली।* *साल 2017 में आई दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। खासतौर पर फिल्म के सस्पेंस और क्लाइमैक्स ने तो लोगों को दीवाना बना दिया था। ओटीटी पर आने के बाद भी इस फिल्म का जलवा कायम रहा था। फिल्म 'इंग्लिश विंग्लिश' के बाद श्रीदेवी ने फिल्म 'मॉम' के साथ बॉलीवुड में वापसी की थी। इस फिल्म को ना सिर्फ दर्शक बल्कि क्रिटिक्स ने भी खूब सराह था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। थिएटर के बाद जब ये फिल्म ओटीटी पर भी आई तो इस फिल्म का जलवा कम नहीं हुआ था। मां-बेटी के खूबसूरत रिश्ते पर बनी फिल्म इस की कहानी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। मॉम में पहली बार नवाजुद्दीन सिद्दीकी, श्रीदेवी ने साथ-साथ काम किया था। इस फिल्म में श्रीदेवी की बेटी का रोल पाकिस्तानी एक्ट्रेस सजल अली ने निभाया था। इस फिल्म ने रिलीज होते ही दर्शकों के दिल पर गहरी छाप छोड़ी थी। फिल्म को रिलीज के पहले हफ्ते में ही सुपरहिट मान लिया गया था। फिल्म को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स को देखते हुए इसे कई भाषाओं में डब किया गया था। सभी भाषाओं में ही इस फिल्म ने शानदार कमाई की। श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम' ने चीन में रिलीज के बाद कितने रिकॉर्ड्स तोड़ती है। इस फिल्म के लिए श्रीदेवी को उनके निधन के बाद 'नेशनल अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया था। चीन में जब ये फिल्म रिलीज हुई थी तो बोनी कपूर काफी भावुक हो गए थे। श्रीदेवी की इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी का लुक देखकर तो लोगों के होश ही उड़ गए थे। फिल्म की कहानी ने तो दर्शकों को दीवाना बनाया ही था। साथ ही इस क्राइम-थ्रिलर फिल्म का सस्पेंस देख लोगों का दिमाग हिल गया था। फिल्म में क्लाईमैक्स ऐसा था जिसने लोगों को सीट से बांधे रखने का काम किया था।*




# लज्जो के लिए मिल रहा बेइंतहा प्यार...



*मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा जल्द ही मां बनने वाली हैं। उनका थर्ड ट्राइमेस्टर चल रहा है। अब उन्होंने इंस्टा पोस्ट शेयर करके बताया है कि वो कैसा फील कर रही हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा- 'तीसरा ट्राइमेस्टर अपने साथ बेचैनी, अनिद्रा, एसिड ट्रिपी सपने, पीठदर्द, माइग्रेन और रोने वाला मूड लेकर आता हैतो यहां पर पास्ट की कुछ झलकियां हैं।' उन्होंने आगे लिखा कि प्रमोशन के दौरान इंडियन कपड़े पहनना पसंद आया। क्योंकि फ्यूचर बेहतर होगा, लेकिन पास्ट आज से बेहतर है। उन्होंने लगभग दो महीने हो गए हैं, लेकिन मुझे लज्जो के लिए बेइंतहा प्यार मिल रहा है। उन्होंने पति का इंस्टा यूजरनेम मेंशन करते हुए लिखा कि जल्दी घर आओ।*

# अमिताभ ने मुंबई में खरीदी 59.58 करोड़ रुपए मूल्य की तीन प्रॉपर्टी

**मुंबई।** इस वक्त अमिताभ बच्चन द्वारा मुंबई में करोड़ों की प्रॉपर्टी खरीदे जाने की खबरें सुर्खियों में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेता ने मुंबई में 59.58 करोड़ रुपये की कुल कीमत के तीन कार्यालय संबंधी प्रॉपर्टी खरीदी है। उनकी खरीदी हुई ये तीनों 2701, 2801 और 2901 नंबर प्रॉपर्टी 8,429 वर्ग फीट के संयुक्त क्षेत्र में फैली हुई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वीर सावरकर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ हुए इस सौदे में तीन कार पार्किंग स्थल भी शामिल हैं और इसके लिए उन्होंने 3.57 करोड़ रुपए की स्टैम्प ड्यूटी भी चुकाई है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि उनका ये ऑफिस सिग्नेचर बिल्डिंग में हैं, जहां काजोल, सारा अली खान और कार्तिक आर्यन जैसे स्टार्स के ऑफिस भी हैं। ये पहली बार नहीं है जब महानायक अमिताभ बच्चन ने प्रॉपर्टी खरीदी है। उन्होंने इससे पहले भी कई देश-विदेश में प्रॉपर्टी खरीद चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इससे पहले 2024 में, उन्होंने अलीबाग में 10 करोड़ रुपए की जमीन खरीदी थी।





# नागार्जुन ने पूरी की फैन की मुराद

**मुंबई।** बीते दिनों साउथ इंडस्ट्री के लोकप्रिय अभिनेता नागार्जुन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। उसमें वे मुंबई एयरपोर्ट से निकलकर आ रहे थे। इस दौरान एक दिव्यांग प्रशंसक उनसे मिलने के लिए दौड़ा, लेकिन नागार्जुन के बॉडीगार्ड ने प्रशंसक को न सिर्फ रोक दिया, बल्कि जोर से धक्का भी मारा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ और लोगों ने नागार्जुन की आलोचना की। वीडियो वायरल होते देख नागार्जुन ने सोशल मीडिया पर माफी मांगी। अब उन्होंने इस प्रशंसक से मुलाकात भी की है। नागार्जुन के बॉडीगार्ड ने जिस दिव्यांग प्रशंसक को धक्का मारा था, अभिनेता उससे मिलते नजर आए हैं। उनका एक वीडियो सामने आया है, जो विरल भियानी के इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया गया है।



# ताहिरा ने साझा किया अपना अनुभव

**मुंबई।** ताहिरा कश्यप के निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'शर्माजी की बेटी' इस महीने ओटीटी पर रिलीज को तैयार है। इस फिल्म में साक्षी तंवर, दिव्या दत्ता और सैयामी खेर मुख्य भूमिकाओं में हैं। ताहिरा कश्यप ने कहा कि उन्हें इस फिल्म में एक ए लिस्ट मेल एक्टर को लेने का सुझाव दिया गया था। इसके अलावा ताहिरा कश्यप ने फिल्म के पीछे हुए देर की वजह भी बताई। बातचीत के दौरान ताहिरा ने कहा कि यह देखते हुए कि फिल्म 'शर्माजी की बेटी' के लिए उन्होंने अपने नजरिए के प्रति सच्चे रहने के महत्व पर जोर दिया, भले ही दूसरे सहमत न हों। लोगों ने फिल्म बनाने के लिए कास्टिंग विकल्पों सहित कुछ और स्टीरियोटाइप के हिसाब से उन पर दबाव डाले। ताहिरा ने कहा कि फिल्म के लिए प्रोड्यूसर की तलाश चुनौतीपूर्ण रही।

# मारेडुमिली वन क्षेत्र में हो रही है 'स्वयंभू' की शूटिंग



**नई दिल्ली।** अभिनेता निखिल सिद्धार्थ अपनी नई फिल्म 'स्वयंभू' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के जरिए दर्शकों को दमदार एक्शन देखने की उम्मीद है। निखिल की पिछली फिल्म 'स्पाई' थी, जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। इसे दर्शकों की ओर से मिली जुली प्रतिक्रियाएं मिली थी। 'स्वयंभू' को लेकर ताजा अपडेट यह है कि फिलहाल मारेडुमिली वन क्षेत्र में फिल्म में शूटिंग चल रही है, जो आंध्र प्रदेश में स्थित है। यह इलाका बेहद खूबसूरत है। निखिल के साथ अन्य कलाकार भी सेट पर जमें हुए हैं। इस लोकेशन पर फिल्म के कुछ अहम सीन को शूट किया जाएगा। सेट डिजाइन का काम एम प्रभाकरन की देख-रेख में हो रहा है। 'स्वयंभू' का निर्देशन भरत कृष्णामाचारी कर रहे हैं। फिल्म में निखिल सिद्धार्थ के साथ-साथ संयुक्ता भी मुख्य भूमिका अदा कर रही हैं। इन दोनों के अलावा नाभा नटेश भी अहम किरदार में दिखाई देंगे। यह एक पीरियड एक्शन-एडवेंचर ड्रामा फिल्म है, जिसका फैंस को बेसब्री से इंतजार है। 'स्वयंभू' का निर्माण पिक्सेल स्टूडियो के तहत भुवन और श्रीकर कर रहे हैं और टैगोर मधु फिल्म को प्रस्तुत कर रहे हैं। फिल्म में रवि बसरूर का संगीत सुनने को मिलेगा।

# 'हर आदमी दो पत्नियां चाहता है'
## अरमान के बयान पर भड़कीं देवोलीना



**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी-3' जब से शुरू हुआ है। यह तब से खबरों में है। शो में भाग लेने वाले अरमान मलिक को सबसे ज्यादा विरोध का सामना करना पड़ रहा है। शो में केवल वे ही नहीं उनकी दोनों पत्नियां पायल मलिक और कृतिका मलिक को भी लोग काफी ट्रोल कर रहे हैं। हाल ही में दीपक चौरसिया से बात करते हुए अरमान ने कहा था कि 'हर आदमी 2 पत्नियां चाहता है'। अब उनके इस बयान पर एक्ट्रेस बिग बॉस फेम एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी ने आपत्ति जताई है। उन्होंने उनके बयान को गलत करार दिया। इसके साथ ही बताया कि उनके इरादे 'अश्लील'हैं। देवोलीना भट्टाचार्जी ने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें अरमान यह कहते हुए सुने जा सकते हैं, 'हर आदमी दो पत्नियां चाहता है।' यह बात 'साथ निभाना साथिया'की अभिनेत्री को पसंद नहीं आई और उन्होंने अरमान की इस टिप्पणी के लिए उनकी खिंचाई की। उन्होंने लिखा, 'मैं हर आदमी के बारे में तो नहीं कह सकती, लेकिन निश्चित रूप से जो लोग गंदे इरादे रखते हैं, वे 2, 3 या 4 पत्नियां रखना चाहते होंगे। कृपया यह गंदगी बंद करो। भगवान के लिए यह बंद करो। किसी दिन अगर वही पत्नियां कहने लगें कि उन्हें भी 2-2 पति चाहिए, तो उसे भी देखना अच्छा लगेगा।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी —सुविधा हमारी—

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## एजूकेशन स्पेशल

कोटा पर सर्कल मोनो आवश्य देखें।
कोटा स्टडी सर्कल®
भिलाई/रायपुर



राहुल चेलक
468/720 (SC)

NEET, IIT-JEE
PET/PAT

विशेषताएं
- कोटा ट्रेन्ड टीचर्स
- हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम के प्रथक प्रथक बैचस
- गर्ल्स एवं बॉयस के लिए अलग होस्टल

रायपुर कोटा सेंटर
भाटिया कॉम्प्लेक्स, नियर राजकुमार कॉलेज जीई रोड रायपुर,
9301547784

भिलाई कोटा सेंटर
बिल्डिंग न. 150
न्यू सिविक सेंटर, भिलाई
9098534927

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 MO. 8109070600, 7869230888.(RO-6278)

आवश्यकता है- तत्काल आवश्यकता है बंगलो एवं ऑफिस मे कार्य करने हेतु सुरक्षा गार्ड की तत्काल आवश्यकता है अनुभव- 5 से 10वर्ष उम्र 30 से 40 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही संपर्क:- 9109222000.(RO-2849)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### टीचर

आवश्यकता है- महिला शिक्षिका पदों की आवश्यकता है पद-05 अंग्रेजी माध्यम शैक्षणिक योग्यता- BSC/ MSC/ BED/M.A. विषय- गणित/ भौतिकी/ रसायन/ सा. विज्ञान, दिनांक- 26/ 6/ 2024 से 30/6/2024 तक तत्काल संपर्क करें। पता- प्राचार्य- आदर्श सदावती उच्च माध्यमिक विद्या मंदिर पं. काशीराम नगर कॉलोनी रायपुर मोबाइल- 9329112794.(RO-6296)

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- आफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में कार्य हेतु लड़की की एवं शीघ्र प्रारंभ होने वाले लाइब्रेरी में रिसेप्शनीस्ट हेतु लड़की / लड़का की आवश्यकता है। कॉल/मैसेज/ संपर्क:- मो.- 98261-90059. (Ro-513)

क्लासीफाईड

### थैरेपी सेन्टर

आवश्यकता है- नुगा बेस्ट थैरेपी सेंटर में फीमेल स्टाफ आवश्यकता है सैलरी योग्यतानुसार, योग्यता 10वीं, 12वीं संपर्क करें। शिव हेल्थ केयर सेंटर इंडियन बैंक के ऊपर, डंगनिया मोड़, सुंदर नगर, रायपुर मों. 7566181849, 7746070142, संपर्क करें। मां नर्मदा इंटरप्राइजेस गुरुनानक गर्ल्स हॉस्टल के नीचे, ट्राफी फैक्ट्री के बाजू में, गोविंद नगर, पंडरी मों 8602824656.(RO-6298)

### वर्कर

आवश्यकता है- रावांभाठा स्थित तालपत्री शॉप में कार्य करनें हेतु मेंहनती वर्कर की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन। संपर्क करें- श्री कृष्णा तालपत्री एण्ड हार्डवेयर, रिंग रोड नम्बर- 2, भनपुरी, रायपुर (RO-1617)

### मैनेजर/एकाउंटेंट

आवश्यकता है- सेल्स मैनेजर सिनियर- 4, ऑटोमोबाइल अनुभवी सेल्स एक्जीक्यूटिव- 4, एकाउंटेंट अनुभवी– 2, ड्राइवर (आटोमेटिक -2 गाड़ी हेतु, घरेलू) प्यून (सुपरवाइजर) - 2, गार्ड (चौकीदार) 3, कुक घरेलू महिला -2 घर सफाई महिला -2 अच्छे लोगों को रहने रूम दी जायेगी सभी कागजात लेकर मिलें हीरापुर टाटीबंध रायपुर W / a 6266919200.(RO-2848)

### मार्केटिंग

Required- Diploma / BE in any stream for Marketing in Raipur Siltara & Urla Industries MV RAJ SALES PVT LTD PLOT NO 300/1, BHANPURI, RAIPUR EMAIL report@rajsales.net Mobile - 7999185103, 9827926841. (आरो न -516)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क - खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गैरेज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा रायपुर (RO-M)

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्कता हैं,आकर्षक वेतन । संपर्क - समय 12 से 7 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट,पंडरी,रायपुर । (RO-134)

### आवश्यकता

आवश्यकता है- ज्योति ऑप्टिकल कम्पनी शो रूम में कार्य करने हेतु युवक एवम युवतियों की आवश्यकता है, मिले- शाम 4 से 5 ,ज्योति ऑप्टिकल तहसील ऑफिस रोड ,सराफा बाजार दुर्ग(आरो न.-223)

### कुक

आवश्यकता है- देवेंद्र नगर सेक्टर- 5 E/176 में खाना बनाने हेतु अनुभवी तलाकशुदा महिला कुक चाहिए रहने खाने की व्यवस्था है। मोबाइल- 9826136230.(RO-6295)

आवश्यकता है- कुक -1, साउथ इंडियन चाइनीज- 2, हेल्पर- 3, वेटर ( महिला)- 3, की शीघ्र ही आवश्यकता है, संपर्क करें- तथास्तु कैफे, सुंदरनगर, रायपुर, कॉल- 9145495890, 9425200777 (RO-6299)

आवश्यकता है- घरेलू कार्य, खाना बनाना ऑफिस में टेली कॉलिंग हेतु लड़की /महिला चाहिए खाना रहना फ्री पार्ट /फुल टाइम पता:- गोकुल टावर गुढ़ियारी रायपुर 9039321951. (RO-2855)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

आवश्यकता है- सेक्टर-3 (जनता) देवेन्द्र नगर, रायपुर में दिन में सुबह 10 से शाम 7 बजे तक घरेलू काम करने के लिये एक लड़की/ महिला की जरूरत है सम्पर्क करें 7327097200 (RO-34602)

### मैनेजर

आवश्यकता है- दुर्ग भिलाई- सर्वे कार्य में मैनेजर की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यतानुसार- MO.- 62682-79954. (आरो न.-223)

### वेल्डर/हेल्पर

आवश्यकता है- अहिरवारा रोड ढाबा गांव के पास स्थित फैक्ट्री के लिए वेल्डर एवं हेल्पर की आवश्यकता है. संपर्क 9977454909. (RO-12768)

### मैकेनिक/हेल्पर

आवश्यकता है- टाटीबंध रायपुर स्थित कंपनी में जनरेटर ऑपरेटर एवं मैकेनिक कम हेल्पर की आवश्यकता है। फ्रेशर भी अप्लाई कर सकते हैं ट्रेनिंग फ्री,वेतन योग्यतानुसार 9009188977.(RO-Aditya)

### आवश्यकता

आवश्यकता है- दवा कंपनी में कार्य करने हेतु 8वीं/10वी, पढ़े लड़को की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार मिलने का समय शाम 6से 7 संपर्क- डॉ.एच.सी.अग्रवाल स्वरूप टॉकिज के सामने ब्राईट फनिर्चर के पीछे स्टेशन रोड दुर्ग मो.-94255-55659.(आरो न.-6350)

### पैकिंग/हेल्पर कार्य

आवश्यकता है- बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता है रूम बिजली की सुविधा फ्री। पता- बंजारी मंदिर के पास, रावाभाटा, रायपुर, 7471176423. (RO-34623)

### अन्य

आवश्यकता है- Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 7003467406 , 7645886307.(RO-274)

आवश्यकता है- भारतीय वनविभाग जिलानुसार लड़के लड़कियों की सीधीभर्ती फील्डऑफिसर , फॉरेस्टरेंजर , सिक्योरिटी/ फॉरेस्टगार्ड , माली , कंप्यूटरऑपरेटर ,(पद -1280 ), (सैलरी 23500 - 48500 ) रहना +खाना + मेडिकल फ्री ! इच्छुक अपना नामपता आधारकार्ड, मार्कशीट व्हाट्सएप (संजय शुक्ला) - 9120184952.(RO-271)

हरिभूमि क्लासीफाईड

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
CLASSIFIED RATE CARD
15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

Colour 20% Extra Charge For Disply

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.

5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x2 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## Healthcare

टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
परखनली शिशु केन्द्र



1994 से आपकी सेवा में
उपलब्ध सुविधाएं
- आई.व्ही.एफ.
- इक्सी
- आई.यू.आई.
- लेप्रोस्कोपी
- हिस्ट्रोस्कोपी

संपर्क
डॉ. विजया वाकोडकर
वाकोडकर नर्सिंग होम
नेहरू नगर वेस्ट भिलाई
फोन : 9329029731

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## 'पहले उपयोग न करने व बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई' का है परमाणु सिद्धांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को भारत के परमाणु क्षमता सिद्धांत से रूबरू कराते हुए कहा कि यह 'पहले उपयोग न करने और बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई' के सिद्धांत पर आधारित है। उन्होंने कहा कि परमाणु हथियारों से होने वाला खतरा एक बार फिर भू-राजनीतिक परिदृश्य की केंद्रीय भूमिका में आ गया है।



यह जानकारी सीडीएस ने 26 जून को राजधानी में सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए दी। इसका विषय परमाणु रणनीतिः समकालीन विकास और भविष्य की संभावनाएं रखा गया था। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें बताया कि जनरल अनिल चौहान ने अपने संबोधन में पारंपरिक युद्ध की बदलती प्रकृति, तरीकों और उनकी विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला।

## कंधे से दागे जाने वाला कवच रोधी हथियार है जैवलिन

# भारत खरीदेगा रूस के छक्के छुड़ाने वाली अमेरिकी मिसाइल

**जैवलिन 46 राउड का हथियार कंधे से दागा जा सकता है**

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली

यूक्रेन ने रूस के खिलाफ अपनी लड़ाई में सबसे ज्यादा जिस हथियार का इस्तेमाल किया है, जो है एफजीएम-18 जैवलिन मिसाइल, जिसने रूसी सेना के छक्के छुड़ाकर रख दिए हैं। कंधे से दागे जाने वाला कवच रोधी इस हथियार के भारत में बनने की संभावना काफी ज्यादा बढ़ है। अगर भारत और अमेरिका के बीच बातचीत कामयाब होती है, तो हो सकता है, कि एफजीएम-18 जैवलिन मिसाइल का निर्माण भारत में हो। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन की हाल ही में भारत यात्रा के दौरान, दोनों पक्षों ने एफजीएम-18 जैवलिन हथियार के संयुक्त उत्पादन के लिए कई प्रस्तावों पर चर्चा की है, जिसमें भारतीय सेना के लिए जेवलिन एंटी-टैंक मिसाइल सिस्टम शामिल है।





### एफजीएम-18 जैवलिन की खासियत

अमेरिका के डिफेंस कॉन्ट्रैक्टर रेथियॉन और अमेरिकी हथियार कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने एफजीएम-18 जैवलिन का निर्माण किया है और 46 पाउंड का यह हथियार कंधे से दागा जा सकता है। इस हथियार की सबसे बड़ी खासियत ये है, कि ये युद्ध के मैदान में किसी भी टैंक या मोबाइल वाहन को भेदने की क्षमता रखता है। यह हेलीकॉप्टरों को भी मार गिराने की क्षमता रखता है। भारतीय सेना करीब एक दशक से कंधे से दागे जाने वाले एटीजीएम हथियार की तलाश कर रही है।

### मार गिराने में सक्षम जैवलिन

जैवलिन अपनी क्षमता का प्रदर्शन युद्ध में कर चुका है। जैवलिन दुश्मन को मार गिराने सक्षम है। अमेरिका ने यूक्रेन को 10,000 से ज्यदा जैवलिन सिस्टम की आपूर्ति की है। विशेषज्ञों का मानना है, कि इस हथियार ने यूक्रेन की पैदल सेना को, रूस की विनाशक मशीनी हथियारों को मार गिराने की अभूतपूर्व क्षमता दी है। अगस्त 2023 के अंत में, अमेरिकी रक्षा दिग्गज लॉकहीड मार्टिन ने कहा था, कि वह अमेरिकी रक्षा कॉन्ट्रैक्टर रेथियॉन के साथ मिलकर काम करते हुए, 2026 तक मौजूदा जैवलिन उत्पादन दर को 2,100 प्रति वर्ष से लगभग दोगुना करके 4,000 तक करने की योजना बना रहा है।

### भारत को है ऐसे हथियार की तलाश

भारतीय सेना अपने पूर्वी और पश्चिमी प्रतिद्वंद्वियों (चीन और पाकिस्तान) से मुकाबला करने के लिए अपनी मारक क्षमता को बढ़ाने की कोशिश कर रही है। जून 2023 में, भारत ने लाइसेंस-निर्मित बीएमपी-2/2के 'सारथ' इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स पर लगाए जाने वाले 5,000 फायर-एंड-फॉरगेट मिसाइलों और 500 लॉन्चर सिस्टम के अधिग्रहण के लिए एक फत्रक्षक जारी किया। एटीजीएम में शीर्ष और प्रत्यक्ष हमले करने की क्षमता होनी चाहिए। उनकी लंबाई 1.25 मीटर से कम, वजन 25 किलोग्राम और 125 मिमी कैलिबर होना चाहिए।

## जयशंकर ने म्यांमार से मांगा भारतीयों की वापसी के लिए सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने बुधवार को नई दिल्ली में म्यांमार के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री यू थान श्वे के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इसमें उन्होंने भारत की सीमा के करीब म्यांमार में लगातार जारी हिंसा, अस्थिरता के गंभीर प्रभाव को लेकर चिंता जाहिर की और म्यावाडी क्षेत्र में फंसे हुए भारतीय नागरिकों का मुद्दा उठाते हुए उनकी जल्द स्वदेश वापसी के लिए सहयोग मांगा। म्यांमार में 1 फरवरी 2021 को सेना द्वारा तख्तापलट के जरिए सत्ता पर कब्जा करने के बाद यह पहला ऐसा मौका है। जब भारत या उसकी तरफ से विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने म्यांमार के सैन्य शासन (जुंटा) के साथ सार्वजनिक रूप से मुलाकात की है। वहां सैन्य जुंटा और रेजिस्टेंस फोर्स के बीच में संघर्ष जारी है। इसके चलते कई जिलों में भयंकर हिंसा के साथ तनाव पसरा हुआ है। म्यांमार के उप प्रधानमंत्री किसी विदेश यात्रा से म्यांमार लौटते वक्त राष्ट्रीय राजधानी में विदेश मंत्री एस.जयशंकर से मिले।



- नई दिल्ली में विदेश मंत्री एजयशंकर ने म्यांमार के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री यू थान श्वे के साथ हुई पहली बैठक में उठाया यह मुद्दा

### म्यांमार में लोकतंत्र बहाली के पक्ष में भारत

उन्होंने कहा कि आज म्यांमार के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री यू शान के साथ बैठक हुई। इसमें भारत की सीमा के पास जारी हिंसा और अस्थिरता को लेकर चिंता प्रकट की। साथ ही यह स्पष्ट किया कि इस स्थिति से निपटने के लिए भारत सभी हितधारकों के साथ बातचीत करने के लिए तैयार है। म्यावाडी क्षेत्र में फंसे भारतीयों की शीघ्र भारत वापसी के लिए भी सहयोग मांगा। म्यांमार में लोकतांत्रिक परिवर्तन के मार्ग पर जल्द वापसी का आग्रह किया। इसके लिए भारत हर प्रकार से सहयोग करने के लिए तैयार है।

## केन्या में हिंसक प्रदर्शनों के बीच भारत ने अपने नागरिकों को जारी किया परामर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

**खास बातें**

- भारतीय दूतावास ने कहा, अत्यंत सावधानी बरतने और अनावश्यक आवाजाही को प्रतिबंधित करने की दी सलाह

अफ्रीकी देश केन्या में बीते कुछ वक्त से कर विधेयक को लेकर सरकार के खिलाफ जारी हिंसक प्रदर्शनों के बीच भारत ने अपने नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है। इसमें उनसे मौजूदा चिंताजनक हालात के बीच अत्यंत सावधानी बरतने, अनावश्यक आवाजाही पर रोक लगाने और हिंसाग्रस्त इलाकों से दूर रहने की सलाह दी गई है। भारत की सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

गौरतलब है कि पिछले मई महीने में केन्या की संसद ने एक कर विधेयक को मंजूरी प्रदान की है। इसके लागू होते ही देश में शिक्षा, स्वास्थ्य से लेकर सभी जरूरी सरकारी सेवाएं महंगी होने की आशंका के चलते केन्या के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। पिछले मंगलवार को प्रदर्शनकारी केन्या के संसद भवन परिसर में घुस गए थे और उन्होंने इसके एक हिस्से में आग लगा दी थी। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़प हुई। जिसमें करीब दस लोगों की मौत हो गई है। केन्याई सरकार का उक्त बिल को लेकर यह कहना है कि इसके जरिए उसका राजस्व बढ़ेगा। जिसका उपयोग वह आम जनता से जुड़ी कल्याणकारी योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए करेगी।

## सैम फिर से संभालेंगे ओवरसीज कांग्रेस की जिम्मेदारी

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** सैम पित्रोदा फिर से ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष बना दिये गए। कांग्रेस महासचिव संगठन, केसी वेणुगोपाल ने उनके पुनर्नियुक्ति की घोषणा की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पित्रोदा को फिर इस इस पद पर बहाल करने पर मुहर लगाया। लोकसभा चुनाव के वक्त एक बाद एक उनकी विवादित टिप्पणियों से सियासी माहौल कांग्रेस के लिए खराब हो रहा था, जिसकी वजह से उनके कई वक्तव्यों से कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने किनारा कर लिया था। जिसमें अमेरिका में किसी अमीर के मरने के बाद टैक्स स्वरूप उनकी संपत्ति के 55 फीसदी हिस्से को अमेरिकी सरकार द्वारा अधिगृहितू किये जाने को चुनाव के पीक समय में सही ठहराने पर खासा विवाद हुआ था।



## बदले वीजा नियम, कनाडा में घटी भारतीय छात्रों की तादाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

**खास खबर**

खालिस्तानी आतंकवाद के मुद्दे पर भारत-कनाडा के मध्य जारी तल्खी के बीच वर्क परमिट और वीजा नियमों में किया गया बदलाव भी दोनों के बीच परेशानी का सबब बन सकता है। कनाडा द्वारा हाल ही में वीजा नियमों को कुछ इस तरह से परिवर्तित किया गया है। जिसके बाद वहां जाकर परास्नातक (पीजी) करने वाले भारतीय छात्र वर्क परमिट और वीजा के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार ने एक नियम बनाया है कि कनाडा में परास्नातक (पीजी) करने वाले छात्र अब वर्क परमिट या वीजा के लिए आवेदन नहीं कर सकते हैं। इस तमाम घटनाक्रम के बीच भारतीय छात्रों की कनाडा जाने में रुचि घट रही है और वो दुनिया के अन्य देशों जैसे ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया की ओर रुख कर रहे हैं। अनुमानित आंकड़ों के हिसाब से पिछले साल अगस्त तक भारतीय छात्रों में कनाडा अध्ययन का एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र था।




### पहले आगंतुक वीजा से चल जाता था काम

भारतीय छात्र पहले कनाडा में आगंतुक वीजा के जरिए प्रवेश करते थे और उसके बाद इसे वर्क परमिट में बदल दिया जाता था। छात्रों के बीच विजिटर वीजा से वर्क परमिट की यह प्रक्रिया काफी प्रचलित थी। लेकिन अलग-अलग कारणों की वजह से कनाडा के प्रशासन ने यह सुविधा वापस ले ली है। यहां बता दें कि इस साल की शुरुआत में कनाडाई सरकार ने गारंटीड इन्वेस्टमेंट सर्टिफिकेट शुल्क को भी दोगुना कर दिया है। इसके अलावा परास्नातक के अलावा स्नातक छात्रों को भी वर्क परमिट देने से इंकार कर दिया है। इन कारणों की वजह से भारतीय छात्र अध्ययन के लिए अब बाकी देशों की ओर जा रहे हैं।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय
Khadi India

एमएसएमई हमारी अर्थव्यवस्था के लिए अति महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यह नवपरिवर्तन और रोजगार प्रदान करते हैं तथा विकास में उल्लेखनीय योगदान देते हैं। हमारी सरकार इस क्षेत्र को अत्यधिक प्राथमिकता प्रदान कर रही है।
- श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



विकसित भारत के लिए एमएसएमई

- पिछले 10 वर्षों में पंजीकृत एमएसएमई में 20 गुना की भारी वृद्धि हुई है, पंजीकृत एमएसएमई की संख्या 2014 में केवल 22 लाख से बढ़कर अब 4.6 करोड़ हो गई है।
- उद्यम पंजीकरण पोर्टल ने एमएसएमई के लिए सरल और निःशुल्क पंजीकरण सुनिश्चित किया है।
- पिछले 10 वर्षों में अकेले एमएसएमई क्षेत्र में 20 करोड़ से अधिक रोजगार पैदा हुए हैं, जो समान विकास में योगदान दे रहे हैं।
- पीएम विश्वकर्मा योजना ने 18 व्यवसायों के कारीगरों और शिल्पकारों को आरंभ से अंत तक समग्र सहायता प्रदान की है; लॉन्च के 9 महीनों के भीतर 2.22 करोड़ नामांकन हो गए हैं।
- क्रेडिट गारंटी स्कीम के अंतर्गत पिछले 10 वर्षों में सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए 5.56 लाख करोड़ रुपये की 73.57 लाख की क्रेडिट गारंटी प्रदान की गई।
- पीएमईजीपी के अंतर्गत 19,800 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी के साथ 6.93 लाख नए सूक्ष्म उद्यम स्थापित किए गए, जिससे 55 लाख से अधिक व्यक्तियों के लिए रोजगारों का सृजन हुआ है।
- लोक प्रापण नीति के माध्यम से समावेशी विकास के लिए प्रयास किए गए। इसके अलावा, राष्ट्रीय एससी-एसटी हब, अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति को समग्र समर्थन और पथ-प्रदर्शन सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। एससी-एसटी एमएसई से खरीद में 15 गुना की वृद्धि हुई है।
- खादी की बिक्री में पांच गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों के संवर्धन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का सृजन हुआ है।

उद्यमी भारत
अग्रणी। आधुनिक। आत्मनिर्भर

CBC 25113/15/0004/2425

श्री जीतन राम मांझी, केंद्रीय एमएसएमई मंत्री, सुश्री शोभा करंदलाजे, केंद्रीय राज्य मंत्री (एमएसएमई) की उपस्थिति में 'अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस 2024' के अवसर पर 'उद्यमी भारत कार्यक्रम' की अध्यक्षता करेंगे।

27 जून 2024 को सुबह 11:00 बजे
डॉ. अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली

### कर और सलाहकार कंपनी ईवाई ने जताई राय

# बजट में मानक कटौती दोगुनी करने या कर छूट की सीमा बढ़ाने पर हो विचार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आगामी बजट में कराधान सुधारों की प्राथमिकताओं का उल्लेख करते हुए ईवाई ने कहा है कि सरकार को कर ढांचे को सुव्यवस्थित करने, आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत ढांचे को बेहतर बनाने और निवेश तथा वृद्धि के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

सरकार को आगामी बजट में नई रियायती कर व्यवस्था के तहत मानक कटौती को दोगुना करके एक लाख रुपये करना चाहिए या मूल कर छूट की सीमा को बढ़ाकर 3.5 लाख रुपये करना चाहिए। कर और सलाहकार कंपनी ईवाई ने यह राय जताई है।

## टीडीएस प्रावधान को युक्तिसंगत बनाया जाए

ईवाई ने सुझाव दिया कि कॉरपोरेट कर की दरों में स्थिरता रखी जाए, टीडीएस प्रावधान को युक्तिसंगत बनाया जाए, तथा विवाद समाधान को सुव्यवस्थित किया जाए। कंपनी ने कहा कि व्यक्तिगत कर के मोर्चे पर छूट/कटौती के बिना रियायती कर व्यवस्था जारी रहनी चाहिए।

## छूट सीमा 3.5 लाख रुपए किया जा सकता है

ईवाई ने नई सरकार के समक्ष नीतिगत प्राथमिकताओं को सूचीबद्ध करते हुए कहा कि इसे और अधिक आकर्षक बनाने के लिए रियायती कर व्यवस्था के तहत मानक कटौती को मौजूदा 50,000 रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये किया जा सकता है या कर छूट सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर 3.5 लाख रुपये किया जा सकता है।

*स्वैच्छिक कर अनुपालन की स्थिति बेहतर हुई : ईवाई ने कहा कि सरकार ने प्रौद्योगिकी और डेटा-संचालित कर अनुपालन प्रक्रियाओं में सुधार के लिए कई स्वागतयोग्य कदम उठाए हैं। इनमें पहले से भरे गए रिटर्न, वार्षिक सूचना विवरण, कर भुगतान में आसानी, रिटर्न और रिफंड की तेज प्रक्रिया आदि हैं। इससे स्वैच्छिक कर अनुपालन की स्थिति बेहतर हुई है।*




- मूल कर छूट की सीमा बढ़ाकर 3.5 लाख करने पर हो विचार
- सरकार को कर ढांचे को सुव्यवस्थित करने पर देना होगा ध्यान

## 50 हजार की मानक कटौती प्रदान की जाती है

वर्तमान कर प्रणाली के तहत करदाता पुरानी व्यवस्था और कम दरों और नई रियायती व्यवस्था के बीच चयन कर सकते हैं। जहां पुरानी व्यवस्था में विभिन्न छूट और कटौती प्रदान की जाती है तो वहीं नई कर व्यवस्था में 50,000 रुपये की मानक कटौती प्रदान की जाती है लेकिन कोई छूट प्रदान नहीं की जाती है।

## होटल को बुनियादी ढांच का दर्जा दिया जाए

फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) ने सरकार से सभी श्रेणियों के होटल और 10 करोड़ रुपये या इससे अधिक की परियोजना लागत पर निर्मित सम्मेलन केंद्रों को बुनियादी ढांचे का दर्जा देने का अनुरोध किया है। एफएचआरएआई का मानना है कि इससे होटल उद्योग में बजट खंड को बढ़ावा मिल सकेगा।

## जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने की मांग

अपनी बजट-पूर्व सिफारिश में एफएचआरएआई ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को युक्तिसंगत बनाने की भी मांग की है तथा सभी होटल पर 12 प्रतिशत की जीएसटी दर का प्रस्ताव रखा है। एफएचआरएआई के अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने बयान में कहा, 'सभी शहरों में होटल और सम्मेलन केंद्रों को बुनियादी ढांचे का दर्जा देना निवेश आकर्षित करने और आतिथ्य क्षेत्र में वृद्धि को गति देने के लिए महत्वपूर्ण है।'

## होटल उद्योग में बजट खंड को मिले बढ़ावा

एफएचआरएआई ने कहा कि आतिथ्य महासंघ द्वारा वित्त मंत्रालय के समक्ष रखे गए प्रमुख अनुरोधों में से एक यह है कि 'सभी श्रेणियों के होटल और 10 करोड़ रुपये या उससे अधिक की परियोजना लागत पर निर्मित सम्मेलन केंद्रों को बुनियादी ढांचे का दर्जा दिया जाए, ताकि होटल उद्योग में बजट खंड को बढ़ावा दिया जा सके।'

# दूरसंचार कंपनियों ने 11,300 करोड़ से अधिक मूल्य का स्पेट्रम खरीदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की स्पेक्ट्रम नीलामी दूसरे दिन बोली शुरू होने के कुछ घंटों के भीतर ही समाप्त हो गई। इसमें दूरसंचार कंपनियों ने कुल मिलाकर 11,300 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का स्पेक्ट्रम खरीदा, जो कि सरकार द्वारा बिक्री के लिए रखी गई रेडियो तरंगों के अनुमानित मूल्य 96,238 करोड़ रुपये का 12 प्रतिशत से भी कम है।

नीलामी में 800 मेगाहट्र्ज से 26 गीगाहट्र्ज के बीच कुल 10 गीगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम की पेशकश की गई। कुल 11,340 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं। अनुमान है कि सात दौर की बोलियों में केवल 140-150 मेगाहट्र्ज ही बेचे गए हैं। नीलामी के पहले दिन 25 जून को पांच दौर की बोलियां लगाई गईं। अधिकारियों ने पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे नीलामी समाप्त करने की घोषणा कर दी। इस 2024 की नीलामी में 800 मेगाहट्र्ज, 900 मेगाहट्र्ज, 1,800 मेगाहट्र्ज, 2,100 मेगाहट्र्ज, 2,300 मेगाहट्र्ज, 2,500 मेगाहट्र्ज, 3,300 मेगाहट्र्ज और 26 गीगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम बैंड की पेशकश की गई थी। इस बार स्पेक्ट्रम के लिए बोलियां उम्मीद से बेहद कम मिलीं। बाजार पर्यवेक्षकों ने सीमित बोली की अपेक्षा ही की थी क्योंकि दूरसंचार कंपनियां मुख्य रूप से स्पेक्ट्रम नवीनीकरण पर और अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए रेडियो तरंगों पर चुनिंदा रूप से ध्यान केंद्रित कर रही हैं।



- स्पेक्ट्रम नीलामी दूसरे दिन ही समाप्त हो गई
- 12 प्रतिशत से भी कम की बोलियां मिलीं

## होड में जियो, एयरटेल और वीआईएल रही

इस नीलामी में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया (वीआईएल) उच्च गति मोबाइल सेवा को समर्थन देने वाली रेडियो तरंगों के लिए होड़ में रहीं। बोलियों का विस्तृत ब्योरा या दूरसंचार कंपनियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से दी गई सटीक राशि अभी स्पष्ट नहीं है।

## सोना 250 रुपए लुढ़का और चांदी में 900 रुपए की गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोना 250 रुपये के नुकसान के साथ 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। सोना 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी पिछले बंद भाव के मुकाबले 900 रुपये की गिरावट के साथ 90,600 रुपये प्रति किलोग्राम रह गयी। पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। , दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थीं।

**पूर्व तट रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. EPC-CECONIVSKP 2024025, दिनांक: 18.06.2024

कार्य का नाम: KK लाइन पर कोरापुट-जगदलपुर दोहरीकरण परियोजना: पूर्व तट रेलवे की जगदलपुर-कोरापुट दोहरीकरण परियोजना के संबंध में जारी एवं मालिगुडा स्टेशनों के बीच छह सुरंगों (सुरंग सं. T1 - CH. 1707 M से 1990 M तक, T2 - CH. 3240 M से 3540 M तक, T3 - CH. 4510 M से 4620 M तक, T4 - CH. 5120 M से 5420 M तक, T5 - CH. 6140 M से 6250 M तक तथा T6 - CH. 10027 M से 10285 M तक (कुल - 1397 M) के लिए बैलास्ट रहित ट्रैक की डिजाइन, जांच, निर्माण, परीक्षण एवं शुरू करने के साथ अन्य सहायक कार्यों का निष्पादन।

कार्य की अनुमानित लागत: रु. 910.13 लाख, EMD: रु. 4,55,100.00, कार्य समापन की अवधि: 04 (चार) महीने।

निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: दिनांक 19.07.2024 को 1200 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही वे सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं निहित शर्तों पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्तावों को अवैध माना जाएगा तथा इसके संबंध में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज के साथ संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। प्रत्याशित निविदाकारों को इस निविदा के लिए जारी किए जाने वाले किसी भी संशोधन/शुद्धिपत्र नोट करने के लिए निविदा बंद होने की तारीख से पंद्रह दिन पहले वेबसाइट पुनः अवलोकन करने की सलाह दी जाती है। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होने चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत किया होना चाहिए। ई-निविदा में सिर्फ पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ही भाग ले सकते हैं।

निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उचित सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए एवं सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (CON)
PR-33/CH/24-25 भुवनेश्वर

## तीसरा 'इंडस-एक्स' निवेशक सम्मेलन सितंबर में होगा

**वाशिंगटन।** 'इंडस-एक्स निवेशक सम्मेलन' के तीसरे संस्करण का आयोजन सितंबर में सिलिकॉन वैली में किया जाएगा। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने यह जानकारी दी। अमेरिका के रक्षा विभाग और भारत के रक्षा मंत्रालय ने पिछले साल 21 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वाशिंगटन की आधिकारिक यात्रा के दौरान 'इंडिया-यूएस डिफेंस एक्सीलरेशन इकोसिस्टम' (इंडस-एक्स) की शुरुआत की थी।

**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड
अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना (7th Call)
PR No. 314104 Dated 22.12.2023

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या:- 13/2024-25 दिनांक :- 25.06.24

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-SRK-09 / 2023-24 | गम्हरिया | 1 | कम्पानगर सीमा से रेयारदा भाया बढ़ामारी सुखपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–4.800 कि०मी०) | 1321.737 | तेरह करोड़ इक्कीस लाख सैंतीस हजार सात सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | गम्हरिया | 2 | आदित्यपुर कान्ड्रा पथ रापचा से चम्पानगर भाया बढ़ामारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–4.900 कि०मी०) | | | |
| | | गम्हरिया | 3 | बिकानीपुर से मनोहरपुर भाया मधुबनोड़ा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 6.300 कि०मी०) | | | |
| | | गम्हरिया | 4 | रायपुर से गिधिबेड़ा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.800 कि०मी०) | | | |
| | | गम्हरिया | 5 | मुल्लीकुदर से मोहनपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.022 कि०मी०) | | | |
| | | गम्हरिया | 6 | मुड़िया से हाथीटांड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–1.410 कि०मी०) | | | |
| | | गम्हरिया | 7 | शोभापुर से पोगलोडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.220 कि०मी०) | | | |
| | | गम्हरिया | 8 | सिलिंग मोड़ा से कमलपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०–2.000 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–02.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 11.07.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–12.07.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ...............

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

अभियंता प्रमुख
PR 327702 Rural Work Department(24-25)D ग्रामीण कार्य विभाग–सह– जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

**MANAPPURAM FINANCE LTD.**
CIN: L65910KL1992PLC006623, Registered Office: W-4/638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**नीलामी सूचना**

[illegible]

गिरवियों की सूची :
धमतरी, बस्तर रोड धमतरी, 134150700011557, 1590, 134150730013267, 3278, 3311, 3312, 3323, 3324, 3356, 3389, 3390, सदर बाजार धमतरी, 131990700011039, 131990730007138, 7139, 7140, 7159, 7160, दुर्ग, ... 134110700017880, 7886, 7874, 7891, 7915, 7929, 7931, 7940, 7957, 7958, 7968, 7971, 7981, 8018, 8070, 8939, 134110730024254, 4286, 4287, 4288, 4289, 4300, 4313, 4314, 4315, 4316, 4317, 4327, 4338, 4341, 4349, 4351, 4362, 4381, 4382, 4400, 4410, 4411, 4432, 4437, 4439, 4440, 4463, 4488, 4506, 4508, 4569, 4610, 4628, ... 115880700024595, 4625, 4637, 4643, 4716, 4717, 115880730028906, 8907, 8922, 8923, 8924, 8925, 8926, 8927, 8928, 8929, 8951, 8952, 8958, 8986, 8987, 8988, 9055, 9059, 9060, 9106, 9109, 9110, 9113, 9215, ... 112310700023592, 3600, 3637, 3727, 112310730039598, 9599, 9619, 9636, 9680, 9728, 9738, 9740, 9754, 9758, 9774, 9819, 9870, 9889, 9942, ... 125930700023079, 3084, 3158, 125930730019890, 9913, 9914, 9922, 9930, 9931, 9932, 9933, 9935, 125930730020113, 0164, ... 116770700015176, 5225, 5229, 5250, 5271, 116770730016289, 6316, 6499, 6515, 6519, 6526, 6527, ... 116610700016813, 6887, 6919, 116610730030099, 0100, [illegible]

... रायपुर, 128700700017652, 7655, 7658, 7659, 7683, 7724, 128700730018992, 9036, 9038, 9046, 9080, ... रायपुर, 114140700021289, 1274, 1292, 1316, 1327, 1342, 1420, 1427, 114140730018922, 9028, 9029, 9033, 9034, 9036, 9051, 9052, 9063, 9082, ... 134460700010426, 0488, 0495, 134460730007971, 7991, 8139, 8153, 8154, ... रायपुर, 131480700019639, 9549, 9563, 9670, 9684, 9685, 9691, 131480730023996, 4013, 4091, 4123, 4128, 4132, 4147, 4149, 4150, 4151, 4158, 4186, 4199, 4211, 4214, 4230, 4238, 4239, 4240, 4245, 4247, 4249, 4257, 4269, 4288, 4292, 4293, 4294, 4295, 4307, 4309, 4311, 4332, 4356, 4359, 4383, 4412, 4423, 131480780000157, 0165, ... रायपुर, 123840700025788, 5794, 5799, 5800, 5801, 5822, 5830, 5840, 5841, 5934, 5941, 5960, 123840730022077, 2102, 2105, 2120, 2127, 2129, 2148, 2159, 2178, 2186, 2190, 2191, 2194, 2210, 2217, 2244, 2259, 2273, 2279, 2287, 2304, 2319, 2386, 2406, 2415, 2442, 2469, ... 133670700011130, 1189, 133670730082882, 3068, 3071, 3133, 3155, 3200, 3314, 3438, ... 133880700017330, 7351, 7369, 7379, 7392, 7410, 7457, 7483, 133880730038778, 8880, 8885, 8990, 8991, 8992, 9087, 9111, 9123, 9170, 133880780000081, ... रायपुर, 600114140000001,

[illegible] अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें।


अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फाइनेंस लि. हेतु

# सेंसेक्स और निफ्टी नए शिखर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एशियाई बाजारों में तेजी के रुख और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को नई ऊंचाई पर पहुंच गए।

दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर बंद हुए। इस दौरान निवेशकों की पूंजी में कुल 2.53 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 620.73 अंक यानी 0.80 प्रतिशत चढ़कर 78,674.25 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।कारोबार के दौरान एक समय यह 705.88 अंक बढ़कर 78,759.40 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।



- शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी
- रिलायंस खरीदारी से नई ऊंचाई पर पहुंचा

*इन शेयरों में रही घट-बढ़: सेंसेक्स की कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी और बजाज फाइनेंस के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। दूसरी तरफ महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर नुकसान में रहे।*

*रिलायंस चार प्रतिशत चढ़ा : शेयर बाजारों के रिकॉर्ड बनाने के सिलसिले के बीच बुधवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर चार प्रतिशत चढ़ गया। इससे कंपनी का बाजार मूल्यांकन 20 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। बाजार की दिग्गज कंपनी का शेयर बीएसई में 4.09 प्रतिशत बढ़कर 3,027.40 रुपये पर बंद हुआ।*

## ब्राजील में बजाज ऑटो का विनिर्माण संयंत्र शुरू

**मुंबई।** बजाज ऑटो ने ब्राजील में एक नई उत्पादन सुविधा के उद्घाटन की बुधवार को घोषणा की। बजाज ऑटो लिमिटेड की ओर से जारी बयान के अनुसार, संयंत्र पूर्वोत्तर शहर मनौस (ब्राजील) में 9,600 वर्ग मीटर क्षेत्र में स्थापित किया गया है। यह इंजन तथा वाहन असेंबली के साथ-साथ परीक्षण सुविधाओं से लैस है। इस संयंत्र में एक पाली में प्रति वर्ष 20,000 इकाइयों का उत्पादन करने की क्षमता है। बजाज ऑटो ने पिछले वर्ष जून में इस नए विनिर्माण संयंत्र पर काम शुरू किया था।

- एनडीए सरकार 28 जून को निवेशकों को दे सकती है सौगात

# पीपीएफ, सुकन्या समृद्धि समेत बचत योजनाओं की ब्याज दरों में वृद्धि संभव!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीपीएफ और दूसरी छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार निवेशकों को सौगात दे सकती है। 28 जून, 2024 को वित्त मंत्रालय वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही जुलाई से सितंबर के लिए सरकारी बचत योजनाओं के ब्याज दरों की समीक्षा कर एलान करेगी।

छोटी बचत योजनाओं पर पहली तिमाही में वहीं ब्याज दिया गया जो वित्त वर्ष 2023-24 की चौथाई तिमाही में दिया गया। तब देश में लोकसभा चुनावों के चलते आचार संहिता लगा हुआ था। लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनी है। ऐसे में वो निवेशक जो इन योजनाओं में अपनी गाढ़ी कमाई निवेश करते हैं उन्हें सरकार तोहफा दे सकती है

## दूसरे सेविंग योजनाओं पर ब्याज दरें बढ़ी

केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही से ही पब्लिक प्रॉविडेंट फंड के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। पीपीएफ पर निवेशकों को 7.1 फीसदी ब्याज दिया जा रहा है। जबसे डिपॉजिट्स पर ब्याज दरें बढ़ने का सिलसिला शुरू हुआ है तब से सरकार ने सभी छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। इसके अलावा सेविंग डिपॉजिट पर 4 फीसदी, 1 साल की अवधि वाले डिपॉजिट पर 6.9 फीसदी, 2 साल के टाइम डिपॉजिट पर 7 फीसदी, 5 साल के डिपॉजिट पर 7.5 फीसदी ब्याज और 5 साल के रेकरिंग डिपॉजिट पर 6.7 फीसदी ब्याज दिया जा रहा है।

## वेदांता रिसोर्सेज भारतीय इकाई में 2.6 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी

**नई दिल्ली।** वेदांता रिसोर्सेज ने बुधवार को कहा कि वह कर्ज में कटौती और अपनी विस्तार योजनाओं का समर्थन करने के लिए मुंबई में सूचीबद्ध खनन समूह में 2.6 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी। वेदांता रिसोर्सेज अपनी इकाई फिनसाइडर इंटरनेशनल के माध्यम से हिस्सेदारी की बिक्री करेगी। इसके पास वेदांता लिमिटेड में 2.63 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वीआरएल) की अनुषंगी फिनसाइडर इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड ने मंगलवार शाम अपने एक बैंक की तरफ से आए प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, जिसमें प्रतिष्ठित संस्थागत निवेशकों के एक समूह को वेदांता लिमिटेड में 2.6 प्रतिशत शेयरधारिता बेचने की बात कही गई है। इस शेयर बिक्री से अर्जित राशि से कंपनी अपने बकाया कर्ज का पुनर्भुगतान करेगी। इस तरह वेदांता रिसोर्सेज चालू वित्त वर्ष में अपने कुल कर्ज में 65 करोड़ डॉलर से अधिक की कटौती कर सकेगी। शेयर बाजार के आंकड़ों से पता चलता है कि एक थोक सौदे में वेदांता लिमिटेड के 18.5 करोड़ शेयरों का लेनदेन हुआ है। यह लेनदेन 440 रुपये प्रति शेयर की औसत कीमत पर हुआ है जिससे कुल सौदे का मूल्य 7,967.8 करोड़ रुपये हो सकता है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**
निविदा आमंत्रण सूचना

क्र.04/न.पा.नि./जोन क्रमांक-7/लो.नि.वि./2024-25 दिनांक 26/06/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल फार्म–A में दिनांक 18/07/2024 को सायं 04:30 बजे तक स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाखों में) |
|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 53 सूर्यवंशी मोहल्ला स्थित सामुदायिक भवन में संधारण एवं विकास कार्य। | 06.00 |
| 2 | वार्ड क्र. 49 शा.उ.माध्य. शाला बहतराई में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 07.63 |

नगर निगम के विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

जोन आयुक्त, जोन क्रमांक–7
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।

**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय, राजनांदगांव (छ.ग.)

3778 24/06/24

**निविदा आमंत्रण सूचना**

भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.) मे लगने वाले औषधियों के क्रय हेतु निर्माता कम्पनी अथवा उनके अधिकृत विक्रेता फर्म से मुहरबंद निविदायें पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड कोरियर के माध्यम से उल्लेखित तिथि अनुसार आमंत्रित किया जाता है, जिसका नियम / शर्तो एवं औषधियों की सूची का अवलोकन कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 10.00 बजे से शाम 05.00 बजे तक भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.) के मुख्य भण्डार से किया जा सकता है।

01. निविदा प्रपत्र मुल्य - रू. 1000/- (वापसी अयोग्य)।
02. निविदा प्रपत्र विक्रय की प्रारंभिक तिथि - 01.07.2024 सुबह 10.00 बजे से ।
03. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 15.07.2024 शाम 05.00 बजे तक ।
04. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 30.07.2024 अपरान्ह 03:00 बजे तक।
05. निविदा खोले जाने की तिथि - 30.07.2024 सायं 04:00 बजे ।

भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक. 26 में ।

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
भारत रत्न. स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.)

G-242500615/2

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, महानदी मण्डल, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

**शुद्धि पत्र क्र. - 02**

इस कार्यालय द्वारा जारी सिस्टम निविदा क्रमाक 154102 / निविदा सूचना क्रमांक 07/ई-प्रोक्युरमेंट/2023-24, तिल्दा दिनांक 13/03/2024 (प्रथम आमंत्रण), जिसका जी.नं. 08539 है, में पी. क्यू. डाक्यूमेन्ट आवश्यक होने के कारण अपलोड किया जाता है।

**टीप:** निविदा की अन्य शर्तें यथाबत रहेंगीं ।

कार्यपालन अभियंता
म.ज.प. डिसनेट संभाग क्र. 3, तिल्दा - नेवरा
कृते, अधीक्षण अभियंता महानदी मण्डल, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

G-242500592/2

**छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर**
**आबकारी भवन, छोकरानाला, लभाण्डी, रायपुर, छत्तीसगढ़**

निविदा विज्ञप्ति क्र. / 524 रायपुर, दिनांक 25.06.2024

**-: निविदा :-**

छत्तीसगढ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड, आबकारी भवन, छोकरानाला, लभाण्डी, रायपुर के सामने निर्मित गार्डन के साफ-सफाई व रख रखाव हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है। निविदा आवेदन पत्र एवं शर्ते राशि रुपये 2,360 / - (जी.एस.टी. सहित) के डिमांड ड्राफ्ट "छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर" के नाम से जमा कर, दिनांक 27/06/2024 से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है, एवं निविदा का आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25/07/2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक व निविदाएं उसी दिन समय 4.00 बजे निगम कार्यालय में अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जायेगें ।

महाप्रबंधक
छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर

S- 40572/1

**छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग**
**दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जगदलपुर वृत्त के अन्तर्गत दन्तेवाड़ा काष्ठागार में नीचे दर्शाये अनुसार ईमारती नये/पुराने काष्ठ का नीलाम किया जावेगा।

1. नीलाम दिनांक - 01-07-2024
2. नीलाम स्थल का नाम - काष्ठागार दन्तेवाड़ा (आंवराभाठा)
3. डिपो का नाम जहां वनोपज रखी गई है - दन्तेवाड़ा आंवराभाठा दन्तेवाड़ा
4. नीलाम समय - 10:00 बजे पूर्वान्ह से

| प्रजाति | नयी काष्ठ | | | पुरानी काष्ठ | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | नग | घ.मी. | बल्ली, डेंगरी | नग | घ.मी. | बल्ली, डेंगरी |
| सागौन | 262 | 36.128 | 6 | 1882 | 197.747 | 128/235 |
| साल | 840 | 116.788 | 8 | 846 | 84.624 | 11/13 |
| बीजा | 52 | 6.773 | 0 | 268 | 34.994 | 2/2 |
| साजा | 48 | 5.968 | 0 | 65 | 6.152 | 5/2 |
| हल्दू | 0 | 0.000 | 0 | 23 | 2.835 | 4/12 |
| धावड़ा | 4 | 0.563 | 0 | 30 | 2.279 | 14 |
| सिवना | 0 | 0.000 | 0 | 3 | 0.152 | 0 |
| तिन्सा | 0 | 0.000 | 0 | 4 | 0.278 | 0 |
| नीलगिरी | 0 | 0.000 | 0 | 16 | 1.426 | 3/4 |
| अन्य | 93 | 13.191 | 0 | 227 | 28.569 | 196 |
| योग- | 1299 | 179.411 | 14 | 3364 | 359.056 | 363/268 |

इच्छुक व्यापारी नीलाम में भाग लेने के पूर्व नीलाम शर्ते एवं विस्तृत जानकारियॉ अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन दिवस में प्राप्त कर सकते हैं। कृपया बोली लगाने के पूर्व नीलाम में रखी गई नये / पुराने ईमारती काष्ठ का श्रेणी को भली-भांति देख लेवें। वर्ष 2024 का व्यापार पंजीयन प्रमाण-पत्र एवं फर्म का पेन नम्बर / जी.एस.टी. नम्बर की प्रति नीलाम के दिन सत्यंकार राशि का भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक, बडौदा बैंक, देना बैंक, एक्सिस बैंक, सेन्ट्रल बैंक, चेक के साथ अनिवार्य रूप से सत्यंकार कक्ष में प्रस्तुत करना होगा ।

नीलाम में बोली लगाने के पूर्व सत्यंकार राशि जो एक हजार से कम नहीं होगी सत्यंकार अधिकारी के पास जमा करना अनिवार्य है ।

वनमंडलाधिकारी
दंतेवाड़ा वनमंडल, दंतेवाड़ा

G- 242500597/2

टी20 क्रिकेट विश्व कप : सेमीफाइनल मुकाबलों में आज बारिश के आसार

# भारत के सामने नॉकआउट की पहेली इंग्लैंड से बदला चुकता करने का मौका

भारत ने 11 साल से नहीं जीती है आईसीसी की कोई ट्राफी

एजेंसी ▶▶| जॉर्जटाउन

आक्रामक बल्लेबाजी रवैए के साथ भारत गुरुवार को यहां टी20 क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में जब गत चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ेगा तो एक दशक से अधिक समय से नॉकआउट चरण में हार के सिलसिले को तोड़ने की कोशिश करेगा। पिछली बार जब ये दोनों टीमें इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भिड़ी थी तो इंग्लैंड ने भारत को 2022 में 10 विकेट से रौंद दिया था। एडिलेड में 10 विकेट की करारी हार के बाद से भारत शीर्ष क्रम में अपने रूढ़िवादी रवैए को छोड़ने में सफल रहा और इस प्रतियोगिता में अब तक अजेय रहा है।

प्रोविडेंस स्टेडियम में संभावित परिस्थितियों को देखते हुए कागजों पर रोहित शर्मा और उनकी टीम मजबूत नजर आती है और बदला चुकता करने के लिए तैयार दिखती है। स्पिनरों ने शुरुआती मैच से ही यहां गेंदबाजी का आनंद लिया है और भारत के कुलदीप यादव और इंग्लैंड के आदिल राशिद जैसे खिलाड़ी नॉकआउट मुकाबले में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए बेताब होंगे। तेज गेंदबाजों को भी इस मैदान पर सफलता मिली है। दिलचस्प बात यह है कि आठ जून के बाद से यहां कोई मैच नहीं खेला गया है। उस दिन वेस्टइंडीज ने युगांडा के खिलाफ आसान जीत दर्ज की थी। इससे क्यूरेटर को इस हाई प्रोफाइल मैच के लिए उपयुक्त पिच तैयार करने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया।




### 17 साल से खिताब का सूखा

भारतीय टीम ने आखिरी बार 2007 में टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया था। टूर्नामेंट के डेब्यू सीजन में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को 5 रन से हराया था। रोहित शर्मा भी इस विजेता टीम का हिस्सा थे। ऐसे में अब रोहित की नजर 17 साल का सूखा खत्म करने पर है। दूसरी ओर भारत ने 11 साल से आईसीसी की कोई ट्राफी नहीं जीती है। भारतीय टीम ने आखिरी बार 2013 में चैंपियंस ट्राफी जीती थी।

### मैच रद्द होने पर भारत खेलेगा फाइनल


अगर बारिश के कारण टी20 विश्व कप 2024 में भारत बनाम इंग्लैंड का दूसरा सेमीफाइनल मैच धुल जाता है तो भारतीय टीम को फायदा होगा। दरअसल, भारत ने ग्रुप स्टेज और सुपर-8 में अपने सभी मैच जीते हैं। सुपर-8 में भारत ने अपने तीनों मैचों में जीत दर्ज की है। उनके खाते में छह अंक हैं जबकि इंग्लैंड के खाते में चार अंक हैं। इस आधार पर भारत फाइनल के लिए आसानी से क्वालिफाई कर लेगी।


### मैच पर बारिश का साया



भारत बनाम इंग्लैंड मैच पर बारिश का साया मंडरा रहा है। मौसम रिपोर्ट के अनुसार, गयाना में सुबह 70 प्रतिशत बारिश की संभावना है। वहीं, तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। इस मुकाबले की विजेता टीम फाइनल में प्रवेश कर लेगी। हालांकि, मैच के दिन बारिश और आंधी-तूफान की संभावना जताई गई है। ऐसे में यह मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ सकता है।

## द.अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच होगी ऐतिहासिक जंग





**तारोबा।** टूर्नामेंट में इतिहास रचने वाले अफगानिस्तान का सामना टी20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में गुरुवार को यहां जब सदाबहार दक्षिण अफ्रीका से होगा तो यह मुकाबला परिणाम के बावजूद ऐतिहासिक होगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने टूर्नामेंट में अपने सातों मैच जीते हैं लेकिन इस आईसीसी प्रतियोगिता का आकर्षण अफगानिस्तान रहा है। टीम अपने देश में युद्ध की तबाही से ऊपर उठी और संघर्ष के जज्बे की बदौलत 2021 के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को भी शिकस्त दी जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं हराया था। अफगानिस्तान इससे पहले कभी विश्व कप सेमीफाइनल में नहीं खेला और दक्षिण अफ्रीका को हराने के लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका के घाव भी गहरे हैं लेकिन वे विशुद्ध रूप से क्रिकेट से जुड़े हैं। अतीत में दक्षिण अफ्रीका ने कुछ मजबूत टीमें तैयार की लेकिन 1991 में विश्व क्रिकेट में पुनः प्रवेश के बाद से कभी भी टी20 या 50 ओवर के विश्व कप के खिताबी दौर में प्रवेश नहीं कर पाया।

यूरो 2024

## गोलरहित ड्रॉ के साथ इंग्लैंड और स्लोवेनिया नॉकआउट में



एजेंसी ▶▶| कोलोन

इंग्लैंड ने यहां स्लोवेनिया के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेलकर ग्रुप सी के विजेता के रूप में यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। मंगलवार को कोलोन स्टेडियम में हुआ मुकाबला ड्रॉ खेलकर स्लोवेनिया की टीम भी अगले दौर में प्रवेश करने में सफल रही जबकि क्रोएशिया टूर्नामेंट से बाहर हो गया। इंग्लैंड और स्लोवेनिया के बीच हुए मुकाबले में गोल करने में काफी अधिक मौके नहीं बने। इंग्लैंड के स्थानापन्न खिलाड़ी कोल पाल्मर के पास हालांकि इंजरी टाइम में टीम के जीत दिलाने का मौक था लेकिन उनके शॉट को स्लोवेनिया के गोलकीपर यान ओबलाक ने रोक दिया। इंग्लैंड की टीम प्री क्वार्टर फाइनल में तीसरे स्थान पर रहने वाली एक टीम से भिड़ेगी। ग्रुप डी में काइलियान एमबाप्पे ऑस्ट्रिया के खिलाफ पहले मैच में नाक में फ्रेक्चर के बाद मास्क लगाकर खेलने उतरे और उन्होंने गोल भी दागा लेकिन इसके बावजूद फ्रांस को पोलैंड ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया।

### अर्जेन्टीना ने चिली को 1-0 से हराया

**ईस्ट रदरफोर्ड।** लॉटेरो मार्टिनेज ने 88वें मिनट में रिबाउंड पर गोल दागा जिससे गत चैंपियन अर्जेंटीना ने चिली पर 1-0 की जीत के साथ कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। मार्टिनेज का राष्ट्रीय टीम के लिए यह 26वां गोल है। अर्जेंटीना छह अंकों के साथ ग्रुप ए में सबसे आगे है।

### 1-0 से जीता कनाडा

**कन्सास सिटी।** जोनाथन डेविड के 74वें मिनट में दागे गोल की मदद से कनाडा ने कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट में पेरू को 1-0 से हरा दिया। कनाडा की 24 वर्षों में अपने दक्षिण अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ यह पहली जीत है। डेविड का यह कनाडा के लिए 27वां गोल है।

खबर संक्षेप

### जर्मनी में अभ्यास करेंगे पांच भारतीय मुक्केबाज



**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल को छोड़कर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पांच अन्य भारतीय मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक से पहले जर्मनी में एक महीने तक चलने वाले अभ्यास शिविर में भाग लेंगे। यह अभ्यास शिविर 28 जून से शुरू होगा जिसमें विश्व चैंपियन निकहत जरीन (50 किग्रा) और टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) सहित पांच भारतीय मुक्केबाज आयरलैंड, अमेरिका, मंगोलिया, जर्मनी और डेनमार्क की राष्ट्रीय टीमों के साथ जर्मनी के सारब्रुकेन के ओलंपिक केंद्र में अभ्यास करेंगे।

FORM NO.
[See Regulation 33(2)]
OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
79/72, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur- 482001 (M.P.)
NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993.
RC/233/2022 13.05.2024
IDBI BANK
Versus
OM PRAKASH PATEL
To,
(CD1) OM PRAKASH PATEL
HN 207, DANIYA BORI, TEH- DHAMDHA, DURG (C.G.)- 491001
(CD2) JIVADHAR PATEL S/O SHRI DHAL SINGH PATEL
H. NO. 207, DANIYA BORI, NISHAD PARA, TEH-DHAMDHA, DURG (CG)- 491001
Whereas you the OM PRAKASH PATEL was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated 29/12/2022 in OA/1/2020 to pay to the Applicant Bank(s) / Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of Rs. 2173288 (Rupees Twenty One Lakhs Seventy Three Thousands Two Hundred Eighty Eight Only) along with pendentelite and future interest @ 10.25 % w.e.f. 31/12/2019 till realization and costs of Rs 24000 (Rupees Twenty Four Thousands Only), and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable/ Immoveable property.
2. You are hereby informed that the 24/07/2024 at 10.30 A.M. has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.
Specification of property-
Agriculture Land bearing Khasra No.- 371/1, area admeasuring 2.59 hectare or 6.40 Acre, situated at Village- Daniya, PC No.-26, RIC Dhamdha Block & Tehsil- Dhamdha, District- Durg (C.G.); Property in the name of Shri Om Prakash Patel S/o Shri Dhal Singh Patel.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 13/05/2024
SEAL
Recovery Officer
DRT, Jabalpur

## ओलंपिक : हरमनप्रीत सिंह को भारतीय हॉकी टीम की कमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




हॉकी इंडिया ने अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए बुधवार को 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें हरमनप्रीत सिंह को कप्तान और हार्दिक सिंह को उप कप्तान बनाया गया।

टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को गत चैम्पियन बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। पूल अंक तालिका में शीर्ष चार में रहने वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। भारतीय खिलाड़ी इस समय बेंगलुरु के साई केंद्र में राष्ट्रीय शिविर में ओलंपिक की तैयारी में व्यस्त हैं। अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश और मिडफील्डर मनप्रीत सिंह चौथी बार ओलंपिक में भाग लेंगे जबकि कप्तान हरमनप्रीत का यह तीसरा ओलंपिक होगा।

### टीम इस प्रकार

**गोलकीपर :** पी आर श्रीजेश
**डिफेंडर :** जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय
**मिडफील्डर:** राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद
**फॉरवर्ड:** अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मंदीप सिंह, गुरजंत सिंह
**वैकल्पिक खिलाड़ी :** नीलकांत शर्मा, जुगराज सिंह, कृष्ण बहादुर पाठक ।

## जूडोका तूलिका ने हासिल किया ओलंपिक कोटा



**नई दिल्ली।** तूलिका मान ओलंपिक में जगह बनाने को लेकर सुनिश्चित नहीं थी लेकिन अब पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने के बाद इस भारतीय जूडो खिलाड़ी को पदक जीतने की उम्मीद है और उन्होंने कम से कम कांस्य पदक के प्ले ऑफ में जगह बनाने को लक्ष्य बनाया है। राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता 25 साल की तूलिका ने मंगलवार को 78 किग्रा से अधिक वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए महाद्वीपीय कोटा हासिल किया। तूलिका ने साइ मीडिया से कहा, 'जूडो हमेशा से ही हैरान करने वाली चीजों से भरा रहा है और कोई नहीं जानता कि कब क्या हो जाए। इसलिए कोई नहीं जानता कि उस दिन क्या होगा। देखिए कैसे मैंने पेरिस ओलंपिक में जगह बनाई। लेकिन अपनी ट्रेनिंग को देखते हुए मुझे उम्मीद है कि अगर मैं फाइनल में जगह नहीं भी बना पाई तो कम से कम कांस्य पदक के मुकाबले में पहुंचूंगी। हम स्वर्ण पदक के लिए ट्रेनिंग कर रहे हैं।'

### पीजीटीआई के अध्यक्ष बने कपिल देव



**नई दिल्ली।** भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे कपिल देव ने भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर के नए अध्यक्ष का पद संभाल लिया है। यह पद इस प्रतिष्ठित पूर्व क्रिकेटर के लिए एक नई शुरुआत है जिन्होंने एमेच्योर गोल्फ खिलाड़ी के रूप में भी शानदार प्रदर्शन किया है। पैंसठ वर्षीय कपिल पहले से ही उपाध्यक्ष के रूप में पीजीटीआई बोर्ड के सदस्य थे। उन्हें सर्वसम्मति से चुना गया। वह एचआर श्रीनिवासन की जगह लेंगे जिनका कार्यकाल समाप्त हो गया है। कपिल को एक अच्छे गोल्फ खिलाड़ी के रूप में जाना जाता है।

### भारत में बनेंगे 100 पिकलबॉल कोर्ट

**मुंबई।** पिकलबॉल खेल को बढ़ावा देने के लिए अगले दो साल में अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ से मान्यता प्राप्त 100 कोर्ट बनाए जाएंगे। एआईपीए और पूर्व भारतीय क्रिकेटर और राष्ट्रीय चयनकर्ता जतिन परांजपे द्वारा स्थापित डिजिटल प्लेटफॉर्म 'खेलोमोर' के बीच घोषित साझेदारी के अंतर्गत इन कोर्ट को बनाने के लिए पांच करोड़ रुपए की राशि का निवेश किया जाएगा। परांजपे ने कहा, 'एआईपीएल पिकलबॉल के लिए वही है जो भारतीय क्रिकेट के लिए बीसीसीआई है।

## सूर्यकुमार को पछाड़कर नंबर एक टी20 बल्लेबाज बने हेड




एजेंसी ▶▶| दुबई

ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। सूर्यकुमार यादव दिसंबर 2023 से शीर्ष पर थे। हेड ने मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत नंबर एक रैंकिंग हासिल की। हेड ने टूर्नामेंट में दो अर्धशतक की मदद से 255 रन बनाए जिसमें सुपर आठ मुकाबले में भारत के खिलाफ 76 रन की पारी भी शामिल है।

हेड सूर्यकुमार (842 अंक) से दो अंक आगे हैं। सूर्यकुमार दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं लेकिन उनके पास दोबारा नंबर एक रैंकिंग हासिल करने का मौका है क्योंकि भारत टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना चुका है और इस बल्लेबाज को और मौके मिलेंगे। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह 44 स्थान की लंबी छलांग के साथ 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि स्पिनर कुलदीप यादव भी 20 स्थान के फायदे से 11वें पायदान पर हैं। स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल आठवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय गेंदबाज हैं।

## रॉबिन्सन ने एक ओवर में दिए शर्मनाक 43 रन



**ब्राइटन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन ने बुधवार को काउंटी चैम्पियनशिप मैच में 43 रन लुटाकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट इतिहास में दूसरा सबसे महंगा ओवर फेंकने का अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। दाएं हाथ के गेंदबाज रॉबिन्सन (30 वर्ष) ने इंग्लैंड के लिए 2021 में पदार्पण के बाद 20 टेस्ट खेले हैं। उन्होंने होव में यहां ससेक्स के लिए खेलते हुए लीसेस्टरशर के खिलाफ डिवीजन दो मैच में अपना ओवर पूरा करने के लिए कुल नौ गेंद फेंकी जिन पर 43 रन बने। लीसेस्टरशर के लुईस किम्बर ने रॉबिन्सन पर पांच छक्के (तीन नोबॉल पर लगे), तीन चौके और एक रन से 43 रन बनाए। रॉबिन्सन अपने 13वें ओवर में 6, नोबॉल पर 6, 4, 6, 4, नोबॉल पर 6, 4, नोबॉल पर 6 और एक रन दिए। प्रथम श्रेणी क्रिकेट के इतिहास में सबसे महंगा ओवर 1990 में डाला गया था। वेलिंगटन और कैंटरबरी के बीच शेल ट्रॉफी मैच के दौरान न्यूजीलैंड के पूर्व ऑफ ब्रेक गेंदबाज वर्ट वांस ने 77 रन लुटाए थे जिन्होंने उस ओवर में 17 नोबॉल फेंकी थीं।

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)
सूचना
क्रमांक/2620/रीडर-कले./2024 राजनांदगांव, दिनांक-19/06/2024
प्रति,
1. श्री विनोद जैन आ. स्व.श्री अघोराज जैन
2. श्रीमती चेतनबाला जैन ध.प. श्री विनोद कुमार जैन
दोनो निवासी- ग्राम कोहका, पोस्ट टप्पा, तहसील डोंगरगांव, जिला- राजनांदगांव
विषय-आवेदन पत्र अंतर्गत प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 के तहत् बंधक संपत्ति का भौतिक आधिपत्य दिलाये जाने बाबत्।
उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा - रंगी कॉम्पलेक्स, स्टेशन रोड, राजनांदगांव द्वारा प्रस्तुत आवेदन जिसमें उनके द्वारा आपके स्वामित्व की बंधक संपत्ति - ग्राम कोहका, प. ह. नं. 07, रा.नि.मं. तुमड़ीबोड, तहसील डोंगरगांव, खसरा नं. 136/1 कुल क्षेत्रफल 860.00 वर्गफीट का भौतिक कब्जा पुलिस की सहायता से प्राप्त किये जाने बाबत् मांग किया गया है, जिस पर दिनांक 08.07.2024 को प्रातः 11:30 बजे से इस न्यायालय में सुनवाई नियत है।
उक्त प्रकरण में आपकी उपस्थिति एवं जवाब अपेक्षित है। अतः उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
अतः सूचनार्थ।
(मुहर)
जिला दण्डाधिकारी
राजनांदगांव (छ.ग.)

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Makeover
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरवा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553

उपलब्ध विशेषताएं
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133





# यूरोप के सबसे सुंदर देशों में से एक, बना दुनिया का सबसे खुशहाल देश

**वियना।** नई रिसर्च में यूरोप के सबसे खूबसूरत देशों में से एक कहे जाने वाले ऑस्ट्रिया को दुनिया का सबसे खुशहाल देश करार दिया गया है। यह हैरानी वाला नतीजा इसलिए भी है कि अब तक सालों से, यहां तक कि इस साल भी दुनिया का सबसे खुशहाल देश फिनलैंड माना जाता रहा है। लेकिन, इस शोध में ऑस्ट्रिया को सुरक्षा, औसत वेतन और क्वालिटी ऑफ लाइफ के आधार पर ये दर्जा मिला है। अगर आपसे पूछा जाए कि दुनिया का सबसे खुशहाल देश कौन सा है तो आप फिनलैंड का नाम लेंगे। जी हां! यह सही भी है, क्योंकि साल 2024 की वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट के मुताबिक इसी देश का नाम है। लेकिन एक रिसर्च में नतीजे कुछ और ही मिले हैं और इसमें जिस देश का नाम सबसे ज्यादा खुशहाल देश के तौर पर सामने आया है, वह फिनलैंड बल्कि यूरोप का सबसे खूबसूरत कहा जाने वाला देश ऑस्ट्रिया है।



### 10 में से 7.26 का खुशी स्कोर

ये चौंकाने वाले नतीजे कैसीनो डॉट कॉम के हाल ही में वैश्विक आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर किए गए शोध में हासिल किए गए हैं। इसमें औसत वेतन, बेरोजगारी दर, अपराध दर, धूप के घंटे और रिटायर होने की औसत आयु पर ध्यान दिया गया था। इसी में ऑस्ट्रिया को संभावित 10 में से 7.26 का खुशी स्कोर मिला, जिससे वह पहले स्थान पर आ गया। ऑस्ट्रिया को जीवन की गुणवत्ता, औसत वेतन और सुरक्षा जैसे कारकों के आधार पर दुनिया का सबसे खुशहाल देश माना गया है। यह यह देश ऊंचे पहाड़ों और चमचमाती झीलों के हैरतअंगेज नाजारों के लिए मशहूर है। जमीन से घिरा यह देश यूरोप के बीच में है जहां राजधानी विएना जैसे कई आकर्षक शहर और अल्पबाक जैसे गांव भी हैं।




### वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2024

हैरानी की बात यह है कि यह शोध वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2024 से थोड़ा अलग है, जिसमें फिनलैंड को 'दुनिया का सबसे खुशहाल देश' बताया गया है। हालांकि, आधिकारिक वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2024 के अनुसार ऑस्ट्रिया वैश्विक स्तर पर 14वें सबसे खुशहाल देश के रूप में सामने आया है। कैसीनो डॉट कॉम के शोध में बताया गया है कि ऑस्ट्रिया ने अपने विश्लेषण में मुख्य कारकों में उच्च स्कोर किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऑस्ट्रिया ने सभी क्षेत्रों में अपेक्षाकृत उच्च स्कोर किया है, हमने जिन छह कारकों पर गौर किया उनमें से चार के लिए शीर्ष 10 में स्थान बनाया है। यहां क्वालिटी ऑफ लाइफ बहुत ज्यादा है, औसत वार्षिक वेतन 50,436 पाउंड यानी 53 लाख 64 हजार रुपए है, और सेवानिवृत्ति की आयु 62.5 साल है। वहीं, विजन ऑफ ह्यूमैनिटी ने हाल ही में जारी विश्व शांति सूचकांक के आधार पर ऑस्ट्रिया को दुनिया का पांचवां सबसे शांतिपूर्ण देश भी नामित किया गया है

# अजूबा बैलेंस रॉक! महज चंद इंच पर टिकी ये चट्टान

**नई दिल्ली।** जबलपुर के मदन महल में एक अनोखी चट्टान है। जो एक अजूबा से कम नहीं हैं। जिसे बैलेंस रॉक के नाम से जाना जाता है। इस चट्टान का वजन कई टन में है। लेकिन यह चट्टान महज चंद इंच में ही टिकी हुई है। खास बात यह है कि करीब पांच रिएक्टर के भूकंप के झटके भी इस चट्टान को हिला नहीं पाए। आज भी यह चट्टान उसी जगह में टिकी हुई है। वैज्ञानिकों ने इस रहस्य को सुलझाने का प्रयास किया। लेकिन जवाब सिर्फ यही होता है, यह पत्थर गुरुत्वाकर्षण बल के कारण ही टिका हुआ है।

दरअसल, एमपी के जबलपुर शहर में ग्रेनाइट चट्टानें फेमस है। इसी के रूप में यह चट्टान भी है। यह बैलेंस रॉक मदन महल के नजदीक स्थित है। लिहाजा इसे बैलेंस रॉक को देखने देश-विदेश से लोग आते हैं।



### कई आदमी चढ़ जाए, तब भी नहीं गिरेगी चट्टान

जयंत वर्मा का कहना है यदि बैलेंस रॉक के ऊपर कई आदमी चढ़ भी जाए तब भी बैलेंस रॉक नहीं गिरेगा। यहां तक कि सन 1997 में करीब 5 रिएक्टर का भूकंप आया था, तब भी भूकंप के झटके इस चट्टान को हिला नहीं पाए थे। देशभर में बैलेंस रॉक एक अद्भुत प्रकार की चट्टान है और अजूबा भी है।

### पहले प्राइवेट लैंड पर था, तोड़ने का हुआ था प्रयास

उन्होंने बताया कुछ साल पहले बैलेंस रॉक को तोड़ने का भी प्रयास किया गया था, क्योंकि बैलेंस रॉक प्राइवेट लैंड पर था। जिसको लेकर फोटोग्राफर रजनीकांत ने विरोध भी किया था। लिहाजा, स्वयं एडवोकेट जयंत वर्मा ने हाईकोर्ट में पिटीशन भी लगाई थी। जिसके बाद कोर्ट ने जमीन को पुरातत्व विभाग को सौंप दिया गया और बैलेंस रोग को संरक्षित किया गया।


बाली दुनिया का मशहूर टूरिस्ट डेस्टिनेशन होने के साथ कई तरह खासियतें समेटे हैं। यहां के समुद्री जीवन की विविधता यहां की कुतरती खूबसूरती को अलग ही रंग देती है। यहां के ज्वालामुखी, समुद्री जीवन, और काली रेत के बीच खास आकर्षण तो होते ही हैं, यहां की संस्कृति भी कम अनोखी नहीं है।



# काली रेत के बीच, ज्वालामुखी और खास समुद्री जीवन के लिए मशहूर है ये डेस्टिनेशन

एजेंसी ▸▸ लंदन

अपनी कुदरती खूबसूरती के लिए मशहूर इंडोनेशिया का बाली प्रांत पूरी दुनिया में जाना पहचाना नाम है। कोरल ट्राएंगल में मौजूद इंडोनेशिया का यह प्रांत कई बातों में खास जगह बन जाता है। यहां के समुद्र में मछलियों और कछुओं की विविधता कुछ ज्यादा ही खास है, क्योंकि इस वजह से यह संयुक्त राष्ट्र विरासत स्थलों में शामिल है। आपने बाली में सफेद रेत देखी होगी, लेकिन क्या आपने कभी काली रेत के बारे में सुना है? बाली इंडोनेशिया का एक ज्वालामुखीय हिस्सा है, इसलिए इनमें से बहुत से ज्वालामुखी विस्फोटों के कारण रेत का रंग काला हो गया है।यही वजह है यहां आने वाले बहुत लोग यहां के काली रेत के बीच देखने में खासी रुचि दिखाते हैं। बाली के खास और सबसे बड़े पर्यटक आकर्षणों में से एक यहां का माउंट अगुंग माउंट ज्वालामुखी है। यह पूरे द्वीप पर सबसे ऊंचा स्थान है और अभी भी एक सक्रिय ज्वालामुखी है। यह आखिरी बार 1963-64 में फटा था और इसका प्रभाव अभी भी पहाड़ी के निचले हिस्से पर देखा जा सकता है। ज्वालामुखी में एक विशाल गड्ढा है जो हर समय राख और धूल उगलता रहता है।





### 20,000 से ज़्यादा मंदिर

दुनिया के कम लोग जानते हैं कि इंडोनेशिया के मुस्लिम देश होने के बावजूद, उसका प्रांत बाली हिंदू बहुल इलाका है। यहां 86 फीसदी लोग हिंदू हैं और यही कारण है कि यहां के मंदिर भी यहां की खासियत हैं। यह देवताओं का द्वीप अपने खूबसूरत मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। बाली में अकेले 20,000 से ज़्यादा मंदिर हैं। बाली में अलग ही संस्कृति है जो इसे पूरी दुनिया में बहुत खास बनाती है। यहां तीन भाषाएं बोली जाती हैं। लोग पर्यटकों से बहुत ही अच्छे से पेश आते हैं। यहां शिशुओं का जमीन छूने नहीं दिया जाता है। यहां साल में एक दिन लोग मौन रहते हैं। इस त्यौहार का नाम नेपी है। लोग अपने घरों में रहते हैं। यहां तक कि इस दिन एयरपोर्ट, रेस्तरां आदि तक बंद रहते हैं।

# विवाद के बाद फायरिंग में दो युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

गोली चलाने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 307, 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 6 स्थित ग्लोबल चौक में मंगलवार-बुधवार की रात एक बाइक पर विश्रामपुर निवासी आदित्य सिंह, सुनील यादव, रमनदीप सिंह नशे की हालत में घूम रहे थे।

- भिलाई नगर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

इस दौरान सेक्टर 9 अस्पताल की ओर बाइक मुड़ने पर उनके पीछे एक बाइक सवार आ रहा था। उसने गाली-गलौज देने को लेकर युवकों से भीड़ गया। विवाद होता देख आदित्य, सुनील बाइक से उतर गए। विवाद होता देख अमित जोश ने बंदूक से गोली चलाकर दोनों युवकों को घायल कर फरार हो गया। रमनदीप बाइक को आगे बढ़ा दिया। इस कारण घटना में वह बच गया। खबर लगने पर पुलिस पहुंची और दोनों युवकों को रायपुर स्थित अस्पताल उपचार के लिए भेज दिया। जहां दोनों युवक खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

### मुख्य आरोपी फरार

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मामूली विवाद पर फायरिंग कर युवकों को घायल किया गया है। पुलिस ने दो यशवंत नायडू और अंकुर साहू को गिरफ्तार किया। वहीं घटना का मुख्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश पुलिस जुटी हुई है।




# आईईडी विस्फोट की घटना में शामिल 6 नक्सली गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोंटा

थाना जगरगुण्डा क्षेत्र में पुलिस वाहन को आईईडी विस्फोट करने की घटना में संलिप्त आरोपियों की उपस्थिति की सूचना पर जिला बल एवं 201 वाहिनी कोबरा के संयुक्त पार्टी को 6 नक्सली को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। उक्त नक्सलियों को तीमापुरम एवं टेकलगुड़ेम के मध्य जंगल, पहाड़ी के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया है। पकड़े गए 6 नक्सलियों के नाम तामू भीमा, कोरसा दीपक, भूने कुंजाम ,कोरसा आयतु ,वेट्टी पाण्डू ,कोरसा राजू बताया जा रहा है, जो कि नक्सल संगठन में मिलिशिया के पद पर कार्यरत बताये गए हैं। ज्ञात हो कि उक्त आईइडी विस्फोट की घटना में 201 वाहिनी कोबरा के 2 जवान शहीद हुए थे।

- सभी गिरफ्तार नक्सली थाना जगरगुण्डा क्षेत्र के है निवासी



### गिरफ्तार नक्सलियों से विस्फोटक पदार्थ बरामद

गिरफ्तार किए गए नक्सली तामू भीमा से 225 मीटर इलेक्ट्रिक वायर, 1 स्विच , कोरसा दीपक के कब्जे से 2 डेटोनेटर, 3 पेंसिल सेल, नक्सल साहित्य, भुनेश कुंजाम के कब्जे से 2 नग जिलेटिन रॉड, 2 नग डेटोनेटर, 3 नग पेंसिल सेल, कोरसा आयतू के कब्जे से 3 नग डेटोनेटर, 2 नग जिलेटिन रॉड, 4 नग पेंसिल सेल, वेट्टी पाण्डू के कब्बे से 1 नग हंसिया, 2 नग डेटोनेटर 2 नग जिलेटिन रॉड, 3 नग पेंसिल सेल, नक्सल साहित्य एवं कोरसा राजू के कब्जे से 1 नग तेज धारदार रॉड, 2 नग डेटोनेटर, 2 नग जिलेटिन रॉड, 2 नग पेंसिल सेल बरामद किया गया। उक्त कृत्य विधि विरुद्ध पाये जाने से सभी नक्सलियों के खिलाफ थाना जगरगुण्डा में अपराध क्रमांक 10/2024 धारा 302, 307, 147, 148, 149, भादवि. 25, 27 आर्म्स एक्ट, 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

# 105 साल की महिला ने हासिल की मास्टर्स डिग्री

**न्यूयार्क।** कॉलेज छोड़ने के बाद ही बहुत से लोग कहने लगते हैं कि पढ़ाई की उम्र नहीं है। वहीं, कई लोग नौकरी करते करते तो कई महिलाएं, शादी के बाद या फिर बच्चों की पढ़ाई के साथ ही अपनी पढ़ाई करती हैं। एक महिला ने 80 साल 105 साल की उम्र में अपनी मास्टर डिग्री हासिल की।


अपने परिवार के साथ जीवन को आगे बढ़ाते हुए, जिसमें दो बच्चे, चार पोते और नौ परपोते शामिल हैं, गिन्नी हिसलोप ने दशकों तक वाशिंगटन राज्य में स्कूल और कॉलेज बोर्ड में भी काम किया। इस दौरान, स्टैनफोर्ड ने अपनी थीसिस की आवश्यकता को समाप्त कर दिया, और गिन्नी हिसलोप अंततः स्नातक होने के लिए स्कूल लौट आईं, रविवार, 16 जून को शिक्षा में कला के अपने मास्टर को स्वीकार करने के लिए मंच पर गईं।






### द्वितीय विश्व युद्ध में डिग्री कोर्स रुक गया

अमेरिका के वर्जीनिया गिनी हिसलोप ने स्टैनफोर्ड ग्रेजुएट स्कूल ऑफ एजुकेशन (जीएसई) से 80 साल बाद अपनी मास्टर डिग्री हासिल की है। उन्होंने 1940 के दशक में स्टैनफोर्ड में आवश्यक कक्षाएं ली थीं। यहां तक कि अपना कोर्सवर्क भी पूरा कर लिया था, लेकिन अंतिम मास्टर थीसिस जमा करने से ठीक पहले, द्वितीय विश्व युद्ध छिड़ गया, जिससे उनका डिग्री कोर्स अटक गया। युद्ध शुरू होने की वजह से गिनी के प्रेमी जॉर्ज हिसलोप को युद्ध में सेवा करने के लिए बुलाया गया था। इसके कारण गिन्नी हिसलोप ने उससे शादी करने के लिए स्कूल छोड़ दिया। उसने अंततः युद्ध के प्रयासों में सहायता की और अपने परिवार के पालन-पोषण पर ध्यान लगा दिया।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com